* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

04 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 285


# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा



प्याज की बदबू के कारण एअर इंडिया का विमान लौटा, कोच्चि से शारजाह जा रहा था, 175 यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से भेजा गया






## न्यूज रील्स

### राजीव गौबा को एक साल का सेवा विस्तार, कैबिनेट सचिव बने रहेंगे

नयी दिल्ली। मोदी सरकार में कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को एक साल का कार्यकाल विस्तार मिला है। वह 2024 चुनाव तक इस पद पर रहेंगे। गौबा अभी भी सेवा विस्तार पर ही चल रहे हैं। मोदी सरकार ने गौबा को साल 2019 में भारत का कैबिनेट सचिव बनाया था।

### नूंह-पलवल में दुकानों और धार्मिक स्थलों पर आगजनी

नूंह। हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा के तीसरे दिन भी राज्य के चार जिलों में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। चारों जिलों में पैरामिलिट्री फोर्सेज की 20 कंपनियां तैनात की गयी हैं। हिंसा में मरनेवालों की संख्या बढ़ कर सात हो गयी है। नूंह में बुधवार देर रात कर्फ्यू के दौरान तावडू इलाके में कुछ लोगों ने दो धार्मिक स्थलों पर आगजनी की। पलवल में बुधवार रात तीन दुकानों, दो धार्मिक स्थलों और एक टेंपो में आग लगा दी गयी।

### लैपटॉप, टैबलेट और पीसी के इंपोर्ट पर सरकार की रोक

नयी दिल्ली। भारत सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर के इंपोर्ट पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी कर इस बात की जानकारी दी है। किसी प्रोडक्ट के इंपोर्ट पर बैन लगाने का मतलब है कि विदेशों से उन प्रोडक्ट्स को लाने के लिए लाइसेंस या सरकार की अनुमति जरूरी होगी। इससे सरकार के मेक इन इंडिया प्रोग्राम और लोकल मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### राजस्थान में नाबालिग को भट्ठी में जलाया, गैंगरेप की आशंका

भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाड़ा में 14 साल की नाबालिग को कोयला भट्ठी में जला दिया गया। आशंका जतायी जा रही है कि इससे पहले उसके साथ गैंगरेप भी हुआ था। मामला जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है।

### सीएम की कुर्सी पर बैठे डिप्टी सीएम, विस अध्यक्ष ने स्टीकर हटाया

मुंबई। महाराष्ट्र में मुंबई के नरीमन पॉइंट इलाके में गुरुवार को एक कार्यक्रम में डिप्टी सीएम अजित पवार, सीएम एकनाथ शिंदे की कुर्सी पर बैठ गये। खुद महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शिंदे की कुर्सी से उनके पद का स्टीकर हटाया और अजित को वहां पर बैठाया। अजित की बगावत के बाद महाराष्ट्र में राजनीतिक समीकरण बदल गये हैं।

## विधानसभा का मानसून सत्र : नकल पर नकेल कसने की तैयारी

# झारखंड प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक पास

- विधायकों के आग्रह पर दो संशोधन किये गये
- सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने रखी अपनी बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को सदन से झारखंड प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक 2023 पारित हो गया। इससे पूर्व सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने इस विधेयक पर अपने-अपने विचार रखे। विपक्ष ने इसे हड़बड़ी में लाया हुआ विधेयक बताया और प्रवर समिति को सौंपने की बात कही। सत्ता पक्ष की तरफ से दो संशोधन की बात रखी गयी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने विधेयक पर सरकार का पक्ष रखा। इसके बाद दो संशोधन करते हुए विधेयक को पारित कर दिया गया।

**क्या है विधेयक में :** विधेयक में मूल रूप से राज्य में प्रतियोगिता परीक्षा में होने वाली गड़बड़ी पर नकेल लगाने का प्रावधान किया गया है। इसमें परीक्षार्थी, एजेंसी, परीक्षा लेने वाली संस्था आदि सभी का अलग-अलग दायित्व दिखाया गया है। इसमें किसकी क्या जिम्मेदारी है, कानूनन वह किस दायरे में आयेंगे, इसकी व्याख्या की गयी है। नियम का उल्लंघन करने पर दंड का प्रावधान किया गया है। यह प्रावधान राज्य लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग और भर्ती एजेंसियों द्वारा आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं, राज्य सरकार के लोक उपक्रमों द्वारा आयोजित परीक्षा के अलावा निगमों और निकायों द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं में लागू होगा।

**विधेयक पर पक्ष और विपक्ष का तर्क :** विपक्ष ने विधेयक पर चर्चा के दौरान इसमें कई खामियां गिनायीं और प्रवर समिति को सौंपने की मांग रखी। इस पर विनोद सिंह, अनंत ओझा, डॉ लंबोदर महतो, अमर बाउरी, नवीन जायसवाल और अमित मंडल ने अपना तर्क दिया। डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि राज्य में झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम 2001 है, तो इसकी आवश्यकता क्यों। झारखंड प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक 2023 को काला कानून कहते हैं। अमर बाउरी ने कहा कि कानून बनाने के पीछे की मंशा जरूर अच्छी होगी। इसका विषय छात्रों को डराने के लिए है। इसमें जो प्रावधान है, उसके अनुसार सजा ऐसी है, जैसा मर्डर में नहीं होता। नवीन जायसवाल ने इसे हड़बड़ी में लाया हुआ विधेयक कहा। अमित मंडल ने कहा कि यह विधेयक अंग्रेजों के रोलैट एक्ट की तरह है। प्रदीप यादव ने भी इस विधेयक में संशोधन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए कठोर कानून बनाये गये हैं। सजा का इतना कठोर प्रावधान नहीं होना चाहिए।



### विधेयक हड़बड़ी में नहीं, बल्कि सोच विचार कर लाया गया: हेमंत सोरेन

रांची (आजाद सिपाही)। सदन में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि इस विधेयक पर सदन की भावना से असहमत नहीं हूं और समझता भी हूं। विधेयक को लेकर विपक्ष सवाल खड़े कर रहा है। सरकार की यही सोच है कि यही डर और भय संस्थाओं में हो, छात्रों में हो, जो इसमें शामिल होते हैं। किसी एक की वजह से लाखों क्यों परेशान हों। हम कोई भी फैसला लेते हैं, साधारण चीजों में भी, जैसे अगर हम पुराना कंप्यूटर बदलकर नया लाते हैं, तो हमारे मन में कई सवाल होते हैं। नया सॉफ्टवेयर कैसा होगा, हम काम कर पायेंगे या नहीं, लेकिन समय के साथ आप सामंजस्य बना लेते हैं और काम करते हैं। यह विधेयक हम सिर्फ लेकर नहीं आये हैं, बल्कि दूसरे राज्यों में भी है। यह विधेयक हड़बड़ी में नहीं लाया गया है, बल्कि सोच-विचार कर लाया गया है। हम नौजवानों के भविष्य को सोच कर कानून बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले यहां की नौकरियों में 75 फीसदी सीटों पर बाहरी आ जाते थे। अब यहां के युवाओं को इससे अधिक मौका मिलेगा। यह विधेयक केवल झारखंड ही नहीं, भाजपा शासित राज्यों में भी लाया गया है। सदन में विधेयक का विरोध कर रहे भाजपा के विधायकों को नसीहत देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी विधायकों को भी उन प्रावधानों को भी पढ़ना चाहिए। हमलोगों ने तो कड़ी सजा को बहुत कम किया है। राज्य में 20 सालों तक भाजपा का राज रहा। इन्होंने नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। इस विधेयक में सरकार ने ऐसा प्रावधान किया है कि परीक्षा संचालन में लगी एजेंसी, छात्र, जो भी कदाचार में शामिल होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। एक परीक्षार्थी कदाचार करता है और उसका असर लाखों के भविष्य पर पड़ता है। झारखंड गठन के बाद पहली बार यहां के छात्रों के हित में इतना अहम विधेयक लाया गया है। इससे यहां के छात्रों के अधिकार का संरक्षण होगा।

### आलमगीर आलम ने रखी सरकार की बात

विधेयक को प्रवर समिति में भेजे जाने की बात का जवाब संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने दिया। उन्होंने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य राज्य के बच्चों को अवसर देने के लिए है। परीक्षा के दौरान जो गलत प्रैक्टिस होता है, उसे इस तरह के कड़े कानून से ही रोका जा सकता है। यह सरकार का सराहनीय कदम है। यह विधेयक केवल छात्रों के लिए नहीं, बल्कि इससे जुड़ी तमाम एजेंसियों को ध्यान में रख कर लाया गया है। परीक्षा के दौरान गलत प्रैक्टिस को नहीं रोका गया, तो यहां के बच्चों के हितों की रक्षा नहीं हो सकेगी। उन्होंने कहा कि इसके दायरे में परीक्षा एजेंसी से लेकर कोचिंग संस्थान तक आते हैं, जिन्हें दंड दिया जायेगा। इस विधेयक पर विचार सत्र न्यायालय के द्वारा किया जायेगा। इसमें सभी बातों को ध्यान में रखा गया है। संशोधन पर विचार किया जायेगा। ऐसे में इस विधेयक को प्रवर समिति को न भेज कर इसे पारित किया जाये। इसके बाद तमाम संशोधनों पर विचार करने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने बिल को संशोधन के साथ पास किया।

### विधेयक की मुख्य बातें

- चोरी करने या करवाने में पकड़े जाने पर एक साल की सजा होगी। चोरी करने वाले परीक्षार्थियों को दी जाने वाली सजा का प्रभाव इतना अधिक होगा कि उनकी नौकरी करने की उम्र सीमा ही खत्म हो सकती है। पांच लाख रुपये तक का दंड लगाया जा सकता है। दंड की रकम नहीं चुकाने पर अतिरिक्त नौ महीने की सजा तक हो सकती है।
- परीक्षार्थी के दूसरी बार पकड़े जाने पर तीन साल की सजा होगी। परीक्षार्थी के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दायर होने के बाद वे दो से पांच साल तक परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। न्यायालय द्वारा सजा होने पर संबंधित परीक्षार्थी 10 साल तक प्रतियोगी परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेगा।
- परीक्षा में शामिल कंपनी या एजेंसी द्वारा परीक्षा की गोपनीयता भंग करने, प्रश्न पत्र लीक करनेवालों को कम से कम 10 साल और अधिकतम आजीवन कारावास की सजा होगी। एक करोड़ से लेकर दो करोड़ तक दंड लगेगा। दंड की रकम नहीं चुकाने पर अतिरिक्त तीन साल के कारावास तक सजा हो सकती है।
- इस विधेयक के दायरे में परीक्षार्थी के अतिरिक्त परीक्षा प्रक्रिया में शामिल होने वाली एजेंसियां, सरकारी कर्मचारियों के द्वारा प्रश्न पत्र लीक करने या परीक्षा की गोपनीयता भंग करने वाली जानकारी को सार्वजनिक करने वाले आयेंगे।
- परीक्षा ड्यूटी में शामिल कर्मचारियों, उनके पारिवारिक सदस्यों, रिश्तेदारों को धमकी देने और परीक्षा के संबंध में गलत सूचना प्रचारित करने या अफवाह फैलाने वाले भी इसके दायरे में आयेंगे।

# आलमगीर ने इरफान अंसारी के बयान पर सदन में मांगी माफी

- इरफान के बाबूलाल पर दिये बयान को लेकर विपक्ष ने किया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को दोपहर 12 बजे जब सदन शुरू हुआ, तो भाजपा विधायकों ने जोरदार हंगामा किया। मुश्किल से 10 मिनट तक चली सदन की कार्यवाही में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने इरफान अंसारी के उस बयान पर माफी मांगी, जिसमें उन्होंने कहा था कि बाबूलाल मरांडी आदिवासी हैं, इतना तेज कैसे हो सकते हैं। इस क्रम में आलमगीर आलम ने भाजपा विधायकों द्वारा सदन में किये जा रहे अमर्यादित आचरण की जांच की मांग भी की।

इसी क्रम में आलमगीर आलम ने कहा कि मध्यप्रदेश में आदिवासी युवक के साथ भाजपा नेता के पुत्र ने जो किया, मणिपुर में महिलाओं के साथ जो घटनाएं हुईं, उस पर भी भाजपा विधायक जवाब दें। मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि इरफान अंसारी और आलमगीर आलम ने माफी मांग ली है, फिर भी इस पर राजनीतिक रोटी सेंकी जा रही है।

भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि बुधवार को सदन में इरफान अंसारी ने जो कहा, उससे पूरे देश का आदिवासी समाज आहत हुआ है। राष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद पर आदिवासी महिला पहुंच चुकी हैं। बावजूद इसके इरफान ने आदिवासी समाज को जलालत भरे शब्दों में आहत किया है। स्पीकर ने इस बात को खत्म करने की अपील की, लेकिन भाजपा विधायक इसे अनसुना करते रहे।

### इरफान अंसारी ने भी खेद जताया

रांची (आजाद सिपाही)। विधायक इरफान अंसारी ने अपने उस बयान के लिए खेद जताया, जिसमें उन्होंने कहा था कि आदिवासी स्मार्ट कैसे हो सकता है। सफाई देते हुए उन्होंने कहा कि दो दिन पहले डिबेट के दौरान आदिवासियों के संबंध में उनके मुंह से जो कुछ निकला, उसे सदन ने एक्सपंज कर दिया था। उन शब्दों के लिए वह खेद व्यक्त करते हैं। उनकी ऐसी भावना नहीं थी। वे आदिवासी समाज के बड़े हितैषी हैं। उल्लेखनीय है कि अनुपूरक बजट पर कटौती प्रस्ताव पर सदन में चर्चा के क्रम में इरफान ने बाबूलाल मरांडी को टारगेट करते हुए कहा था कि कोई आदिवासी इतना स्मार्ट कैसे हो सकता है। इस बयान के बाद राजनीतिक हंगामा खड़ा हो गया था।

# शशिभूषण मेहता के आचरण पर सदन में गुस्सा गये स्पीकर

- सीट से खड़े हो गये, मार्शल से बाहर कर देने को कहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा सत्र के पांचवें दिन सदन में भाजपा विधायकों ने जोरदार हंगामा खड़ा किया। भाजपा विधायक इरफान अंसारी के उस बयान का जबरदस्त विरोध कर रहे थे, जिसमें उन्होंने कह दिया था कि आदिवासी इतना स्मार्ट कैसे हो सकता है। हंगामा के क्रम में भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता हाथ उठा-उठा कर बोलने लगे। उनके



इस आचरण को लेकर स्पीकर काफी नाराज हो गये। वह काफी गुस्से में आ गये। उन्होंने मार्शल को शशिभूषण मेहता को सदन से बाहर किये जाने तक को कह दिया। इस क्रम में वह बार-बार भाजपा विधायकों से सीट पर जाने की अपील करते रहे। स्पीकर ने मेहता के आचरण पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सदन कोई अखाड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि सदन में सदस्य हाथ उठा कर बात कर रहे हैं, जो ठीक नहीं। सदस्य बांह मोड़ कर चले जाते हैं। वह आसन को चुनौती दे रहे हैं। उन्हें अपनी जगह पर बैठना चाहिए। गलत आचरण को बर्दाश्त करने की उनकी आदत नहीं है। बार-बार शोरगुल के बीच 11.25 पर स्पीकर ने सदन को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम और विधायक प्रदीप यादव ने भी शशिभूषण के इस आचरण पर विरोध जताया।

## हाइकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज की

# ज्ञानवापी का आज से होगा एएसआइ सर्वे

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाइकोर्ट ने गुरुवार को ज्ञानवापी परिसर के एएसआइ सर्वे की इजाजत दे दी। हाइकोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका खारिज करते हुए सेशन कोर्ट के आदेश का तत्काल पालन करने, यानी सर्वे शुरू करने का आदेश दिया। चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर की एकल पीठ ने यह फैसला सुनाया। फैसले के बाद वाराणसी में एएशआइ टीम और जिला प्रशासन की बैठक हुई। डीएम एस राजलिंगम ने बताया कि शुक्रवार से दोबारा सर्वे शुरू होगा।

अदालत ने सर्वे पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा है कि न्याय के लिए यह सर्वे जरूरी है। कुछ शर्तों के साथ इसे लागू करने की जरूरत है। सर्वे करिये, लेकिन बिना खुदाई किये। गौरतलब है कि पिछली सुनवाई में हाइकोर्ट ने एसएसआइ से सुनवाई खत्म होने तक मस्जिद का सर्वे शुरू नहीं करने को कहा था। जुलाई के अंतिम सप्ताह में कोर्ट में दोनों पक्षों की तरफ से लगातार दो दिन बहस चली थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद 27 जुलाई को अपने फैसले को रिजर्व कर लिया था।

**सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मुस्लिम पक्ष, हिंदू पक्ष ने कैविएट अर्जी दी :** अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। शीर्ष कोर्ट में दाखिल याचिका में एएसआइ को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने की अनुमति देने वाले इलाहाबाद हाइकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गयी है। मस्जिद कमेटी के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में मामले का जिक्र करते हुए कहा कि एएसआइ को सर्वे की इजाजत न दी जाये। इससे पहले काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू याचिकाकर्ताओं में से एक ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में कैविएट अर्जी दायर की।

# दिल्ली सेवा बिल लोकसभा से पास

- आइएनडीआइए गठबंधन का वॉकआउट

आजाद सपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक 2023 (दिल्ली सेवा विधेयक) गुरुवार को लोकसभा में पारित हो गया। इस बिल के पारित होते ही विपक्षी सांसदों ने विरोध स्वरूप सदन से वॉकआउट किया। यह बिल मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में पेश किया था। बता दें कि दिल्ली सेवा विधेयक मौजूदा अध्यादेश की जगह लेगा जो दिल्ली सरकार को अधिकांश सेवाओं पर नियंत्रण देने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश को रद्द कर देता है।

दिल्ली अध्यादेश को लेकर अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी और केंद्र के बीच प्रमुख टकराव रहा है। केंद्र ने 19 मई को अध्यादेश जारी किया था जो दिल्ली में ग्रुप ए अधिकारियों के स्थानांतरण और पोस्टिंग के लिए प्राधिकरण से संबंधित है। यह अध्यादेश सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कुछ दिनों बाद लाया गया था कि दिल्ली की निर्वाचित सरकार का कानून और व्यवस्था, पुलिस और भूमि के मामलों को छोड़कर अन्य सेवाओं पर नियंत्रण है। इससे पहले सदन में बिल को लेकर अमित शाह ने कहा था कि सेवाएं हमेशा केंद्र सरकार के पास रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दी व्याख्या. 1993 से 2015 तक किसी मुख्यमंत्री ने नहीं लड़ी लड़ाई। कोई लड़ाई नहीं हुई क्योंकि जो भी सरकार बनी उसका लक्ष्य लोगों की सेवा करना था। अगर सेवा करनी है तो लड़ने की जरूरत नहीं है। लेकिन अगर वे सत्ता चाहते हैं तो वे लड़ेंगे।

### आप सांसद निलंबित

बिल को पारित करने के दौरान आम आदमी पार्टी सांसद सुशील कुमार रिंकू द्वारा वेल में आकर कागज फाड़कर आसन पर फेंकने के कारण उन्हें मानसून सत्र की बची हुई अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है।

आप सांसद के व्यवहार के कारण स्पीकर ने उन्हें नामित किया, संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने निलंबन का प्रस्ताव रखा और उसे सदन ने मंजूर कर दिया।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,900 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



# मध्यप्रदेश की सत्ता की चाबी है आदिवासी वोटरों के पास

## ■ भाजपा और कांग्रेस, दोनों तरफ से इन्हें साधने की हो रही भरपूर कोशिश

## ■ 84 सीटों पर है निर्णायक संख्या, 47 सीटें हैं जनजातियों के लिए आरक्षित

**साल के अंत में विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरनेवाले मध्यप्रदेश में सियासी समीकरण साधने का जतन तेज हो गया है। सत्ता में बरकरार रहने का भाजपा का लक्ष्य हो या सत्ता में वापसी की कांग्रेस की कोशिशें, दोनों के लिए उम्मीदों का सूरज आदिवासी क्षेत्रों से ही उदित होना है। यानी आदिवासी वोट बैंक जिसके साथ चल देगा, सत्ता के दरवाजे उसी के लिए खुलेंगे। इसका असर इन दिनों राज्य की राजनीति और चुनावी तैयारियों पर भी भरपूर देखा जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस, दोनों आदिवासी समुदाय को अपने साथ जोड़ने की जबरदस्त कवायद कर रहे हैं। राज्य में आदिवासी वर्ग की भूमिका सरकार बनाने और बिगाड़ने में महत्वपूर्ण रही है। यही कारण है कि 2003 के 15 वर्ष बाद जब आदिवासी वोट ने करवट ली, तो 2018 में भाजपा की सरकार चली गयी। उस साल भाजपा की सीटें 32 (एक निर्दलीय) से घटकर आधी यानी 16 बचीं। कांग्रेस के पास 2013 में 15 आदिवासी सीटें थीं, जो 2018 में बढ़कर 30 हो गयीं। राज्य में वैसे तो 47 सीटें आदिवासियों के लिए अरक्षित हैं, लेकिन राज्य की 230 विधानसभा सीटों में से 87 पर आदिवासी वोटर निर्णायक संख्या में हैं। इस बार दोनों ही पार्टियां आदिवासियों को अपनी ओर खींचने में लगी हुई हैं। भाजपा की तरफ से आदिवासियों को साधने के लिए पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिर जेपी नड्डा के अलावा अमित शाह राज्य का दौरा कर चुके हैं, जबकि कांग्रेस के चुनावी रणनीतिकार भी आदिवासी समुदाय को लुभाने के लिए कई स्तर पर काम कर रहे हैं। कांग्रेस विपक्ष के तौर पर जहां आदिवासी वर्ग के मुद्दे उठाकर सरकार को घेरने की कोशिश कर रही है, वहीं योजनाओं को जाति-वर्ग में बांटने की बजाय सभी के लिए घोषित करते हुए आदिवासी वर्ग को भी साथ जोड़ रही है। मध्यप्रदेश के आदिवासी वोटरों को साधने की इन कोशिशों का परिणाम क्या होगा, यह तो अभी नहीं पता, लेकिन इसके कारण चुनावी रण में नया रंग भर रहा है। इस नये चुनावी रंग का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

**मध्यप्रदेश** में साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में राज्य के आदिवासी प्रादेशिक राजनीति का केंद्रबिंदु बन गये हैं। भाजपा ने फिर से सत्ता हासिल करने के लिए पूरा फोकस आदिवासी क्षेत्रों पर शिफ्ट कर दिया है। सीएम शिवराज एक के बाद एक घोषणाएं करते हुए नजर आ रहे हैं। इसी बात को भांपते हुए अब कांग्रेस ने भी अपना फोकस जनजातीय क्षेत्रों पर केंद्रित कर दिया है। मध्यप्रदेश में सरकार में बरकरार रहने का भाजपा का लक्ष्य हो या फिर सत्ता में वापसी की कांग्रेस की कोशिश, दोनों ही पार्टियों की उम्मीदें आदिवासी क्षेत्रों से होकर निकलती हैं। जिस तरफ आदिवासी वोट बैंक का पलड़ा झुकेगा, सत्ता उसी के करीब होगी। दूसरे शब्दों में कहा जाये, तो मध्यप्रदेश की सत्ता की चाबी आदिवासी वोटरों के पास है। इसलिए इन दिनों प्रदेश की राजनीति और चुनावी तैयारियों में आदिवासियों का भरपूर ध्यान रखा जा रहा है। दोनों ही दल इस समुदाय को अपने साथ जोड़ने की कवायद में जुटे हुए हैं। आदिवासी मतदाताओं पर पकड़ मजबूत करने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा और प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के बीच सियासी खींचतान तेज हो गयी है।

### भाजपा की कोशिशें तेज, संघ भी सक्रिय

भाजपा सरकार ने आदिवासियों को साधने के लिए योजनाओं और घोषणाओं की बौछार कर दी है। भाजपा बैठकों के जरिये कार्यकर्ताओं को आदिवासियों के बीच पार्टी की बात रखने की ट्रेनिंग दे रही है। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी आदिवासियों को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। मिशन 2023 को ध्यान में रखते हुए संघ बीते एक साल से आदिवासी इलाकों में विशेष अभियान चला रहा है। सूबे के आठ आदिवासी बहुल जिलों में संघ की शाखाओं को दोगुना करने का टारगेट रखा है। धर्मांतरण रोकने के लिए इन क्षेत्रों में जन जागरूकता और संस्कारशालाएं भी बढ़ायी गयी हैं। संघ ने आने वाले दिनों कई छोटे-बड़े कार्यक्रम और सभाएं इन्हीं जिलों में आयोजित करने की योजना बनायी है। यही नहीं, आदिवासियों को अपने पाले में फिर से मिलाने के लिए भाजपा हरसंभव प्रयास कर रही है। चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी और सरकार ने अपना पूरा फोकस आदिवासी वोटरों पर शिफ्ट कर दिया है। आदिवासियों को लेकर भाजपा का आउटरीच प्रोग्राम हो या सरकार की ओर से योजनाओं की शुरुआत, आदिवासी अस्मिता से जुड़ी बिरसा मुंडा और टंट्या मामा जैसी विभूतियों का सम्मान हो या राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह के शहीदी दिवस पर आयोजन, भोपाल के हबीबगंज रेलवे स्टेशन का रानी कमलापति के नाम पर नामकरण, भाजपा का आदिवासी और आदिवासी प्रतीकों पर फोकस साफ नजर आया है। प्रदेश की शिवराज सरकार ने आदिवासी समुदाय के बीच भगवान का दर्जा रखने वाले बिरसा मुंडा के नाम पर बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, मुख्यमंत्री जनजाति कल्याण योजना जैसी योजनाएं शुरू कीं। इसके अलावा आदिवासियों के लिए पशुधन योजना भी शुरू की गयी है।



### कांग्रेस इस तरह साध रही आदिवासियों को

दूसरी तरफ कांग्रेस के चुनावी रणनीतिकार भी आदिवासी समुदाय को लुभाने में जुट गये हैं। कांग्रेस सड़क से लेकर विधानसभा तक आदिवासी वर्ग के मुद्दे उठाकर सरकार को घेरने की कोशिश कर रही है, वहीं योजनाओं को जाति-वर्ग में बांटने की बजाय सभी के लिए घोषित करते हुए आदिवासी वर्ग को भी साथ जोड़ रही है। हाल ही में हुए सीधी पेशाब कांड को पार्टी ने आदिवासी वर्ग के अपमान का मुद्दा बनाकर आदिवासी स्वाभिमान रैली भी निकाली। कांग्रेस के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने आदिवासी नेताओं और विधायकों को आदिवासी क्षेत्रों का दौरा करने और आदिवासियों के साथ संवाद स्थापित करने के निर्देश दे दिये हैं। पार्टी ने अगले छह माह के लिए प्लान ऑफ एक्शन भी तैयार किया है। इसके तहत पार्टी लगातार आदिवासी अंचल में पड़ने वाली विधानसभा सीटों पर मेहनत-मशक्कत करेगी। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आदिवासी बहुल क्षेत्र शहडोल दौरा हुआ था। अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी उसी जिले में ब्यौहारी में जनसभा करने आ रहे हैं। 2018 में कांग्रेस को जिताने में आदिवासी वोट बैंक का बड़ा रोल रहा था। 2018 के विधानसभा चुनावों में आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित 47 सीटों में से कांग्रेस को 30 सीटों पर जीत मिली थी।

### जयस संगठन की एंट्री से भाजपा-कांग्रेस परेशान

इस बीच मध्य प्रदेश में अब तक कांग्रेस को समर्थन देने वाले जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन जयस ने इस बार अपने दम पर चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। संगठन फिलहाल 80 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करेगा। ये वो सीटें हैं, जहां आदिवासी वोटर निर्णायक हैं। जयस के अकेले चुनाव लड़ने के एलान से कांग्रेस में बेचैनी पैदा हो गयी है। वहीं भाजपा भी घबरा रही है। जयस जिन 80 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने वाला है, उनमें वे सीटें भी शामिल होंगी, जो कांग्रेस के कब्जे वाली आदिवासी सीटें हैं।

### मध्यप्रदेश में आदिवासी सीटों का गणित

मध्य प्रदेश में आदिवासियों की बड़ी आबादी होने से 230 विधानसभा में से 84 सीटों पर उनका सीधा प्रभाव है। यूं कहा जाये कि इन सीटों पर आदिवासी वोटर निर्णायक संख्या में हैं। 2013 के विधानसभा चुनाव में आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित 47 सीटों में से भाजपा ने 31 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस के खाते में 15 सीट आयी थी। 2018 के चुनाव में भाजपा 47 में से सिर्फ 16 पर ही जीत दर्ज कर सकी थी, जबकि कांग्रेस ने 30 सीटें जीतीं और भाजपा सत्ता से बाहर हो गयी थी। इसलिए दोनों पार्टियां जानती हैं कि 2023 के चुनावों में सत्ता के शीर्ष तक पहुंचने के लिए आदिवासियों का साथ बेहद जरूरी है। यही वजह है कि भाजपा हो या कांग्रेस, दोनों अपने-अपने तरीकों से आदिवासियों को रिझाने में कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहती हैं।

# विधायक लोबिन हेंब्रम को अपनी ही सरकार में खनन माफिया से जान का खतरा: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ विधायक लोबिन हेंब्रम को अपनी ही सरकार में खनन माफिया से जान का खतरा है। उन्होंने विधानसभा में यह खुलासा करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने हाउस गार्ड तक हटा कर उन्हें और खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा है कि 15 दिनों में उनकी जान बचाने की फरियाद नहीं सुनी गयी तो वह दिल्ली जाकर केंद्र सरकार से मदद की गुहार लगायेंगे।



मरांडी ने गुरुवार को ट्वीट के माध्यम से कहा कि भाई लोबिन आपकी इस सरकार और खनन माफियाओं से खतरा सिर्फ आपको ही नहीं है। खतरा तो पूरे संताल और आदिवासी समाज को भी है, जिनका अस्तित्व और पहचान ये माफिया मिटा रहे हैं। खतरा आपके जैसे पक्ष-विपक्ष के उन सारे लोगों को है, जो गलत कार्यों और लूटपाट का विरोध करते हैं।

लोबिन जी, आप तो सोरेन परिवार के वफादार सदस्य रहे हैं, हेमंत के चाचा समान हैं। कभी पूछिये हेमंत जी से कि जो लोग झारखंड को लूटने के आरोप में जेल गये हैं और जा रहे हैं वे कौन हैं? उल्लेखनीय है कि झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन में लोबिन हेंब्रम ने अपनी ही सरकार में अपनी जानमाल की सुरक्षा का मामला उठाया था।

# झारखंड पुलिस खरीदेगी 10 इंटरसेप्टर वाहन

## गाड़ियों की गति पर लगेगा ब्रेक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सड़कों पर गति सीमा यानी स्पीड लिमिट को नियंत्रित करने के लिए झारखंड पुलिस 10 इंटरसेप्टर वाहन खरीदेगी। इसे लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी किया है। इससे पहले साल 2018 में झारखंड पुलिस की ओर से छह इंटरसेप्टर गाड़ियां खरीदी गयी थीं। इनमें दो गाड़ियां रांची के लिए, एक-एक गाड़ी जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग और बोकारो को दी गयी हैं।

**स्पीड लिमिट को तोड़ने वाले वाहनों को उपकरणों में कैद किया जाता है :** इंटरसेप्टर वाहन के जरिए स्पीड लिमिट को तोड़ने वाले वाहनों के फोटो उपकरणों में कैद किया जाता है। फिर उन्हें ई-चालान भेजा जाता है, लेकिन सड़क पर वाहनों की अधिकतम स्पीड क्या होगी, इसका निर्धारण अब तक नहीं किया जा सका है। ऐसे में पुलिसकर्मी इसका इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। इसका सही तरीके से इस्तेमाल नहीं होने से करोड़ों के इंटरसेप्टर वाहन बेकार पड़े हैं। रांची की बात की जाये, तो वर्तमान में दो इंटरसेप्टर वाहन हैं। दोनों में स्पीड मापने वाले यंत्र भी लगे हैं, लेकिन ये किसी काम के नहीं हैं। सड़कों पर इंटरसेप्टर वाहन घूमते हुए नजर आते हैं।

**इंटरसेप्टर वाहन पर लगा रहता है स्पीड गन कैमरा :** इंटरसेप्टर वाहन पर स्पीड गन कैमरा लगा रहता है, जो अपने आसपास में तेज गति से गुजरने वाले वाहनों की स्पीड को कैच कर लेता है। यदि स्पीड से ज्यादा वाहन की गति हुई, तो वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। इसमें ऑटोमेटिक चालान कट जाता है। इसके अलावा तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ उनके रजिस्टर्ड मोबाइल पर यह मैसेज भी भेज दे दिया जाता है, जिसमें लिखा होता है कि आपने वाहन को काफी तेज गति से चलाया है। इसलिए फाइन भरना होगा। अगर यह गलती तीन बार हो जाती है, तो उनका ड्राइविंग लाइसेंस भी कैंसल किया जा सकता है।

# सुरेश महली और काजल के शव अरगोड़ा में रेलवे ट्रैक से बरामद

**रांची (आजाद सिपाही)।** अरगोड़ा स्टेशन से सटे रेलवे ट्रैक के पास से बुधवार को युवक और युवती का शव बरामद हुआ था। दोनों की मौत ट्रेन से कटने की वजह से हुई थी। दोनों की पहचान गुरुवार को हुई। दोनों आपस में पति-पत्नी थे। दोनों की पहचान सुरेश महली और उसकी पत्नी काजल के रूप में हुई। दोनों लोहरदगा के रहने वाले थे। दोनों की पहचान होने के बाद लोहरदगा से परिजन रिम्स पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिये गये। जानकारी के अनुसार, दोनों ने पारिवारिक समस्या के कारण आत्महत्या कर ली। पुलिस परिजनों से जानकारी जुटा रही है कि लोहरदगा से रांची में आकर दोनों ने आत्महत्या क्यों कर ली।

# लापता बैंककर्मी संतोष का सुराग नहीं

**रांची (आजाद सिपाही)।** बैंककर्मी संतोष कुमार के लापता होने के तीन दिन बाद भी सुराग नहीं मिल पाया है। इस मामले को लेकर बैंककर्मी संतोष कुमार की पत्नी मनीषा भारद्वाज ने बुधवार को लालपुर थाना में शिकायत दर्ज करायी है। दर्ज शिकायत में कहा गया है कि इनके पति बीते 31 जुलाई को लालपुर स्थित अपने बैंक से दिन के करीब तीन बजे निकले थे। उस समय उन्होंने कॉल करके कहा कि ऑफिस के काम से ओरमांझी जा रहे हैं। मेरे मोबाइल की बैटरी डाउन है, इस वजह से मोबाइल ऑफ हो सकता है। इसके बाद से मेरे पति से कोई संपर्क नहीं हो पाया है और ना ही वह अभी तक घर आये हैं। उन्होंने कहा है कि संतोष कुमार का मोबाइल भी बंद आ रहा है। इस संबंध में लालपुर थाना प्रभारी ममता कुमारी ने गुरुवार को बताया कि बैंककर्मी का लास्ट लोकेशन बूटी मोड़ मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

# संजीवनी बिल्डकॉन फर्जीवाड़ा मामले में झारखंड हाइकोर्ट ने खारिज की तीन याचिकाएं

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने संजीवनी बिल्डकॉन फर्जीवाड़ा मामले में रांची के नगड़ी अंचल के तत्कालीन दो सर्किल ऑफिसर (सीओ) ओम प्रकाश यादव और कृष्ण कुमार की अलग-अलग दायर तीन याचिकाओं को खारिज कर दिया है। हाइकोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने मामले में गुरुवार को अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पूर्व में सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। इन दोनों तत्कालीन सर्किल ऑफिसर पर आरोप था कि इन्होंने अपने सीइओ पद का दुरुपयोग करते हुए रकबा से ज्यादा जमीन का म्यूटेशन किया। साथ ही संजीवनी बिल्डकॉन को फायदा पहुंचाया। सीबीआइ ने इनके खिलाफ एक ही मामले में तीन- तीन प्राथमिकी दर्ज की थीं। इन दोनों तत्कालीन सीओ की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दायर कर अपने खिलाफ दर्ज तीनों केस को निरस्त करने का आग्रह किया गया था। कृष्ण कुमार और ओम प्रकाश यादव के तीन-तीन केस पर बहस हुई थी। सीबीआइ की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की थी। कृष्ण कुमार की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण, कृष्ण कुमार एवं जयशंकर तिवारी ने पैरवी की थी।

# आदिवासी समाज का अपमान करना कांग्रेस के डीएनए में शामिल है : आशा लकड़ा

**सोनिया गांधी और राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस विधायक कर रहे आदिवासी समाज का अपमान**

**कोई आम आदमी ऐसी टिप्पणी करता, तो उस पर एसटी/एससी एक्ट लगता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री और रांची की निवर्तमान महापौर डॉ आशा लकड़ा ने कांग्रेस पार्टी पर जम कर हमला बोला। आशा लकड़ा ने आदिवासी समाज और बाबूलाल मरांडी पर विधायक इरफान अंसारी द्वारा विधानसभा में दिये गये बयान पर प्रेसवार्ता के माध्यम से प्रतिक्रिया दी। आशा लकड़ा ने कहा कि झारखंड आदिवासियों के त्याग और बलिदान का प्रतिफल है, लेकिन जामताड़ा से कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी आदिवासियों के प्रति ओछी सोच रखते हैं। वह कहते हैं कि आदिवासी इतना तेज कैसे हो गये हैं, हमको समझ नहीं आता। कहा कि विधायक इरफान अंसारी के इस बयान से पूरा आदिवासी समाज मर्माहत है। कांग्रेस पार्टी के डीएनए में ही जनजातीय समाज के प्रति विरोध है। झारखंड में अब तक आदिवासी समाज से चार मुख्यमंत्री चुने गये। कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी आदिवासी हैं, लेकिन वे आदिवासी को 'बोका' समझते हैं। कहा कि झारखंड का इतिहास गवाह है कि आदिवासियों ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर इस राज्य का नाम रोशन किया है। आदिवासी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। भगवान बिरसा मुंडा, चांद-भैरव, फूलो-झानो, सिदो-कान्हू, तिलका माझी जैसे महापुरुषों ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और जेएमएम न तो आदिवासियों के हितैषी थे और ना ही हो सकते हैं। ये आदिवासियों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर अपना हित साधते हैं। कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता ने प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति को भी अपनी असंसदीय टिप्पणी से अपमानित किया। उन्होंने कहा कि राज्य में आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। कहा कि विधायक इरफान अंसारी का यह बयान कि उन्हें हिंदू वोट नहीं देंगे, तब भी जीत जायेंगे। यह अहंकार नहीं तो और क्या है। आशा लकड़ा ने कहा कि ऐसी टिप्पणी अगर कोई सामान्य व्यक्ति करता तो उसके खिलाफ एसटी/एस सी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज होता, लेकिन क्या कांग्रेस पार्टी बतायेगी कि उसने इरफान अंसारी पर इस अभद्र टिप्पणी के खिलाफ क्या अनुशासनात्मक कार्रवाई की।



# पूर्व मंत्री के पीएस संजय कुमार की अग्रिम बेल पर इडी कोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री और मनी लॉन्ड्रिंग केस में सजायफ्ता हरिनारायण राय के पीएस (पर्सनल सेक्रेटरी) रहे संजय कुमार की अग्रिम जमानत याचिका पर रांची सीबीआइ की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने सीबीआइ को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब संजय कुमार की अग्रिम बेल पर अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 7 अगस्त की तिथि तय की है।

बता दें कि संजय कुमार के खिलाफ सीबीआइ ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में कांड संख्या आरसी-04-2010 दर्ज किया है। पिछले महीने इनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को हाइकोर्ट ने हटा दिया था। उसके बाद अब संजय कुमार पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। इन पर हरिनारायण राय के मंत्रित्व काल में विभागीय फाइल और दस्तावेज गायब करने का भी आरोप है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
189200 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.4 °c | 22.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.31 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.20 बजे |



## प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक 2023 के विरोध में पुतला फूंका

# छात्र विरोधी है यह काला विधेयक : आजसू

**प्रतियोगी परीक्षाओं में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर बिना एफआइआर जेल में डाल देगी सरकार : नीतीश सिंह**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक 2023 के विरोध में अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने फिरायालाल चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार का पुतला फूंका। इस मौके पर आजसू छात्र संघ के नीरज राम ने इस विधेयक को छात्र विरोधी बताते हुए कहा कि छात्र कदाचार मुक्त परीक्षा तो चाहते हैं, लेकिन ये नहीं चाहते कि जब प्रतियोगिता परीक्षा में गड़बड़ी हो, तो इस कानून के डर से वो आवाज भी ना उठा सकें। इस विधेयक के माध्यम से सरकार छात्रों की आवाज को लाठी-डंडे के बल पर दबाना चाहती है। छात्र हित के विपरीत आये इस विधेयक का अखिल झारखंड छात्र संघ पुरजोर विरोध करती है।

उन्होंने इस कानून की खामियां बताते हुए कहा कि इस कानून से सरकार छात्र से विरोध करने के हक को छीन रही है। पहले भी राज्य में कई प्रतियोगिता परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों के खिलाफ हमने आवाज उठायी है और नतीजन उन परीक्षाओं के परीक्षाफल या नोटिफिकेशन में सुधार, बदलाव यहां तक कि परीक्षा रद्द भी हुई है, लेकिन इस विधेयक के लागू होने से अब कोई छात्र किसी भी तरह का विरोध नहीं कर पायेगा। अगर यह कानून कुछ महीने पहले लागू हो जाता, तो न जाने कितने छात्र आज जेल में होते।

आजसू के नीतीश ने कहा कि सरकार को प्रतियोगिता परीक्षा में सीटों की बंदरबांट करने में सुविधा हो और फिर उसके खिलाफ कोई आवाज नहीं उठाये, इसलिए यह कानून लाया गया है। इस कानून के अनुसार बिना एफआइआर दर्ज किये आवाज उठाने वाले छात्र पर केस दर्ज करने और उसे गिरफ्तार करने की छूट है। इस राज्य में कई आंदोलन सोशल मीडिया के माध्यम से शुरू हुए और इसके आधार पर बड़े बदलाव भी हुए हैं। लेकिन इस कानून के अनुसार झूठा और भ्रामक खबर फैलाने के आरोप में भी केस दर्ज होने की बात है, इसका असर यह होगा कि अब कोई भी युवा प्रतियोगिता परीक्षा में हुई गड़बड़ी के खिलाफ जेल जाने के डर से सोशल मीडिया में भी कुछ नहीं लिख पायेगा। जिस भी विद्यार्थी पर केस दर्ज होगा, वो दो साल से पांच साल तक परीक्षा में शामिल नहीं हो पायेगा और सजा होने पर दस साल तक परीक्षा से दूर कर दिया जायेगा। इस कानून के आने के बाद छात्र को जेल जाने के साथ साथ आर्थिक दंड का भी समाना करना पड़ेगा। कानून से सरकार की युवाओं के प्रति नियत का पता चलता है, सरकार तानासाही पर उतर आयी है। इस अवसर पर नीरज, नीतीश, अभिषेक, राहुल, रोहित, विशाल, प्रवीण, विक्रम, रूपेश, मजीत के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

# हाइकोर्ट में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री बंधु की अपील पर बहस 17 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता मांडर के पूर्व विधायक विधायक और झारखंड कांग्रेस नेता बंधु तिर्की की ओर से सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनायी गयी सजा के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील की आंशिक सुनवाई के बाद मामले की अगली सुनवाई 17 अगस्त निर्धारित की। मामले में हाई कोर्ट के जस्टिस सुभाष चंद्र की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में हाइकोर्ट ने लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) की फोटो कॉपी की प्रति प्रार्थी एवं सीबीआइ को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने पैरवी की जबकि सीबीआइ की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। हाइकोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में निचली अदालत से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड आ चुका है।

सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 28 मार्च, 2022 को बंधु तिर्की को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर तीन लाख रुपये जुर्माना भी लगाया था। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर उन्हें छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश दिया था।

सीबीआइ की विशेष अदालत ने छह लाख 28 हजार आय से अधिक रुपये अर्जित करने के मामले में बंधु तिर्की को सजा सुनायी थी। सीबीआइ ने बंधु तिर्की के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कांड में 11 अगस्त, 2010 को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरसी 5/2010 दर्ज की थी। 16 जनवरी, 2019 को आरोप गठित किया गया था।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कठिन परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी। परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**वृष** नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी। प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से काम बनेगा।

**मिथुन** आजीविका की स्थिति में सुधार। बकाये रकम की प्राप्ति। वस्त्र-आभूषण, धन-द्रव्य की प्राप्ति।

**कर्क** प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। नौकरी में बदलाव होने का संभावना है।

**सिंह** क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। वाहन सावधानी से चलायें।

**कन्या** नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति। महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। आर्थिक लाभ होगा।

**तुला** परिवार में मांगलिक कार्य होगा। स्वजन-मित्रों का सहयोग। नौकरी में बदलाव।

**वृश्चिक** संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। व्यवसाय की स्थिति में सुधार।

**धनु** इच्छित कार्य सफल होगा। महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी। विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन। सुख-शांति का वातावरण।

**कुंभ** स्वास्थ्य बाधा। दिमागी तनाव। इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा। आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी। बकाये रकम की प्राप्ति। रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# आदिवासी समाज को अपमानित करने वाली कांग्रेस पार्टी माफी मांगे : अमित




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का पांचवा दिन है। ऐसे में सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा के विधायक सत्ता पक्ष पर हमलावर हो गये हैं। सदन के बाहर भाजपा विधायकों की तरफ से लगातार कांग्रेस विरोधी नारे लगाए जा रहे हैं। दरअसल जामताड़ा से कांग्रेस के विधायक इरफान अंसारी का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वह आदिवासियों को लेकर टीका-टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं। भाजपा ने आज उसी टिप्पणी को मुद्दा बनाया है और लगातार इरफान अंसारी को माफी मांगने को कह रहे हैं। गोड्डा से भाजपा के विधायक अमित मंडल ने कहा है कि आदिवासियों पर इस तरह की टीका टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी उनकी अस्मिता के साथ खिलवाड़ करेगा भाजपा उसके खिलाफ बोलेगी।

उन्होंने कहा कि इरफान अंसारी जानबूझकर ऐसी बयानबाजी करते हैं, क्योंकि जो उनके दिल में होता है वही उनके जुबान पर आ जाता है। आदिवासी समाज को अपमानित करने वाली कांग्रेस पार्टी को माफी मांगना होगा। अब सफाई देने का कोई मतलब ही नहीं है। यह खेदपूर्ण है कि जिस आदिवासी के वोट से वह जीतते हैं, जिसके बीच रहते हैं उनको ही नीचा दिखाने का काम करते हैं। सबसे बड़ी बात है कि सत्ता पक्ष के लोग भी कुछ नहीं बोलते हैं। मनोबल खुद सत्ता पक्ष के लोग बढ़ा रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि सदन में बोलने की आजादी है लेकिन ऐसी अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है कि आपकी वजह से समाज में कोई गलत मैसेज जाए।

अमित मंडल ने बातचीत के दौरान कहा कि आदिवासी ही झारखंड की पहचान है, लेकिन इरफान अंसारी ने उनकी अस्मिता पर सवाल उठा दिया। आदिवासियों पर इस तरह की टिप्पणी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे टीका टिप्पणी से उनको बचना चाहिए। बार-बार एक ही इंसान से गलती कैसे हो जाती है। वह जानबूझकर ऐसे बयान देते हैं क्योंकि उनकी मंशा ही होती है यहां के आदिवासी मूलवासी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। अब उनको माफी मांगनी होगी। इधर इरफान अंसारी का कहना है कि उनके वीडियो को क्रॉप करके चलाया गया है। बीजेपी के लोग जब राहुल गांधी को नहीं छोड़ते हैं तो मुझे क्या बख्शेंगे। जिस तरह राहुल गांधी के आलू डालो सोना निकलेगा वाला वीडियो चल रहा है उसी तरह मुझे फसाया जा रहा है। मैं आदिवासियों का सदैव हितैशी रहा हूं।

## अनंत ओझा ने 849061 किसानों के लंबित भूमि सत्यापन का मामला उठाया

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को विधायक अनंत ओझा ने झारखंड में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को लेकर भूमि सत्यापन के लंबित मामलों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि करीब नौ लाख किसानों के भूमि सत्यापन का मामला लंबित है, जिसके कारण उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा है। सिर्फ साहिबगंज जिले में 34219 किसानों के लैंड रिकॉर्ड वेरिफिकेशन का सत्यापन लंबित है। इस पर सरकार की ओर से जवाब दिया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य के कुल 849061 किसानों के भूमि अभिलेख का सत्यापन लंबित है, जबकि साहिबगंज जिला में कुल 34219 किसानों की भूमि के डॉक्यूमेंट का सत्यापन नहीं हुआ है।

## विधायक ढुल्लू महतो ने अवैध कोयला खनन की सीबीआइ जांच की मांग की




**रांची (आजाद सिपाही)।** बाघमारा से बीजेपी विधायक ढुल्लू महतो ने धनबाद में हो रहे करोड़ों रुपये के कोयला खनन की जांच सीबीआइ या ईडी से कराने की मांग को लेकर विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि धनबाद जिले में राष्ट्रीय संपत्ति की लूट माफियाओं द्वारा की जा रही है और अवैध खनन धड़ल्ले से हो रहा है। इस मामले में सरकार किसी भी स्तर से जल्द से जल्द जांच कराये।

## पेसा मामले को लेकर धरना पर बैठे लोबिन हेंब्रम



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा में गुरुवार को झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम पेसा कानून को लागू करने की मांग को लेकर सदन के बाहर धरना पर बैठे। उन्होंने 24 दिसंबर 1996 के पेसा एक्ट को मूल रूप में लागू करने, धारा 3, 4 और 5 के तहत राज्यों को संवैधानिक अधिकार देने और 26 जुलाई को प्रकाशित गजट अधिसूचना को रद्द करने की मांग की।

# जिला स्कूल में लगी आग फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**पुरानी थी वायरिंग, शॉट सर्किट हो सकती है कारण, बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के जिला स्कूल में अचानक आग लग गयी। स्कूल के पीछे वाले भवन में आग लगी। प्राथमिक सूचना के मुताबिक स्कूल की वायरिंग काफी पुरानी है। शॉर्ट सर्किट की वजह से भीषण आग लगने की बात कही जा रही है। आग लगते ही क्लास रूम में मौजूद बच्चों को बाहर निकाला गया। वहीं स्कूल में बच्चों की छुट्टी कर दी गयी। मौके पर दमकल की दो गाड़ियां पहुंचीं। सुबह 10 बजे से आग बुझाने की कोशिश में लगी फायरब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया।

जानकारी के अनुसार जिस क्लास रूम में आग लगी, वहां क्लास छह के बच्चे पढ़ाई करते हैं। शिक्षकों ने बताया कि जैसे ही क्लास रूम में धुआं उठने जैसा लगा, हमने बच्चों को बाहर निकाला। जिस वक्त क्लास रूम में आग लगी, लगभग 30 से अधिक बच्चे पढ़ रहे थे। बगल में तीन कमरों में धीरे-धीरे आग फैल गयी। फॉल सीलिंग आग की वजह से जलने लगा। स्कूल के स्टाफ ने इन कमरों में मौजूद बेंच, डेक्स, कंप्यूटर, बैटरी आदि को हटा दिया। फायर ब्रिगेड के कर्मचारी अपने काम में लगे रहे। रांची का यह सबसे पुराना स्कूल है। इसे हाल ही में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाया गया है। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में तमाम तरह की सुविधाओं की बात कही गयी है, जो किसी भी निजी स्कूल में होती है। दूसरी तरफ यह भवन काफी पुराना है। इसकी छत खपड़ैल की है। क्लास रूम में नीचे से प्लाईवुड की फॉल सीलिंग की गयी है। इस वजह से आग तेजी से फैली। इस अगजनी में कितने का नुकसान हुआ है, इसका आकलन किया जायेगा।

# माओवादियों और आपराधिक गिरोहों को हथियार देनेवाला बिहार से गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में माओवादियों और संगठित गिरोह के अपराधियों को हथियार और गोली सप्लाई करने वाले प्रभाकर को एटीएस ने बिहार के नालंदा जिला स्थित पावापुरी से गिरफ्तार किया है। इससे पहले एटीएस ने 13 जनवरी 2023 को प्रभाकर से हथियार और गोली खरीद कर झारखंड में सप्लाई करने वाले रवि प्रजापति को 150 राउंड जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया था।

सप्लायर रवि प्रजापति हजारीबाग के बरही बस स्टैंड स्थित हजारीबाग रोड का निवासी है। इसी केस के अनुसंधान के क्रम में प्रभाकर को एटीएस ने गिरफ्तार किया है।

**अन्य साथियों की जानकारी जुटाने में लगी थी एटीएस की टीम :** एटीएस ने हथियार सप्लायर रवि प्रजापति को 13 जनवरी 2023 को रात करीब नौ बजे कोडरमा के बाघीटांड़ चेकपोस्ट के पास बस से उतरते वक्त गिरफ्तार किया था। उसके पास से 7.65 एमएम के 150 कारतूस और एक मोबाइल बरामद हुआ था। उसके बाद एटीएसकी टीम हथियार सप्लाई करने वाले सिंडिकेट में शामिल उसके लोगों की गिरफ्तारी में जुटी हुई थी।

## ब्रह्मकुमारी निर्मला ने राज्यपाल को रक्षा सूत्र बांधा



**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को रांची के प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ब्रह्मकुमारी निर्मला बहन ने राजभवन में मुलाकात की। निर्मला बहन ने इस दौरान राज्यपाल को रक्षा सूत्र बांधा तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। दूसरी ओर राज्यपाल ने गुरुवार को डॉ अरुण मिश्रा द्वारा रचित पुस्तक थैंक यू कैंसर के द्वितीय संस्करण का राजभवन में विमोचन किया। लेखक डॉ अरुण मिश्रा स्वयं एडवांस स्टेज कैंसर मरीज रहे हैं।

## श्री श्याम मंडल के तत्वावधान में महाशिवपुराण व्याख्यान का तीसरा दिन

# प्राणवाक्षर सदाशिव ही पूर्ण ब्रह्म हैं : स्वामी परिपूर्णानंद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर रांची भव्य दरबार में गुरुवार को श्री श्याम मंडल द्वारा आयोजित महाशिवपुराण व्याख्यान के तीसरे दिन निर्धारित समय से पहले ही भक्तों की अपार भीड़ संपूर्ण वातावरण को शिव महामंत्र का जाप कर शिवमय बना दिया तथा पूरे मंदिर परिसर भोले शंकर के जयकारों से गूंज रहा था। शाम 4 बजे स्वामी परिपूर्णानंद के व्यास पीठ का पारंपरिक पूजन वंदन के बाद स्वामीजी ने व्यख्यान को आगे बढ़ते हुए कहा कि प्राणवाक्षर सदाशिव ही पूर्ण ब्रह्म हैं। महाशिवरात्रि शिव के दिव्य स्वरूप का प्राकट्य दिवस है। अतः महाशिवरात्रि के शुभ दिन शिवलिंग का श्रृंगार - पूजन - वंदन अत्यंत श्रेष्ठकारी है। स्वामीजी कहते हैं - शिव ही एकानन हैं। शिव ही पंचानन हैं और शिव ही गुरुपुराण हैं। संसार में अत्यंत सुलभ एवं अविनाशी देव शिव ही हैं। अतः ॐ नमः शिवाय दिव्य मंत्र का निरंतर जाप अत्यंत फलदाई है। साथ ही भक्ति ज्ञान वैराग्य इन तीनों की प्राप्ति से ही जीवन रसमय ही सकता है तथा सत्संग ही प्रभु दर्शन का मार्ग है। साथ ही शिवलिंग स्वरूप निराकर है, जिस पर शिव अनुग्रह करते हैं, वो मोक्ष को प्राप्त करता है। स्वामीजी ने आगे व्याख्यान में बताया कि तीर्थ क्षेत्र में दान करनेवालों को शिवजी पापों से मुक्ति देकर सभी बंधनों से मुक्त करते हैं। शिवजी की आंख से प्रगट रुद्राक्ष शिवजी को अत्यंत प्रिय है। महादेव श्रृष्टि का उत्पनकर्ता - पालनकर्ता एवं संघहारकर्ता हैं। उनका स्वरूप निर्विकार है। ईश्वर सबमें अंतर्यामी बन कर विद्यमान हैं। ईश्वर को प्रपंच, अहंकार पसंद नही हैं। ये सब छोड़ कर जो उनकी शरण में जाते हैं, उन्हें भक्ति पुरुस्कार में मिलती है। महाशिवपुराण के व्याख्यान समाप्ति के बाद श्री ज्योति बजाज एवं उनके परिवार द्वारा शिवपुराण की महाआरती निवेदित की गयी। साथ ही प्रसाद वितरण के साथ आज के तृतीय दिवस का कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय शंकर साबू, ज्ञान प्रकाश बागला, अमित जलान, गौरव शर्मा, सुमित महलका, राकेश सारस्वत, महेश शर्मा, सुनील मोदी, प्रदीप अग्रवाल, विनोद शर्मा का योगदान रहा।

# बिरसा मुंडा जेल में सुसाइड करनेवाले कैदी के तीन बच्चों को मिलेगा मुआवजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिरसा मुंडा जेल में आत्महत्या करने वाले छोटू तिवारी के तीन छोटे बच्चों को मुआवजा मिलेगा। इसे लेकर गृह सचिव अविनाश कुमार ने रांची डीसी राहुल सिन्हा को आदेश दिया है। गृह सचिव द्वारा डीसी को दिये आदेश में कहा गया है कि मृत विचाराधीन बंदी छोटू तिवारी के तीन बच्चे पलक कुमारी को 1.66 लाख, अदिति कुमारी 1.66 लाख और दिपांसी कुमारी को 1.66 लाख आर्थिक सहायता राशि का भुगतान किया जाये।

**पत्नी की हत्या के आरोप में गया था जेल :** दरअसल होटवार जेल में बंद छोटू तिवारी ने 8 अप्रैल 2020 की दोपहर अपने सेल में ही गमछा के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या ली थी। उसको 28 मार्च 2020 को पंडरा थाने की पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार करके जेल भेजा था। छोटू तिवारी मूल रूप से नगड़ी का रहने वाला था और वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ किराये के घर में पंडरा स्थित पाहन टोली में रहता था।

## विधायक कुमार जयमंगल सिंह के नेतृत्व में एनएसयूआइ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की




**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड एनएसयूआइ के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक कुमार जयमंगल सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सीएम को एक ज्ञापन भी सौंपा। इसमें बताया कि योगदा सत्संग कॉलेज रांची के प्राचार्य जेपीएससी द्वारा अयोग्य घोषित किये गये हैं। प्राचार्य डॉ श्याम पांडेय रांची विश्वविद्यालय के आदेश के बाद भी पद पर काबिज है और विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस मामले में भेदभाव और कॉलेज प्रबंधन के इशारों पर कार्यवाही नहीं कर रहा है। इस पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को इस मामले में न्यायोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में एनएसयूआइ के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिकेत राज, सचिव रोहित पांडेय शामिल थे।

## मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया



**रांची (आजाद सिपाही)।** अल्पसंख्यकों, मोमिनों के ज्वलंत मुद्दों और समस्याओं को लेकर मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उन्हें 11 सूत्री मांगपत्र सौंपा। अल्पसंख्यकों व मोमिनों की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए ज्ञापन में कहा कि झारखंड में मोमिनों को राजनीतिक में उचित भागीदारी दी जाये। अल्पसंख्यकों के शिक्षा एवं विकास से जुड़े बोर्ड, आयोग, निगम और समितियों का अविलंब गठन किया जाये। मॉबलिंचिग में मारे गये लोगों के परिवारों के जीवन यापन की समुचित व्यवस्था की जाये तथा शांति और स्वच्छ वातावरण में समुचित विकास के अवसर प्रदान किया जाये। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उपरोक्त सभी मामलों के समाधान के लिए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन भी मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल में मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय महासचिव सगीर अंसारी, रांची जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद, यूथ मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश महासचिव शाहबाज अहमद, नौशाद अंसारी, रेशमा बेगम आदि शामिल थे।

## भगवान बिरसा मुंडा संग्रहालय के मामले में हस्तक्षेप करें मुख्यमंत्री : संजय सेठ



**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची में बने भगवान बिरसा मुंडा के ऐतिहासिक संग्रहालय को तहस-नहस किए जाने के मामले पर रांची के सांसद संजय सेठ ने कड़ा एतराज जताया है। सांसद ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार और प्रशासन पूरी तरह से आदिवासी विरोधी काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड सहित देशभर में पूजे जाते हैं। ऐसे व्यक्तित्व के नाम पर बने संग्रहालय के साथ छेड़छाड़ करना, वहां तहस-नहस करना, यह राज्य सरकार की भगवान बिरसा मुंडा के प्रति सोच को दर्शाने वाला है। सांसद ने इस मामले में सीधे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हस्तक्षेप की मांग की है और कहा है कि कार्यक्रम के नाम पर संग्रहालय को बर्बाद करना कहीं से भी उचित नहीं है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा संग्रहालय का लोकार्पण किया। यह संग्रहालय हमारे गौरव और आस्था का केंद्र है लेकिन दुर्भाग्य है कि राज्य की यूपीए सरकार उसे बर्बाद करने पर आमादा है। सांसद ने राज्य सरकार और प्रशासन पर तंज कसते हुए कहा कि राज्य सरकार महापुरुषों के लिए कुछ कर नहीं सकती तो कम से कम जो अच्छा काम हुआ है, उसे बर्बाद तो मत करे।

## कुरमी/कुड़मी, घटवार, तेली को एसटी और चंद्रवंशी को एसटी या एससी की सूची में शामिल करे सरकार : डॉ लंबोदर महतो



**रांची (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने राज्य सरकार से छोटानागपुर की कुरमी/कुड़मी (महतो), उत्तरी छोटानागपुर व संथाल परगना की घटवार तथा तेली (कोल्ह) को अनुसूचित जनजाति और चंद्रवंशी ( कहार) को अनुसूचित जाति या जनजाति की सूची में शामिल करने की वकालत की है। उन्होंने यह मांग आज झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को शून्यकाल में पुरजोर तरीके से उठाया। आजसू पार्टी के विधायक ने सदन को बताया कि 23 नवंबर 2004 को झारखंड सरकार की मंत्री परिषद की बैठक में में प्रस्ताव संख्या (1) में छोटानागपुर की कुरमी/ कुड़मी (महतो ), उत्तरी छोटानागपुर व संथाल परगना की घटवार (घटवाल) एवं राज्य की तेली (कोल्ह) को अनुसूचित जनजाति और चंद्रवंशी (कहार) को अनुसूचित जाति या जनजाति की सूची में शामिल करने का निर्णय का लिया गया था बावजूद इसके इस मामले पर अब तक राज्य सरकार का रवैया उदासीन बना हुआ है। सदन के माध्यम से राज्य सरकार से हमारी यह मांग है की इस विषय पर राज्य सरकार तत्काल सकारात्मक रूप से कदम उठाये।

### पवन यादव हत्याकांड का रामगढ़ पुलिस ने किया खुलासा

# पैसे की लेनदेन में दो भाइयों ने दोस्त को उतारा मौत के घाट

**मामले में दो भाई, मां और एक अन्य साक्ष्य छुपाने के आरोप में गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** पवन यादव हत्याकांड मामले में रामगढ़ थाना पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर कांड में संलिप्त दो सगे भाई, उसकी मां एवं अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले खुलासा गुरुवार को एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने रामगढ़ थाना में प्रेस कांन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों को दी। एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने बताया कि हत्या के बाद एसपी के द्वारा गठित एसआइटी छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने कांड में वैज्ञानिक विधि के साथ संग्रह करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा। पकड़े गये आरोपियों से गहन पूछताछ के दौरान हत्या में संलिप्त एक महिला व अन्य युवक को गिरफ्तारी किया गया। इनके निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, कपड़ा, मोटरसाइकिल, मृतक का मोबाइल को बरामद किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि पकड़े गए आरोपी और मृतक पवन यादव आपस में मित्र हैं। जिनके बीच बकाया पैसे को लेकर विवाद हुआ और 1 अगस्त की रात्रि सुनियोजित योजना के अनुसार जारा टोला स्थित राधा गोविंद स्कूल के पास सुनसान मैदान में पवन यादव को बेरहमी से चाकू मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। जिसे पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान पवन यादव की मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के परिजन ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है।

**इन लोगों को किया गया गिरफ्तार**

पुलिस ने हत्या में प्राथमिकी अभियुक्त विकास नगर राज होटल के नजदीक निवासी मो हमास उर्फ मोटा, मो आजाद उर्फ सूर्या, अप्राथमिकी अभियुक्त कौशर जहां व सोनू यादव शामिल है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से की गयी जब्त सामान**

गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से कांड में प्रयुक्त खून लगा चाकू, मो हमास का खून लगा कपड़ा, एक मोटरसाइकिल संख्या जेएच 02ए एन 7631 व मृतक पवन यादव का मोबाइल को जब्त किया गया।

**छापामारी टीम में ये थे शामिल**

छापामारी दल में में एसडीपीओ रामगढ़ किशोर कुमार रजक, रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रोहित कुमार, सब इंस्पेक्टर सैनिक समद, प्यारे हसन, नवीन कुमार, प्रभात कुमार, सुरेंद्र सिंह कुंतिया, रौशन कुमार, मंटू चौधरी, श्यामनंदन सिंह सहित रामगढ़ थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# आदिवासी अधिकारों को कुचलने की हो रही है गंभीर साजिश : बंधु तिर्की

### मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने की मांग पर दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली / रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष्य रूप से उन तत्वों को अपना संरक्षण देते हैं, जो आदिवासी अधिकारों को कुचलने पर आमादा हैं। श्री तिर्की गुरुवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर आयोजित धरना कार्यक्रम में बोल रहे थे।

श्री तिर्की ने आरोप लगाया कि मणिपुर की घटना ना केवल आदिवासी अधिकारों को कुचलने की बात है, बल्कि उनकी सभ्यता, संस्कृति, जल, जंगल, जमीन के साथ उसके सामंजस्य और सम्मान को भी कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह समझना बहुत बड़ी भूल है कि मणिपुर की घटना केवल महिला सम्मान और महिला अस्मिता पर हाथ डालने का प्रयास है। यह वास्तव में आदिवासियों द्वारा अपनी आवाज को उठाने के प्रयास को दबाने का तरीका है। उन्होंने कहा कि कुल मिला कर भारत एक लोकतांत्रिक देश है और प्रधानमंत्री सभी के होते हैं, इसलिए उनसे हमें बहुत अधिक आशा होती है, चाहे वह किसी भी पार्टी का हों, लेकिन यह घटना वाकई में दुर्भाग्यपूर्ण है और बहुत कुछ सोचने पर मजबूर कर देती है।

केंद्र सरकार द्वारा पारित वन अधिकार कानून की कड़ी आलोचना करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि इसके बाद ग्राम सभा के अधिकार समाप्त हो गये हैं और सरकार या उद्योगपति बिना ग्राम सभा की सहमति के किसी भी आदिवासी जमीन पर कब्जा कर सकती है।

इस धरना कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के नेतृत्व में लगभग 500 लोगों ने भाग लिया। वे सभी लगभग एक किलोमीटर की यात्रा कर इस धरना कार्यक्रम में पहुंचे। साथ में झारखंड का सांस्कृतिक दल भी शामिल थे।

# बैगा बिरहोर परिवारों के बीच चलाया जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव प्रज्ञा वाजपेयी के निर्देश पर हंटरगंज के चकला और पिपरा गांव में बिरहोर, बैगा परिवार के बीच विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के पीएलबी कुमार विवेक रंजन और सरयू यादव ने संयुक्त रूप से चलाया। इस दौरान बिरहोर और बैगा परिवार को सरकार के द्वारा चलाए जाने वाले योजनाओं का लाभ उठाने के साथ ही बैगा बिरहोर परिवार को अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए उत्प्रेरित किया गया। इस दौरान बिरहोर द्वारा कई समस्याओं को रखा गया। जिसे पीएलबी द्वारा समस्याओं को संबंधित पदाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। वही उरैली पंचायत सचिवालय में आयोजित अंगदान शपथ कार्यक्रम में दोनों पीएलबी ने संयुक्त रुप से अंगदान के महत्व से लोगों को अवगत कराया। साथ ही किसी को नया जीवन देने के लिए अंगदान को आवश्यक बताते हुए मृत्यु के पश्चात अंगदान को एक महान कार्य बताया गया। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### भाजयुमो ने बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग को लेकर दिया धरना

# सत्ता मिलते ही चुनावी वादों को भूली हेमंत सरकार: अविनाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में गुरुवार को स्थानीय नीति, नियोजन नीति और सीटेट में उत्तीर्ण झारखंड के आदिवासी-मूलवासी मेधावी बेरोजगार छात्रों को रोजगार देने की मांग को लेकर रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ने किया। मौके पर झारखंड प्रदेश के प्रमंडलीय प्रभारी अविनाश आर्या ने कहा कि झारखंड सरकार ने चुनावी बिगुल में युवाओं को 5 लाख नौकरी देने का वादा किया था। साथ ही बेरोजगारी भत्ता 6000 से 7000 देंगे। लेकिन सत्ता मिलते ही हेमंत सरकार अपना वादें को भूल गई। युवाओं को सिर्फ ठगने का काम किया गया है। इसके अलावा झारखंड सरकार केवल खनिज संपदा को लूटने में व्यस्त है।

**धरना में ये थे उपस्थित**

भाजयुमो के झारखंड प्रदेश के प्रमंडलीय प्रभारी अविनाश आर्या चंद्रवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, प्रदेश मंत्री पूजा सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, विधायक प्रत्याशी और सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज झा, प्रदेश खेल कला प्रकोष्ठ कीर्ति गौरव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, मंत्री वसुध तिवारी, कोषाध्यक्ष दीनदयाल, भाजयुमो उपाध्यक्ष प्रहलाद पांडे, मंत्री धीरेंद्र साव, नीतीश कुमार, संजय अग्रवाल, मुकेश ठाकुर, रवि साहू, ऋषिकेश सिंह, सूरज कुमार, उमेश प्रसाद, महेंद्र प्रजापति, राजेश सोनी, नरोत्तम सिंह, अनिल ठाकुर, अमित ठाकुर, आकाश साहू सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# युवा नयी सोच और ऊर्जा के प्रतीक : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि युवा नयी सोच और ऊर्जा के प्रतीक हैं। सिर्फ उम्र के आधार पर युवाओं को परिभाषित नहीं करें, जिसे भी भविष्य की चिंता है। आप दोहरी जवाबदेही के लिए आगे आये हैं। आपमें अपने और भावी पीढ़ी की चिंता है। पार्टी जवाबदेही लेनेवाले के लिए अवसर है। सभी युवाओं के साथ मिल कर हमारी पार्टी प्रदेश को आदर्श वातावरण देगी। महतो गुरुवार को रांची स्थित आजसू पार्टी मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में केजी से पीजी में पढ़ने वाले सभी परेशान हैं। पीजी में पढ़ने वाले नौकरी और केजी में पढ़ने वाले शिक्षक के लिए। राज्य में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थी अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। सरकार इस प्रदेश के आज और कल दोनों को बर्बाद कर रही है। प्रदेश के 60 प्रतिशत विद्यालय सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। इस वजह से बच्चों की पढ़ाई छूट जा रही है। सरकार को एक भी छात्र छूटे न और एक भी छात्र टूटे न इस सोच के साथ काम करना चाहिए।

**कई छात्र और युवाओं ने आजसू पार्टी का थामा दामन :** इस अवसर पर पार्टी में कई उच्च शिक्षा प्राप्त छात्र और युवाओं ने आजसू पार्टी का दामन थामा। पीएचडी छात्र सचिन भगत ने कहा कि युवाओं को लोग बरगलाते हैं। आजसू पार्टी स्थानीय मुद्दों को लेकर हमेशा मुखर रही है और पार्टी के मूल मंत्र हमारा प्रयास सामाजिक न्याय और विकास ने भी मुझे बहुत प्रभावित किया है। आज की स्थिति को देख कर युवाओं में काफी आक्रोश है और आजसू पार्टी युवाओं के आक्रोश को एक मंच दे रही है।

## सांसद आदित्य साहू ने अवैध कब्जे और अतिक्रमण के रिकॉर्ड से संबंधित पूछे सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची ।** भाजपा प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने गुरुवार को राज्यसभा में पंचायती राज मंत्री से स्वामित्व योजना के अंतर्गत अवैध कब्जे और अतिक्रमण अधीन जमीन का ब्योरा तैयार करने, झारखंड सहित अन्य जनजातीय बहुल क्षेत्रों में गैर मजरूआ जमीन और सरकारी जमीन के रिकॉर्ड तैयार करने संबंधी सवाल पूछे। सदन में श्री प्रसाद के सवाल का जवाब देते हुए पंचायती राज राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ गांवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण योजना को कानूनी स्वामित्व अधिकार जारी करने के साथ साथ गांवो के आबादी क्षेत्रों में घरों वाले ग्रामीण गृह स्वामियों को अधिकार का रिकॉर्ड प्रदान करने के लिए पंचायती राज मंत्रालय, राज्य राजस्व विभाग, राज्य पंचायती राज विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग के सहयोगात्मक प्रयासों से कार्यान्वित किया जा रहा है। बताया कि इस योजना के तहत भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा ड्रोन तकनीक का उपयोग करके भूखंडों की मैपिंग की जाती है। बताया कि भूमि राज्य का विषय है और भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची का हिस्सा है। इसलिए यह राज्य सरकार पर निर्भर है कि वे अवैध कब्जा या अतिक्रमण के तहत भूमि की पहचान करने और किसी भूमि विवाद को निपटाने के लिए स्वामित्व योजना के अंतर्गत बनाये गये मानचित्रों का उपयोग करें।

## कौशल विकास का उद्देश्य अर्थव्यवस्था क्का विस्तार और युवा प्रतिभा तैयार करना है : राजीव चंद्रशेखर

**राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने कौशल विकास से संबंधित सवाल पूछे**

**केंद्र सरकार के 20 मंत्रालय कौशल विकास योजना को कार्यान्वित कर रहे हैं**

आजादे सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने अतारांकित प्रश्न के माध्यम से राज्यसभा में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय से केंद्र सरकार के द्वारा राज्यों को दी जानेवाली मदद, कौशल विकास की श्रेणी, विषय और कितने मंत्रालयों के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रम का समन्वय हो रहा है, से संबंधित जानकारी मांगी। श्री प्रकाश के सवालों के जबाव में कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के कुशल भारत मिशन (एमआईएम) का उद्देश्य कौशल, पुनः कौशल और कौशल उन्नयन करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे युवा अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ आनेवाले वृहत्त संख्या में अवसरों के लिए तैयार हैं। उन्होंने कौशल विकास की श्रेणी और विषय की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना में पीएमकेवीवाई के अंतर्गत 37 व्यापक क्षेत्रों में, जेएसएस में 11 क्षेत्रों में और सीटीएस में 33 क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें कितने मंत्रालय सहयोग कर रहे है की जानकारी देते हुए बताया कि एमएसडीई के अलावा, केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास, उद्योग, इस्पात, शिक्षा, कृषि, दूरसंचार, सहित 14 अन्य मंत्रालय या विभाग हैं, जो कौशल विकास कार्यक्रम कार्यान्वित कर रहे हैं।

## पेट्रोल पंपकर्मी से नगद और मोबाइल की लूट



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डुमरी गांव के सोवा दाग जिया पेट्रोल पंप में बुधवार की रात्रि 2 बजे एक लूट की घटना को अंजाम दिया गया। जिसमें दो अपाची मोटरसाइकिल से सवार होकर पांच अपराधी आये। सभी अपराधी हेलमेट पहने और मुंह बांधे हुये थे। जिसमें दो अपराधी के हाथ में देसी कट्टा था। अपराधियों ने पेट्रोल पंप में घुसते ही नोजल मैन शालिग्राम सिंह, पप्पू यादव और संतोष सिंह को अपने कब्जे में ले लिया और उनके साथ मारपीट करने लगे। जिसके बाद नोजल मैन शालिग्राम सिंह का मोबाइल और 39,610 रूपया नगद लूट कर चलते बने।

# कितना गंभीर है प्रस्ताव

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा है कि वह भारत के साथ सभी गंभीर मसलों पर बातचीत करना चाहते हैं क्योंकि युद्ध कोई विकल्प नहीं रह गया है। उनकी इस बात में असहमति की कोई गुंजाइश नहीं कि दोनों परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसी देशों के बीच युद्ध कोई विकल्प नहीं रह गया है, लेकिन शाहबाज शरीफ कोई पहली बार बातचीत की पेशकश नहीं कर रहे। इसी साल जनवरी में भी उन्होंने ऐसा प्रस्ताव दिया था। अगर उस प्रस्ताव के बाद हालात में कोई बदलाव नहीं आया, तो उसकी भी ठोस वजहें मौजूद हैं। ध्यान रहे, पिछले बरसों में भारत की तरफ से द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूती देने की कम कोशिशें नहीं हुईं। साल 2014 में सत्ता में आने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे प्रयास शुरू कर दिये थे। उन प्रयासों का फल भी दिख रहा था। बात बिगड़नी शुरू हुई तब, जब भारत की लाख कोशिशों के बावजूद सीमा पार से आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगाने की कोई सार्थक कोशिश नहीं दिखी। मजबूरन भारत को इन आतंकी हमलों पर रोक लगाने की पहल खुद करनी पड़ी। इसके साथ ही भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद और बातचीत दोनों साथ-साथ नहीं चल सकते। दोनों देशों के रिश्तों में दूसरा बड़ा फैक्टर कश्मीर का सवाल है। पाकिस्तान भारत के अपने क्षेत्र में किये गये अनुच्छेद 370 से जुड़े बदलावों को तो मुद्दा बनाता है, हालांकि वह पूरी तरह भारत का आंतरिक मामला है, लेकिन यह नहीं देखता कि दोनों देश शिमला समझौते के तहत यह मान चुके हैं कि कश्मीर एक द्विपक्षीय मसला है। वह मौके-बेमौके इसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता रहता है। ऐसे में यह कैसे माना जा सकता है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री सचमुच रिश्तों को बेहतर बनाने की इच्छा रखते हैं? अगर वह संदेश दें कि पाकिस्तान में कट्टरपंथी और आतंकी तत्वों को फलने-फूलने नहीं दिया जायेगा तो असंभव नहीं कि दोनों देशों के बीच सार्थक बातचीत की प्रक्रिया शुरू हो जाये, लेकिन इन संभावनाओं के बीच इस सचाई को नहीं भुलाया जा सकता कि पाकिस्तान में चुनी हुई सरकारें भी आर्मी के इशारों पर ही काम करती आयी हैं और, शाहबाज सरकार तो चुनी हुई भी नहीं है। इधर पाकिस्तान अंदरूनी राजनीतिक संकट से भी गुजर रहा है, जहां हटाये गये प्रधानमंत्री इमरान खान और आर्मी के बीच टकराव बना हुआ है। दूसरी ओर, इमरान जनता के बीच लोकप्रिय बने हुए हैं। पाकिस्तान में आने वाले समय में संसदीय चुनाव भी प्रस्तावित हैं। इसके बाद यह स्पष्ट होगा कि इमरान या उनके विरोधियों में से जनता किसके साथ है। असल में, दोनों देशों के बीच कोई सार्थक बातचीत तभी हो सकती है, जब पाकिस्तान में सत्ता के अलग-अलग केंद्रों की इस पर एक राय हो। साथ ही, उसे सीमापार से आतंकवाद का खेल भी बंद करना होगा।

**पाकिस्तान अंदरूनी राजनीतिक संकट से भी गुजर रहा है, जहां हटाये गये प्रधानमंत्री इमरान खान और आर्मी के बीच टकराव बना हुआ है। दूसरी ओर, इमरान जनता के बीच लोकप्रिय बने हुए हैं।**

**कोयले का निष्कर्षण एक महत्वपूर्ण उप-उत्पाद के साथ होता है, जिसे ओवरबर्डन के नाम से जाना जाता है। कोयले के खुले खनन के दौरान, कोयले की परत के ऊपर स्थित परत को ओवरबर्डन के रूप में जाना जाता है, जिसमें प्रचुर मात्रा में सिलिका सामग्री के साथ मिट्टी, जलोढ़ रेत और बलुआ पत्थर शामिल होते हैं। नीचे से कोयला निकालने के लिए ओवरबर्डन को हटा दिया जाता है। बाद में, कोयला निष्कर्षण पूरा होने पर, भूमि को उसका मूल आकार प्रदान करने के लिए ओवरबर्डन का उपयोग बैकफिलिंग के लिए किया जाता है।**

# ओवरबर्डन से रेत का उत्पादन : कचरे से कंचन

राजीव आर मिश्रा

भले ही अपने उपभोक्ताओं के लिए कोयला/ लिग्नाइट का उत्पादन और वितरण करने का ही शासनादेश हो, फिर भी कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में कोयला और लिग्नाइट सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) ने लीक से हट कर ओवरबर्डन से बहुत कम कीमत पर रेत का उत्पादन करने वाली एक अनोखी पहल की है। इस पहल से न केवल ओवरबर्डन के कारण रेत गाद से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में मदद मिल रही है, बल्कि निर्माण के लिए सस्ती रेत प्राप्त करने का विकल्प भी मिल रहा है। कोयला सार्वजनिक उपक्रमों में रेत का उत्पादन पहले ही शुरू हो चुका है और अगले पांच वर्षों के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल), नैवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएलसीआइएल) और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) में रेत के उत्पादन को अधिकतम करने के लिए रोडमैप तैयार किया जा चुका है।

कोयले का निष्कर्षण एक महत्वपूर्ण उप-उत्पाद के साथ होता है, जिसे ओवरबर्डन के नाम से जाना जाता है। कोयले के खुले खनन के दौरान, कोयले की परत के ऊपर स्थित परत को ओवरबर्डन के रूप में जाना जाता है, जिसमें प्रचुर मात्रा में सिलिका सामग्री के साथ मिट्टी, जलोढ़ रेत और बलुआ पत्थर शामिल होते हैं। नीचे से कोयला निकालने के लिए ओवरबर्डन को हटा दिया जाता है। बाद में, कोयला निष्कर्षण पूरा होने पर, भूमि को उसका मूल आकार प्रदान करने के लिए ओवरबर्डन का उपयोग बैकफिलिंग के लिए किया जाता है। ऊपर से ओवरबर्डन निकालते समय, मात्रा का स्वेल फैक्टर 20-25 प्रतिशत होता है।

**कोयला मंत्रालय के तहत कोयला एवं लिग्नाइट सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा एक अनूठी पहल**



**अगले कुछ वर्षों में, प्रौद्योगिकी की प्रगति और हमारे देश में विभिन्न स्थानों में भारी मात्रा में होने वाले रेत उत्पादन के साथ, रेत के प्रति घन मीटर कीमत में काफी कमी आएगी, जिससे आम आदमी को निर्माण उद्देश्य के लिए सस्ती रेत उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।**

इस ओवरबर्डन को परंपरागत रूप से अपशिष्ट या बोझ माना जाता है और अक्सर इसके संभावित मूल्य को पहचाने बिना इसे ऐसे ही छोड़ दिया जाता है। हालांकि, सतत अभ्यास और सर्कुलर इकोनॉमी पर बढ़ते फोकस के साथ, ओवरबर्डन के लिए वैकल्पिक उपयोग की खोज करने और इसे कचरे से कंचन में बदलने की दिशा में बदलाव आया है।

**प्रथम पहल :** इस तरह के रूपांतरण की पहली व्यावसायिक पहल सीआइएल की सहायक कंपनी वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) ने 2016-17 के दौरान अपनी खदान में की थी। महाराष्ट्र के नागपुर जिले के भानेगांव खदान में एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था, जहां विभाग की ओर से स्थापित की गई मशीनों के जरिए रेत निकाली जाती थी। इस मशीन की क्षमता 300 घन मीटर प्रतिदिन थी। निकाली गयी रेत का गहन परीक्षण किया गया और अंततः उसे नदी तल से मिलने वाली रेत से बेहतर पाया गया। इसकी कीमत लगभग 160 रुपये प्रति घन मीटर थी, जो बाजार की तत्कालीन कीमत का लगभग 10 प्रतिशत थी। यह रेत प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाइ) के तहत कम लागत वाले घर बनाने के लिए नागपुर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट को दी गयी थी। इसके अलावा दो और विभागीय पहल भी शुरू की गयी।

पायलट परियोजनाओं की सफलता पर, डब्ल्यूसीएल ने नागपुर के पास गोंडेगांव खदान में देश के सबसे बड़े रेत उत्पादन संयंत्र को चालू करके रेत का व्यावसायिक उत्पादन शुरू किया। यह इकाई बाजार मूल्य से लगभग आधी कीमत पर प्रतिदिन 2500 घन मीटर रेत का उत्पादन करती है।

**सरकारी इकाइयों के साथ साझेदारी और स्थानीय बिक्री :** नागपुर के सबसे बड़े रेत उत्पादक संयंत्र से उत्पादित रेत का बड़ा हिस्सा बाजार मूल्य के एक तिहाई पर एनएचएआई, एमओआईएल, महा जेनको जैसी सरकारी इकाइयों और अन्य छोटी इकाइयों को दिया जा रहा है। बाकी रेत को बाजार में खुली नीलामी के माध्यम से बेचा जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी सस्ती कीमत पर रेत मिल रही है।

**कचरे से कंचनः एक आदर्श बदलाव :** ओवरबर्डन, जिसे कभी अपशिष्ट या बेकार पदार्थ समझा जाता था, अब उसे एक मूल्यवान संसाधन माना जा रहा है। रेत प्रसंस्करण इकाइयां भी जबरदस्त रोजगार के अवसर पैदा कर रही हैं, क्योंकि बड़ी संख्या में स्थानीय आबादी न केवल उत्पादन इकाई में, बल्कि ट्रकों के माध्यम से उपभोक्ताओं तक रेत को ले जाने के लिए उसकी लोडिंग और आपूर्ति जैसी कार्यों में शामिल हो रही है।

**विस्तार की योजनाएं और समाज पर प्रभाव :** इस सकारात्मक दृष्टिकोण और ओवरबर्डन के वैकल्पिक उपयोग की खोज के एक भाग के रूप में, सीआईएल ने देश के पूर्वी और मध्य भाग में अपनी सहायक कंपनियों में कई ओवरबर्डन प्रसंस्करण संयंत्र और रेत उत्पादन संयंत्र चालू किए हैं।

इस स्थायी प्रयास के हिस्से के रूप में, कोयला सार्वजनिक उपक्रम में ओवरबर्डन से नौ रेत उत्पादन/ प्रसंस्करण संयंत्र पहले से ही उत्पादन में हैं, जिनमें से चार एससीसीएल में, तीन डब्ल्यूसीएल में और एक-एक एनसीएल और ईसीएल में हैं। इन रेत उत्पादन/ प्रसंस्करण संयंत्रों की कुल वार्षिक क्षमता लगभग 5.5 मिलियन क्यूबिक मीटर प्रति वर्ष है। इसके अलावा, सीआईएल की विभिन्न सहायक कंपनियों में ओवरबर्डन से रेत उत्पादक चार संयंत्र निविदा के विभिन्न चरणों में हैं। लिग्नाइट उत्पादक कंपनी एनएलसीआईएल भी दो रेत उत्पादक संयंत्र लगा रही है। इन सभी नए आगामी संयंत्रों की कुल वार्षिक रेत उत्पादन क्षमता लगभग 1.5 मिलियन क्यूबिक मीटर प्रति वर्ष होगी।

**भविष्य का मार्ग :** अग्रणी पहलों के माध्यम से, कोयला/ लिग्नाइट सार्वजनिक उपक्रम रेत उत्पादन और खपत के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का नेतृत्व कर रहे हैं, जो पर्यावरणीय स्थिरता और सामाजिक कल्याण में योगदान दे रहा है। कोयला मंत्रालय किफायती मूल्य पर ओवरबर्डन से और भी अधिक मात्रा में रेत का उत्पादन करने के लिए कोयला/ लिग्नाइट सार्वजनिक उपक्रम को लीक से हटकर इस पहल को शुरू करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

अगले कुछ वर्षों में, प्रौद्योगिकी की प्रगति और हमारे देश में विभिन्न स्थानों में भारी मात्रा में होने वाले रेत उत्पादन के साथ, रेत के प्रति घन मीटर कीमत में काफी कमी आएगी, जिससे आम आदमी को निर्माण उद्देश्य के लिए सस्ती रेत उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। साथ ही इससे नदी तल की रेत के इस्तेमाल को भी कम करने में मदद मिलेगी, जो बदले में पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद होगा।

**(लेखक : वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के पूर्व सीएमडी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# लोडेट पिस्टल के साथ दो गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल थाना अंतर्गत एनएच-33 के फदलूगोड़ा काली मंदिर के समीप हथियार का भय दिखाकर छेड़खानी करने के मामले में दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियो में पुरुषोत्तम पांडे उर्फ रवि पांडे व लोकेश पांडे शामिल है। एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया बुधवार रात्रि लगभग 9:20 बजे फदलूगोड़ा काली मंदिर के पास दो युवक पिस्तौल के आड़ में आसपास के दुकान आते- जाते पुरुष व महिलाओं को भय दिखाकर छेड़खानी करने की जानकारी मिली। जिसके बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए काली मंदिर के पास घेराबंदी कर दो संदिग्ध व्यक्ति को भागते देखा खदेड़ कर पकड़ा लिया। जिनकी तलाशी लेने पर पुरुषोत्तम पांडे उर्फ रवि पांडे के पास से एक लोडेड पिस्तौल, एक मोबाइल बरामद कर लिया। वही दूसरे युवक लोकेश पांडे के पास से एक मोबाइल बरामद किया गया। एक युवती ने बताया कुछ देर पहले दोनों पकड़ाए व्यक्तियों के द्वारा अभद्र टिप्पणी एवं छेड़खानी किया गया। पिस्तौल का भय दिखाकर डराया गया। जिसके बाद पुलिस पदाधिकारी द्वारा दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद गुरुवार को दोनो आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी ने बताया जिले में ऐसे किसी भी अपराधियों को पनपने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने बताया पकड़ाए दोनों युवकों का आपराधिक इतिहास पता लगाया जा रहा है। हजारीबाग से सरायकेला आने का क्या कारण हो सकता है, इस पर गहराई से जांच किया जा रही है। उन्होंने आशंका जताई किसी आपराधिक गिरोह के लिए दोनों युवक काम करते हैं।

## होमगार्ड एक्ट में संशोधन करने का आग्रह




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** होमगार्ड एक्ट के संशोधन की मांग को लेकर देश भर के लगभग 8 लाख होमगार्ड जवान एकत्रित होने लगे हैं। गुरुवार को इसकी जानकारी गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवा संघ के प्रदेश प्रवक्ता कमल शर्मा ने दी। उन्होंने बताया इसको लेकर विगत वर्षों से अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। लौहनगरी जमशेदपुर से गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवा संघ के प्रदेश प्रवक्ता कमल शर्मा ने बताया होमगार्ड एक्ट में संशोधन की मांग वर्षों पुरानी है। इसको लेकर देश के प्रधानमंत्री,गृहमंत्री को ट्विटर ग्रुप के माध्यम से जानकारी दी गई है। इससे पूर्व राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो के नाम मांग पत्र सौंपा गया। राज्य के दोनों वरीय नेताओं ने गृह मंत्री के नाम पत्र लिखे हैं। लेकिन अभी तक कोई जवाब प्राप्त नही हुआ। श्री शर्मा ने कहा गृहरक्षकों को जागृत करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय मजदूर संघ के अध्यक्ष सांता प्रकाश जाटव के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। ताकि पूरे भारतवर्ष के गृहरक्षकों को उचित न्याय मिल सके। श्री शर्मा ने देश के प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से होमगार्ड एक्ट में संशोधन के लिए आग्रह किया गया।

## उपायुक्त ने जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति के साथ की बैठक

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने और अफसरों को एक्टिव मोड में रहने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के डीसी रविशंकर शुक्ला ने गूगल मीट के माध्यम से जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति के साथ बैठक की। गुरुवार को बैठक में दिए गये दिशा निर्देशों का समीक्षा किया। गया। उपायुक्त ने लगातार हो रही बारिश से स्वर्णरेखा व खरकाई नदी मे जल स्तर बढ़ने से प्रभावित क्षेत्रो मे राहत कार्य की जानकारी ली।सभी वरीय पदाधिकारी व क्षेत्रीय पदाधिकारी को प्रभावित क्षेत्र में विशेष निगरानी रखने का निदेश दिए। बैठक में स्वर्णरेखा व खरकई के कार्यपालक अभियंता ने बताया वर्तमान में जल स्तर खतरे के निशान से नीचे है। वही आदित्यपुर नगर निगम के अपर नगर आयुक्त ने बताया नगर निगम क्षेत्र मे प्रभावित होने वाले वार्ड 10 में शेल्टर हाउस का चयन कर लिया गया। साथ ही लोगो को विभिन्न माध्यम से जागरूक भी किया जा रहा। वही अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल ने बताया चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के प्रभावित क्षेत्रों के लिए सेंटर हाउस का चयन किया गया। प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की सहायता के लिए 4 वोट की व्यवस्था कर ली गई। डीसी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को अनुमंडल स्तर पर सूची तैयार करने, गोताखोरों के साथ बैठक कर आवश्यकतानुसार उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिए।



वही नगर निकाय क्षेत्र के सिटी मैनेजर व अंचलाधिकारी को मछुआरों के साथ बैठक कर आवश्यकतानुसार उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में गोताखो, सेफ्टी कीट व अन्य जरूरत की सुनिश्चित करने के निदेश दिए। उपायुक्त ने कहा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बनाए गए शेल्टर हाउस में रह रहे लोगों के लिए भोजन-पानी बच्चों के लिए दूध-बिस्किट, ब्रेड तथा मेडिकल किट की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में डीसी के साथ उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हरविंदर सिंह,अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, अपर नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला-चांडिल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित सभी नगर निकाय क्षेत्र के कार्यपालक पदाधिकारी व कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहें।

**आवश्यकतानुसार प्रभावित क्षेत्रो मे गोताखोर, मोटर बोट, सेफ्टी जैकेट एवं मेडिकल किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश।**

## स्व. मनमोहन चौधरी और स्व.जय नारायण सिंह के शोक संतप्त परिजनों से मिले अर्जुन मुंडा

# श्रद्धांजलि अर्पित कर बंधाया ढांढ़स

आजाद सिाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता मनमोहन चौधरी व जय नारायण सिंह के निधन पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया। गुरुवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बारीडीह विद्यापति नगर स्थित स्व. मनमोहन चौधरी के आवास एवं बिरसानगर स्थित स्व. जय नारायण सिंह के घर जाकर दिवंगत आत्मा की शांति की





प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दिवंगत नेताओं के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों का ढाँढस बंधाया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष बिनोद सिंह, जिला मंत्री जितेंद्र राय, भाजपा बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर, बिरसानगर मंडल अध्यक्ष बबलू गोप, सत्यप्रकाश सिंह, अनिल सिंह, निर्मल सिंह, संजय शर्मा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कृषकों की द्वितीय किस्त की राशि का मामला विधायक मंगल कालिंदी ने सदन में रखा

आजाद सिपाही सवांददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा मॉनसून सत्र के के दौरान जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने अपनी बात रखते हुए कहा जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र के पटमदा व बोड़ाम लैम्पसों में कृषकों के द्वारा अपनी उपज धान को न्यूनतम समर्थन मूल्य में सरकार को दिया गया। पटमदा लैंम्पस में 164, बांगुरदा लैम्पस में 219, गोबरघुसी लैंम्पस में 104, बोड़ाम लैंम्पस में 48 कृषकों को उनका द्वितीय किस्त की राशि आज तक नहीं मिला। जिस कारण



कृषकों की स्थिति काफी दयनीय हो गयी है।

कालिंदी ने आसन के माध्यम से लोकहित व जनहित में यथाशीघ्र कृषकों का द्वितीय किस्त की राशि देने हेतु सरकार से आग्रह किया।

# राष्ट्रीय महिला इंटक की अध्यक्ष बनी देविका सिंह, भव्य स्वागत



आजाद सिपाही सवांददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गुरुवार को जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत में आयोजित सम्मान समारोह में नव नियुक्त इंटक के राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती देविका सिंह को बुके के कर व शॉल प्रदान कर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने स्वागत सह सम्मान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने कहा जमशेदपुर वासियों व कांग्रेस कार्यकत्ताओं के लिए यह गर्व की बात है। प्रथम बार जमशेदपुर का एक महिला नेत्री मजदूर क्षेत्र में सेवा प्रदान कर इंटक के राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष बनी है। जिला कांग्रेस कमिटी के तरफ से उनके सफला की कामना करते है। आशा है श्रीमती देविका सिंह राष्ट्र स्तर पर मजदुर हित में आवाज बनेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, एल बी सिंह, प्रदेश सचिव खगेनचन्द्र महतो, राकेश तिवारी, सामंता कुमार, जिला उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र तिवारी, राजकिशोर यादव, संजय सिंह आजाद, जिला महामंत्री अशोक सिंह क्रांतिकारी, रंजीत सिंह, उदय कुमार सिंह, ज्योति मिश्र, सलीम खान कोषाध्यक्ष, जिला सचिव रानी राव, वरीय नेत्री ऊषा सिंह, गायत्री दास, पुनीता चौधरी, सीताराम चौधरी, चौबेजी, जिला महामंत्री युवा सन्नी सिंह, एनएसयुआई अध्यक्ष सचिन कुमार सिंह सहित सैकड़ो कांग्रेसी शामिल रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## डीसी-एसपी ने संयुक्त रूप से मंडल कारा गढ़वा में कैदी सेल का किया औचक निरीक्षण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अगुआई में पुलिस अधीक्षक गढ़वा के साथ संयुक्त रूप से बुधवार दो अगस्त की रात्रि में मंडल कारा गढ़वा में कैदी सेल का औचक निरीक्षण किया गया। इसके लिए उपायुक्त के द्वारा अलग-अलग दल गठित कर छापेमारी के लिए दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया था। जिसमें राज महेश्वरम अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, कुमार मयंक भूषण अंचल अधिकारी गढ़वा अरुणा कार्यपालक दंडाधिकारी गढ़वा निकिता बाला, कार्यपालक दंडाधिकारी गढ़वा नितेश भास्कर, प्रखंड विकास पदाधिकारी मझिआंव और फणीश्वर रजवार, प्रखंड विकास पदाधिकारी डंडा ने अलग-अलग सेल में पुलिस पदाधिकारी और सुरक्षा बल के साथ उपस्थित होकर छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान किसी भी खेल से कोई आपत्तिजनक सामग्री प्राप्त नहीं हुई। उपायुक्त के द्वारा जेलर से कैदियों की सुविधा से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई, जिसमें बताया गया कि सभी कैदियों को समय पर चाय/भोजनादि उपलब्ध कराया जाता है। स्वास्थ जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मी प्रतिनियुक्त हैं, जो जेल के कैदियों की नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करते हैं। निरीक्षण के समय कैदी सेल/शौचालय, रसोईघर सहित जेल परिसर का साफ-सफाई संतोषजनक पाया गया।

## गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय प्रांगण में मनाया गया ग्रीन डे




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पर्यावरण संवर्धन व संरक्षण के उद्देश्य से गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय प्रांगण में, महाविद्यालय एनएसएस यूनिट की सहभागिता से बुधवार को ग्रीन डे मनाया गया। ग्रीन थीम पर आधारित आज के इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संजुक्ता सिंह ने अध्यापक एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि सुखद जीवन के लिए समृद्ध पर्यावरण की आवश्यकता है। जिसके लिए हम सभी को पहल करने की जरूरत है। उन्होंने छात्राओं और उपस्थित अन्य लोगों से अपील की कि अपने घर के आसपास में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसके संवर्धन की पूरी जिम्मेवारी लें। आज के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण से संबंधित है और हम यह संकल्प लें कि पर्यावरण की सुरक्षा में हमारी सहभागिता हो। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राध्यापक शीशम साहू, एसएन राय, अनीता तूफानी, डॉ कविता, रंजीत कुमार, महिपाल सिंह, राज अखौरी, सुनीता प्रीति सिंह, अशोक कुमार पाठक, नीता सिंह, राकेश कुमार पाल साथ ही महाविद्यालय के अन्य अध्यापक गण व शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

## सड़क के दोनों किनारे युद्धस्तर पर किया जा रहा है पौधरोपण



**केतार (आजाद सिपाही)।** गढ़वा उत्तरी वन प्रमंडल के द्वारा केतार प्रखंड क्षेत्र के चांदडीह से हरिहरपुर मुख्य पथ के दोनों किनारे पौधरोपण कराया जा रहा है। जानकारी देते हुए फोरेस्टर ओमप्रकाश उरांव ने बताया कि सड़क के दोनों किनारे अशोक, आसन, महोगनी, शीशम, अर्जुन, करंज, नीम, जामुन सहित अन्य प्रजाति का छायादार वृक्ष युद्धस्तर पर लगाया जा रहा है। पौधरोपण के बाद उसे बांस से घेर दिया जा रहा है ताकि नुकसान होने से बचाया जा सके। साथ ही समय समय पर देखभाल किया जाएगा। इस मौके पर दिलीप यादव, बीरबल राम सहित मजदूर उपस्थित थे।

## रंकाकला में बारिश से गिरा मिट्टी का घर



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल के रंकाकला गांव निवासी पेंटर चंदन कुमार का राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के बगल में स्थित मिट्टी का पुराना घर बुधवार को संध्या सात बजे बारिश से गिर गया है। घर गिरने से किसी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई। चंदन कुमार का पूरा परिवार चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। किंतु मिट्टी का घर गिरने से उनकी मोटरसाइकिल, पानी सप्लाई का मोटर सहित अन्य जरूरी सामान मिट्टी में दब कर खराब हो गया। जिससे चंदन कुमार के परिवार जनों को काफी नुकसान पहुंचा है और कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भुक्तभोगी चंदन कुमार एक गरीब व्यक्ति हैं। उन्होंने रंकाकला पंचायत की मुखिया सविता कुमारी एवं मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया से प्रधानमंत्री आवास मुहैया कराने की मांग की है।

**प्रदर्शन :** जिला मुख्यालय पर भाजयुमो के महाधरना कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा

# झामुमो सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के नाम पर ठगा है

- झामुमो सरकार में युवा त्रस्त और मंत्री विधायक मस्त हैं : ओम प्रकाश केशरी
- झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक सिर्फ अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं : रघुराज पांडेय




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय पर महाधरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विषय प्रवेश कराते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के नाम पर ठगने का काम किया है। अबतक नियोजन नीति व स्थानीय नीति बनाने में हेमंत सरकार फेल साबित हो चुकी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि झामुमो सरकार में युवा त्रस्त और मंत्री विधायक मस्त हैं। युवाओं को रोजगार के लिए भटकना पड़ रहा है। झामुमो सरकार में युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। गढ़वा जिले से युवाओं को पलायन करना पड़ रहा है।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पाण्डेय ने कहा कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक सिर्फ अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। जनता त्राहि त्राहि कर रही है। झामुमो सरकार ने जनहित में एक भी योजना नहीं बनायी। झामुमो सरकार सिर्फ पोस्टर मास्टर बन चुकी है, लेकिन वर्तमान में सत्तासीन झामुमो का चाल चरित्र जनता देख रही है। आनेवाले दिनों में झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता संकल्प ले चुकी है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक गढ़वा का विकास नहीं बल्कि विनाश कर रहे हैं।

भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे ने कहा कि झामुमो सरकार नियोजन नीति स्थानीय नीति बनाने के नाम पर सिर्फ दिखावा करती है। जनता की समस्या से झामुमो के लोगों को कोई मतलब नहीं है। बिजली कटौती मामले में झामुमो के जनप्रतिनिधि मौन साधे हुए हैं। आयुष्मान भारत योजना जिला में बंद है। इससे गरीब जनता का इलाज नहीं हो रहा है। झामुमो विधायक मंत्री मौन हैं। वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। चारों तरफ लूट मचा हुआ है।

कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से भाजपा नेता मुरली श्याम तिवारी, बिनोद तिवारी, उदय कुशवाहा, संजीत तिवारी, राजीव रंजन पासवान, मनोज पाठक, लक्ष्मीकांत पाण्डेय सहित अन्य कई लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नशरुद्दीन अंसारी, अरविंद धर दूबे, नवीन जायसवाल, ओमप्रकाश पासवान, भाजयुमो गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, प्रिंस तिवारी, शिवनारायण चंद्रा, खुर्शीद आलम, रामसरेश तिवारी, आयुष दुबे, प्रताप जायसवाल, ज्ञान रंजन चौबे, अभिषेक तिवारी, हरेंद्र तिवारी, ब्रजेश धर दुबे, भीम खान, बिपिन तिवारी, सुजीत ठाकुर, सुभाष दीक्षित, कंचन पाण्डेय, जुगुल दुबे, विश्वनाथ राम, अरविंद उपाध्याय, मनौवर खान, चंदन मेहता सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## अरगोड़ा पुलिस ने चिटफंट मामले में फरार आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया

- फरार आरोपी फैजान अंसारी पर झारखंड के विभिन्न थानों में अरबों रुपये की ठगी का मामला दर्ज है





आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** रांची स्थित अरगोड़ा थाना के एएसआई सुबोध कुमार स्थानीय विशुनपुरा थाना के एएसआई निरंजन राम के सहयोग से चिटफंड के मामले में छह वर्षों से फरार चल रहा विशुनपुरा निवासी फैजान अंसारी पिता उष्मान अंसारी के मकान पर इश्तेहार चिपकाया है। पुलिस की गिरफ्त से छह वर्षों से फरार आरोपी फैजान अंसारी पर झारखंड के विभिन्न थानों में अरबो रुपये की ठगी का मामला दर्ज है। केस अनुसंधानकर्ता अरगोड़ा थाना एएसआई सुबोध कुमार ने बताया कि अरगोड़ा थाना कांड संख्या 202/16 धारा 406, 420 भादवि आईपीसी के तहत प्राथमिकी अभियुक्त फैजान अंसारी के ऊपर मामला दर्ज है।

उन्होंने बताया कि फैजान अंसारी अपने सहयोगी शहाबुदीन अंसारी, नजरुल मियां, हशीना बीबी के साथ मिल कर चिटफंड आयाम मल्टी ट्रेड कंपनी के नाम पर लोगों से तीन वर्षों में पैसे को दोगुना कर देने के नाम पर पैसा जमा करवाता था। उन्होंने बताया कि कंपनी के नाम पर असहाय गरीब लोगों से लगभग 22 लाख रुपये की ठगी कर फरार है। अरगोड़ा थाना में राजू गुप्ता के द्वारा 22 लाख रुपये की ठगी का मामला दर्ज कराया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त फैजान अंसारी के ऊपर राज्य के विभिन्न थानों में चिटफंड में अरबों रुपये की ठगी के मामले दर्ज हैं।

इस मामले में मुख्य अभियुक्त फैजान अंसारी लगभग छह वर्षों से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा है, जिसको लेकर अभियुक्त के मकान पर इश्तेहार चिपकाया गया है। अगर आरोपी ने सरेंडर नहीं किया तो जल्द ही न्यायालय के आदेशानुसार मकान की कुर्की की जाएगी।

मालूम हो कि चिटफंड के मामले में ही छह माह पूर्व रामगढ़ एवं बरियातू पुलिस के द्वारा फैजान अंसारी के मकान पर इश्तेहार चिपकाया गया था। उसके बाद मकान की कुर्की भी की गई थी।

अरबों रुपये की ठगी कर फरार आरोपी फैजान अंसारी को झारखंड के रामगढ़, बरियातू एवं अरगोड़ा थाना की पुलिस छह वर्षों से गिरफ्तार करने में लगी हुई है, लेकिन तीन थाना के पुलिस फैजान को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है।

## आरकेपीएस में निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अमृत भारत स्टेशन स्कीम (एबीएसएस) धनबाद रेल मंडल के द्वारा आरकेभीएस के सभागार में आरकेपीएस के कक्षा 7वीं से कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता का विषय 'देश और रेलवे में क्या अच्छा हो रहा है' था। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए भारतीय रेलवे व देश में हो रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पेंटिंग में 44 और निबंध प्रतियोगिता में 49 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 9ए की खुशी कुमारी, कक्षा 10ए की रीतिका केशरी व कक्षा 8ए की श्वैता शर्मा क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 7ए की शाव्या सिंह, कक्षा 7ए की ही सिमरन गुप्ता व कक्षा 8 डी की सुहानी कुमारी क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में सफल रहे सभी प्रतिभागियों को 6 अगस्त को रेलवे अधिकारियों के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद कुमार झा, अनुप कुमार पाण्डेय, राजकुमार और इम्तियाज खान ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## बारिश से घर ध्वस्त

**केतार (आजाद सिपाही)।** केतार पंचायत अंतर्गरत नावाडीह गांव निवासी जबराइल अंसारी का विगत रात्रि बुधवार को खपरैल घर गिर गया। जानकारी के अनुसार जबराइल अंसारी सपरिवार घर में सो रहे थे कि अचानक वर्षा के पानी घर में प्रवेश कर गया जिससे मिट्टी का घर गिर गया। आनन फानन में घर में प्रवेश किया पानी को निकाला गया। घर में पानी जाने से खाने-पीने की सामग्री समेत कुछ कागजात भींग गए। घटना की जानकारी मिलते ही मुखिया प्रमोद कुमार ने पहुंच कर भुक्तभोगी जुबरैल अंसारी को सरकारी प्रावधान के तहत लाभ दिलाने की बात कही।

## 28 सदस्यीय गढ़वा टेबल टेनिस टीम साहिबगंज रवाना



- भारतीय टीम में गढ़वा के खिलाड़ी हों शामिल : अलखनाथ पांडेय
- आप बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपना और जिला का नाम रौशन करें : अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** साहेबगंज में चार अगस्त से आयोजित झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला की 28 सदस्यीय टीम गुरुवार को चोपन-रांची एक्सप्रेस से रवाना हो गई। 28 सदस्यीय टीम को संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडे, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता, अशोक कुमार दुबे, सचिव आनंद सिन्हा, सदस्य अजय ठाकुर और पंकज सोनी ने जीत की शुभकामनाए देते हुए रवाना किया। इस मौके पर संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए जो मेहनत कर रहे हैं उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए आप जा रहे हैं। आप प्रतियोगिता में जिला को चैम्पियन बनाने के साथ साथ चैम्पियन बनकर आयें। आप अपने खेल का शत प्रतिशत लगा दें तो आपको जीत से कोई रोक नहीं सकता है। अभिभावक और संघ आपके बेहतरी के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनका सपना है भारतीय टीम में गढ़वा का खिलाड़ी शामिल हों। आप खेल के दौरान अपने खान पान पर विशेष ध्यान देंगे।

अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि आप बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपना और जिला का नाम रौशन करें, संघ आपको हरसंभव मदद करने को तैयार है। नंद कुमार गुप्ता ने कहा कि आप बेहतर खेलते हुए राज्य में पहला स्थान प्राप्त करें ताकि गढ़वा का नाम रोशन हो सके।

सचिव आनंद सिन्हा ने कहा कि शुक्रवार से साहेबगंज में आयोजित प्रतियोगिता में 28 सदस्यीय टीम भाग लेने जा रही है। टीम के खिलाड़ी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर जिला का नाम रोशन करेंगे। 28 सदस्यीय टीम में अमल कुमार ठाकुर, अमन कुमार पाल, अनिमेष कुमार पाण्डेय, कार्तिक पाल, नितीश कुमार मेहता, अनिल कुमार मेहता, हर्षित कुमार पाण्डेय, सचिन कुमार, रोहन पाल, हिमांशु पाल, उज्ज्वला कुमार, रिशु तिवारी, सक्षम राज, प्रवीण मिश्रा, अनुप कुमार, आशा रानी, मयंक राज, अंजली कुमारी, आयुषी कुमारी, आयुषी कुमारी पाण्डेय, अभिजीत यादव, आयुषी कुमारी, अनुष्का शर्मा, अनिका सिंह को शामिल किया गया है।

बालक टीम का कोच संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे को एवं मैनेजर नागेन्द्र चौधरी को और बालिका टीम का कोच मिस माया को एवं मैनेजर संदीप मिश्रा को बनाया गया है।


**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**सूचना**

विज्ञापन PR No– 303018 दिनांक 22–07–2023 एव कार्यालय ज्ञापांक–753/स0क0 दिनांक 20.07.2023 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में आंगनबाडी केन्द्रों में उपस्थित होने वाले 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक स्वेटर (Hoodie) (Winter Uniform) आपूर्ति हेतु प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

नोटः–उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कोडरमा

PR 303948 Social Welfare, Women and Child Development(23-24)#D

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**सूचना**

विज्ञापन PR No– 303308 दिनांक 26–07–2023 एव कार्यालय ज्ञापांक–780/स0क0 दिनांक 25.07.2023 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में दिव्यांगों के लिए विशेष यंत्र आपूर्ति हेतु प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कोडरमा

PR303949 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D


**विरोध :** सिंचाई के लिए बने पोखरा की रूपरेखा बदलकर छठ घाट बनाने का ग्रामीणों ने जताया विरोध, कहा

# अगर स्थानीय पदाधिकारी से न्याय नहीं मिला तो हम सभी हाइकोर्ट में भी करेंगे अपील

- ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ व्यक्ति अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए छठ घाट के निर्माण का कर रहे हैं प्रयास



आजाद सिपाही संवाददाता

**मंझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 9 ग्राम में स्थित पोखरा जो सिंचाई के लिए वर्षों से उपयोग में होता आया है तथा लगभग 42 एकड़ भूमि उससे सिंचित होती है, जिसकी रूपरेखा बदलकर छठ घाट बनाने के दुष्परिणाम को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। बताते चलें कि वहीं के स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ व्यक्तियों के द्वारा अपने व्यक्तिगत निजी लाभ के लिए छठ घाट के निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। जिसको लेकर यहां के ग्रामीणों के द्वारा विरोध पहले भी किया गया था तथा कार्यपालक पदाधिकारी को दो बार आवेदन भी दिया जा चुका है। ग्रामीणों ने प्रतिवेदन के माध्यम से कहा कि इसके बाद भी कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा अपने एवं संवेदक के व्यक्तिगत लाभ के लिए उक्त कार्य कराने का प्रयास किया जा रहा है जो जनहित में नहीं है तथा तुरंत इस कार्य में हस्तक्षेप कर निरस्त करने की मांग की। साथ ही वहां पर उपस्थित ग्रामीणों ने पोखरा के सीमांकन को लेकर भी आरोप लगाते हुए कहा कि गांव के राजिंद्र पांडे के द्वारा पोखरा का जमीन का अतिक्रमण कर रोड का जमीन पोखरा में डलवा दिया गया। वहीं इस निर्माण कार्य को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि अगर हमें यहां के स्थानीय पदाधिकारी से न्याय नहीं मिलता है तो हम सभी ग्रामीण हाई कोर्ट में भी अपील करेंगे। वहीं निर्माण कार्य का विरोध करने वालों में अशोक विश्वकर्मा, सुनरदेव राम, सरजु राम, पप्पू राम, प्रदुमन कुमार, विकाश कुमार चंद्रवंशी, मंटू कुमार, संदीप कुमार, सोनू कुमार, ओम प्रकाश कुमार, बिपिन कुमार, सत्यम कुमार, मिथुन कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।


**JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD**
TOWNSHIP ADMINISTRATION BUILDING, HEC COMPLEX, DHURWA, RANCHI 834004
Telephone: 0651-2400850 (Fax)/ 2400851/2400852/2401847/2400979/240013
Advertisement No.: B-1919 Dated:02.08.2023

**Applications are invited for Consulting Executive (SRF) only for Schedule Caste (SC) candidates on Contract in Jharkhand State Pollution Control Board (JSPCB) as per detail given below:**

| Name of the Post | Consulting Executive (SRF) |
|---|---|
| Position Available | 1 nos. (Category- Schedule Caste) (This is subject to revision as per requirement). If any selected candidates do not join on time then his seat will be automatically filled by the other candidates of the same category from waiting list. |
| Type of engagement | Year to Year basis on CONTRACT, initially for a period of one year only from the date of joining and may be extended on case-to-case basis depending upon the performance as per Board's requirements |
| Monthly Emolument | SRF- No. of posts -1(Category- Schedule Caste) (42,000+HRA+Medical -allowances, Travelling and Allowances as per Rules) |
| Age Limit | 32 years (as on closing date of advertisement) and 05 years relaxable for SC/ST/OBC/differently -abled persons and female candidates |
| Minimum Education Qualification | Post Graduate (P.G) Degree in Basic Sciences/ Environmental Science (other allied subjects) or B Tech in Environment Engineering/ Civil Engineering/ Chemical Engineering. |
| Mode of selection | Interview Weightage would be given for work experie nce in relevant field. Educational qualification and marks obtained in P.G /B-Tech |
| Place of posting | JSPCB Head Office, Ranchi and JSPCB Regional Offices or any other place as decided by the Competent Authority |
| Enclosers with application | Self-attested copies of the following documents to be submitted along with the application: 1. Proof of Date of Birth 2. Mark Sheets and Degree 3. Certificate for educational qualification 4. Experience Certificate from the Employers (if any) 5. Cast Certificate from Jharkhand Government. |
| Last date for receipt of application. | Not later than 21 days from the date of publication of the advertisement in the newspapers 5:00 P.M |
| Address for sending the application form | Jharkhand State Pollution Control Board TA Division Building (Ground Floor) HEC Campus, Dhurwa, Ranchi- 834004 Application form may be downloaded from JSPCB website www.jspcb.nic.in. Incomplete application form shall not be considered. For clarifications please send your queries on email- ranchijspcb@gmail.com. |

PR 303899 Jharkhand State Pollution Control Board(23-24)D (Yatindra Kumar Das) Member Secretary

# छात्र-छात्राओं को प्रतिस्पर्द्धा के लिए तैयार करना जरूरी : डीसी

**प्लस टू उच्च विद्यालय कर्रा में ज्ञानसेतु के तहत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कर्रा स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में गुरुवार को ज्ञानसेतु कार्यक्रम के तहत अधिगम क्षमता की जानकारी देने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन प्रथम फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में डीसी लोकेश मिश्र ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी और अन्य अधिकारी शामिल हुए। डीसी ने कहा कि शिक्षा एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। हमारे विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के वातावरण के लिए तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ज्ञानसेतु के माध्यम से बच्चों में सीखने की क्षमता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इसकी सफलता में हम सभी एकजुट प्रयास करें, तो सार्थक परिणाम दिखेंगे। बच्चों के निरंतर विकास और सीखने की क्षमता को बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। इस उद्देश्य से कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित रूप से किया जाना है। प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि खूंटी में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर संभावनाओं को लेकर पहल की जा रही है। खूंटी के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने सपनों की उड़ान कार्यक्रम के तहत अपनी सफलता की नई मिशाल कायम की है। यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए वरदान साबित होगा। शिक्षा के लिए जो भी आवश्यक होगा, उसे हर संभव पूर्ण किया जाएगा। तीन महीने के बाद इसकी समीक्षा की जाएगी और इस पर उचित कार्य भी किए जायेंगे। कार्यक्रम में प्रथम फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने छात्रों का असेसमेंट की जानकारी दी। साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में हर संभव मदद करने की बात कही। कार्यशाला के उद्देश्य के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि ने कक्षा छह से आठवीं तक के छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके लिए छात्रों के बेस लाइन असेसमेंट की आवश्यकता है।




**निर्देश : स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर समाहरणालय में बैठक**

# हर नागरिक भारतीय ध्वज संहिता का करे पालन: डीसी

**15 अगस्त को भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित, प्लास्टिक का राष्ट्रीय ध्वज पूर्ण प्रतिबंधित**

आजाद सिपाही संवाददाता




पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी लोकेश मिश्रा।

**खूंटी।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर गुरुवार को डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह इस वर्ष भी कचहरी मैदान में आयोजित किया जायेगा। निर्णय के अनुसार डीसी आवास में सुबह 8.30 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा, जबकि कचहरी मैदान में सुबह 9.00 बजे राष्ट्र ध्वज फहराया जायेगा। समाहरणालय में सुबह 10 बजे, खूंटी नगर पंचायत में 10.25 बजे, जिला परिषद में 10.25 बजे, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में 10.25 बजे, अनुमण्डल कार्यालय में 10.30 बजे और पुलिस लाइन में सुबह 11 बजे झंडोत्तोलन होगा। परेड सुव्यवस्थित ढंग से कराने की जिम्मेवारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दी गई। साथ ही जिले अंतर्गत सभी नए अमृत सरोवरों का नामांकन एवं उद्‌घाटन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कचहरी मैदान में आयोजित होनेवाले परेड में सीआरपीएफ, जिला पुलिस, एसआरबी, महिला पुलिस बल, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं के अलावा डीएवी खूंटी, लोयला उच्च विद्यालय, खूंटी और एसडीए स्कूल की बैंड पार्टी भाग लेगी। समारोह के दिन भीड़ की संभावना के मद्देनजर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए। 15 अगस्त को प्रातः 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का आवागमन वर्जित रहेगा। इसके साथ ही भगत सिंह चौक, सुभाष चौक, दतिया के गांधी चौक सहित जिले व प्रखंडों के विभिन्न स्थानों पर स्थापित मूर्तियों के रंग-रोगन और चौक-चौराहों की साफ-सफाई के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारित करने का संपूर्ण प्रभार खूंटी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संभालेंगे। मंच और मुख्य द्वार पर स्टैटिक दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किये जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इसके लिए एक संचालन समिति का गठन किया गया है। जिसके निर्देशन में कार्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी व कर्मचारी एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को पुरस्कृत किया जाएगा। डीसी ने कहा कि हर व्यक्ति फ्लैग कोड ऑफ इंडिया (भारतीय ध्वज संहिता) का पूर्ण पालन करें। यदि झंडा गंदा या फट गया है, तो उसे किसी एकांत स्थान पर सम्मान पूर्वक नष्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तिरंगे में फूल आदि किसी प्रकार की सामग्री नहीं रखी जाएगी। झंडे के ऊपर कुछ भी बनाना या लिखना कानूनन अपराध है। साथ ही प्लास्टिक के झंडों का उपयोग पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर कचहरी मैदान में चिकित्सा, पेयजल, ट्रैफिक व्यवस्था, अग्निशामक दस्ता, विधि व्यवस्था कायम करने को लेकरत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## सदर अस्पताल में भोजन और साफ-सफाई की व्यवस्था में सुधार हो : अरुण सांगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** यूथ कांग्रेस के खूंटी जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरूण संगा के नेतृत्व में युवा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को नये सिविल सर्जन डॉ एक मांझी से मुलकात की और शुभकामनाएं दी। अरूण संगा ने सिविल सर्जन को बताया कि सदर अस्पताल के मरीजों को दिया जानेवाला खाना काफी खराब है। अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। इस पर डॉ मांझी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही अस्पताल की साफ-सफाई और खाने की गुणवत्ता में सुधार किया जायेगा। सिविल सर्जन ने कहा कि अस्पताल के ब्लड बैंक में खून की कमी है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता ब्लड डोनेशन कैंप के माध्यम से रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग करें। अरूण संगा ने कहा कि बारिश खत्म होने के बाद युवा कांग्रेस की टीम ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करेगी, जिससे ब्लड बैंक में रक्त की कमी को पूरा किया जा सके। इस मौके पर खूंटी जिला उपाध्यक्ष वहा मुंडा, खूंटी विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष एमडी उस्मान खान, 20 सूत्री सदस्य एमडी सोहेल, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, सिद्धार्थ आदि थे।



अरूण संगा ने नये सिविल सर्जन से मिलकर समस्याओं से कराया अवगत।

## डायन का आरोप लगा कर पति ने की पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी थाना क्षेत्र की लांदुप पंचायत के दातरोम बेड़ा टोला गांव में एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी पर डायन का आरोप लगाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान चरिया मुंडाइन (22) के रूप में की गयी है। जानकारी के मुताबिक आरोपित बुधवार की रात कहीं से घर आया और अपनी पत्नी चरिया मुंडाइन पर डायन होने का आरोप लगाते हुए दौली से काटकर उसकी हत्या कर दी। मारंगहादा थाना की पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीणों का कहना है कि चरिया की चार वर्ष की एक बेटी है, अब उसे कौन देखेगा, मां को मारकर पिता जेल चला गया। पुलिस ने गुरुवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया।

## अर्जुन मुंडा के सांसद प्रतिनिधि ने नप के कार्यपालक पदाधिकारी रवि पर लगाया धमकी देने का आरोप

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा के जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने खूंटी नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रवि प्रकाश पर धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि ने डीसी को ज्ञापन सौंपकर कार्यपालक पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है। डीसी को दिये आवेदन में सांसद प्रतिनिधि ने कहा है कि कुछ दिन पहले उन्होंने डीसी से मिलकर जमुवादाग के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों की राशि का भुगतान समय पर नहीं होने और नगर पंचायत क्षेत्र में शहरी पेयजल आपूर्ति योजना में हो रहे विलंब तथा सड़कों को खोद कर बर्बाद करने का आरोप लगाया था। नाराज नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी डीसी से शिकायत की नाराजगी निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी ने उन्हें फोन पर देख लेने की धमकी दी है। इधर, कार्यपालक पदाधिकारी रवि प्रकाश ने ऐसी किसी घटना से साफ इनकार किया है और कहा है कि उन्होंने सांसद प्रतिनिधि को कोई धमकी नहीं दी है।

## प्रशासनिक लापरवाही से तालाब में तब्दील हुई सड़क, नाराज लोगों ने की धानरोपनी



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** रायडीह मोड़ अंतर्गत एनएच-33 से ब्लॉक मोड़ तक पीसीसी पथ उखड़ कर खेत में तब्दील हो गया है। वहां तीन फीट तक पानी जम गया है। यही रास्ता प्रखंड सह अंचल थाना आदि को जोड़ात है। इससे नाराद लोगों ने गुरुवार को उक्त सड़क पर धान रोपनी कर विरोध जताया। इस मौके पर सरमेंद्र मुखर्जी, मंगल पहान, युवराज सिंह, मिथुन साहू, सौरभ मुखर्जी, संतोष नायक, सुमित गुप्ता, विजय साहू, सुनील गुप्ता, रितेश साहू, सागर नायक, अनिल रवानी, कार्तिक रविदास, मो. सलीम, दिलवर हंस, सफ्फुला अंसारी, मोती साहू, संदीप मुंडा, बिट्टू सिंह, वीरेंद्र मिस्त्र आदि किसान शामिल थे।

## युवक ने कीटनाशक खाकर की खुदकुशी

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नीलगिरी टोली में गुरुवार को 32 वर्षीय एक युवक ने कीटनाशक दवा खाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान अमित लायेक के रूप में हुई है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार कीटनाशक दवा खाने की जानकारी मिलने के बाद परिजन अमित को बुंडू अनुमंडल अस्पताल लाए थे जहां से बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। पर अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। शव का पोस्टमार्टम रिम्स अस्पताल में होगा।

## विस चुनाव की तैयारियों में जुटी आजसू पार्टी



**हर पंचायत में हो रहा ग्राम प्रभारी का चयन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** क्षेत्र के टीकर हाटतोला प्रांगण एवं रुगड़ी बाजार प्रांगण में आजसू के केंद्रीय कमेटी के निर्देशानुसार ईचागढ़ प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें टीकर एवं देवलटांड पंचायत के सभी गांवों के ग्राम प्रभारी मनोनित किया गया। आजसू प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर हर पंचायत में ग्राम प्रभारियों का चयन किया जा रहा है। प्रभारियों को बूथ स्तर को मजबूत करने का निर्देश दिया जा रहा है। इस मौके पर आजसू के जिला कार्यकारी अध्यक्ष गुरुपद सोरेन, जिला सचिव मनोरंजन ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष जितुराम महतो, प्रखंड सचिव, समीर गोराई, फकीर प्रमाणिक, बहादुर साव, शिवेश्वर गोराई और गोड़ा गोप आदि थे।

## पांच परगना में फैली आंखों की बीमारी लोग परेशान

**बुंडू (आजाद सिपाही)। इन दिनों पूरे पांच परगना क्षेत्र में आंखों की बीमारी (कंजंक्टिवाइटिस) का प्रकोप छाया हुआ है। पांच परगना क्षेत्र के एक-एक घर में आंख की बीमारी से लोग ग्रस्त हैं। बोलचाल की भाषा में इसे जय बांग्ला भी कहा जाता है। इसमें आंख में सूजन, आंखें लाल होना, आंखों में बालू की तरह मवाद जमना आदि होता है। इस बीमारी को लेकर बुंडू अनुमंडल अस्पताल से बात करने पर बताया गया कि यह बीमारी संक्रमण से भी फैलती है। जो एक दूसरे के संपर्क में आने से इस बीमारी का फैलाव होता है। इसके लिए बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल में सिफलोसिस नामक ड्रॉप आंखों में डाला जाता है। यह बीमारी 4 से 5 दिन तक लोगों को परेशान करती है। डॉक्टर ने कहा कि कंजंक्टिवाइटिस से पीड़ित लोगों से थोड़ी दूरी बनाकर रखें।**

## थम नहीं रहा गजराजों का आतंक, दो गांवों में मचाया उत्पात

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिले के ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शायद ही कोई ऐसी रात गुजरती है, जब गजराज किसी न किसी गांव में हमलाकर घरों को न तोड़ते हों और अनाज तथा फसलों को बर्बाद न करते हों। इस कारण ग्रामीणों में भय व्याप्त है। लोग सूर्यास्त होते ही घरों में दुबक जाने को विवश हैं। बुधवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने कर्रा थाना क्षेत्र की जरियागढ़ पंचायत के सिमटिमड़ा और गोविंदपुर पंचायत के गुस्साटोली गांव में उत्पात मचाया। गुस्स टोली में मंगल बारलाऔर सिमटिमड़ा के इसराइल होरो के घर को हाथियों ने ध्वस्त कर दिया और घर में रखे अनाज को चट कर गए। जंगली हाथियों के उत्पात से डर कर घरवालों ने भाग कर किसी प्रकार अपनी जान बचाई। गुरुवार की सुबह घटना की जानकारी मिलने पर कुछ समाजसेवी सिमटिमड़ा और गुस्साटोली गांव जाकर भारी बारिश में भीग रहे ग्रामीणों के लिए तिरपाल खरीदने के लिए सहयोग राशि दी। जानकारी के अनुसार हाथियों के झुंड ने 22 जुलाई की रात लतरातू में केज निर्माण करने वाले मजदूरों के घरों को तोड़ दिया था। मजदूरों ने पहाड़ में चढ़कर जान बचाई। 30 जुलाई को तोरपा थाना के डेरांग के ग्रामीणों पर गजराजों ने हमला कर दिया था। हाथियो ने रोमिल गुड़िया नामक ग्रामीण को सूंढ से उठाकर पटक दिया था। अभी भी वह अस्पताल में इलाजरत है। इधर, ग्रामीणों ने वन विभाग के धिकारियों को चेतावनी दी है कि वे जंगली हाथियों के आतंक से निजात दिलाने के लिए उपाय नहीं करते हैं तो ग्रामीण वन विभाग का घेराव करने सहित अन आंदोलन करेंगे।

## रेलाडीह गांव का लैंपस कार्यालय वर्षो से बंद खोलने को लेकर बीडीओ को दिया गया ज्ञापन

**बुंडू (आजाद सपिाही)।** प्रखंड स्थित रेलाडीह गांव का लैंपस लिमिटेड कार्यालय कई वर्षों से बंद है। इस लैंप्स लिमिटेड कार्यालय के अंतर्गत सुमानडीह, हुमटा और रेलाडीह के लोग लाभांवित होते थे। कार्यालय में रासायनिक खाद के अलावा खाद्य पदार्थ सामग्री की भी बिक्री होती थी। बुंडू के पूर्व उप प्रमुख दिलीप साहू ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन देकर बंद पड़े कार्यालय को चालू करने की मांग की है। इधर, बुंडू प्रखंड के तैमारा, सारजमडीह, कांची गांव में भी लैंप्स लिमिटेड का कार्यालय संचालित होता था। लेकिन वहां भी कई वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। कार्यालय भवन भी जर्जर हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बंद पड़े कार्यालय को पुनः चालू करने की दिशा में कार्रवाई करने की मांग सरकार से की है।

## युवक ने की खुदकुशी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी थाना क्षेत्र की बारीडीह पंचायत के अनिगड़ा गांव में बुधवार की रात लोहरा पहान के 30 वर्षीय पुत्र सागर पाहन ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लोहरा पाहन ने बताया कि उसके बेटे की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। जब घर के सभी लोग सो गये थे, तभी रस्सी के सहारे उसने फांसी लगा ली। गुरुवार की सुबह जब वह काफी देर तक नहीं उठा, तो दरवाजा खोलने पर घर वालों ने उसे फंदे पर झुलता देख। इसकी सूचना पुलिस को दी गयी।

## लांदुपडीह पंचायत सचिवालय में लगा किसान सहायता शिविर

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** जिला कृषि पदाधिकारी के निर्देशानुसार गुरुवार को प्रखंड के लांदुपडीह पंचायत सचिवालय में किसानों के लिये सहायता शिविर लगाया गया। शिविर में पीएम किसान निधि और झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के लाभुकों का ई केवाईसी कराने के लिए आवश्यक कागजात लिये गये। साथ ही जिनका भूमि पोर्टल पर कागजात अपलोड नहीं हुआ है उन्हें अंचलाधिकारी के नाम सत्यापित कागजात ओर वंशावली के साथ आवेदन देने को कहा गया। इस मौके पर मुखिया अनिता देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रथमी देवी, वार्ड सदस्य भुनेश्वर सोनार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विष्णु खंडित, बीटीएम दीनानाथ भगत, पंचायत सचिव अवधेश कुमार यादव और जनसेवक बाबूलाल आदि थे।

## समाजसेवी के बड़े भाई का निधन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** जाने-माने व्यवसाई एवं समाजसेवी सरफराज अहमद के बड़े भाई मूनाज अहमद (61) का बुधवार की देर रात निधन हो गया। मुनाज एक मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे। वे अपने पीछे एक बेटा और दो बेटियां छोड़ गये हैं।

**कोचे मुंडा के तारांकित प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने दी जानकारी**

## तोरपा विस क्षेत्र में 37 आंगनबाड़ी केंद्रों का नहीं है कोई अपना भवन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के तोरपा, कर्रा और रनिया प्रखंड में 34 आंगनबाड़ी केंद्रों का अपना भवन नहीं है और उनका संचालन किराये के मकान में किया जा रहा है, जबकि 32 केंद्रों का संचालन विद्यालय भवन में और 18 केंद्र सामुदायिक भवन में संचलित किये जा रहे हैं। यह जानकारी विधानसभा में विभाग के मंत्री ने तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा द्वारा विधानसभा में पूछे गये सवाल के जवाब में विभाग के मंत्री ने दी। कोचे मुंडा ने तारांकित प्रश्न के तहत सदन के माध्यम से सरकार से जानना चाहा था कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र के कर्रा, रनिया और तोरपा तथा सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड में कितने आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन हैं और कितने केंद्रों का संचालन किराये का मकान पर हो रहा है। इसके जवाब में विभागीय मंत्री द्वारा बताया गया कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र के कर्रा, रनिया और तोरपा प्रखंड में कुल 262 और सिमडेगा जिले में 135 केंद्र संचालित हैं।बानों प्रखंड के 132 केंद्र अपने भवन में संचालित हैं, जबकि तीन केंद्रों में भवन निर्माण का कार्य जारी है। बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में पूरे राज्य में 5848 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण का प्रस्ताव है। इसके तहत खूंटी जिले के सभी भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्रों में भवन निर्माण कराया जायेगा।



## शहीद सुभाष मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया नमन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मंत्री व खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा के निर्देश पर गुरुवार को दलादली चौक में शहीद सुभाष मुंडा की संकल्प सभा में अड़की सांसद प्रतिनिधि अनुप कुमार साहू भी शामिल हुए। उन्होंने शहीद सुभाष मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

## एनएच-33 पर संचालित बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल में आपातकालीन सेवा अस्थाई रूप से हुई बंद

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अनुमंडलीय अस्पताल अभी दो जगहों पर संचालित हो रहा है। एक राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर और दूसरा बुंडू बाजार स्थित पुराने भवन में संचालित है। बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल के कई चिकित्सक श्रावणी मेले की ड्यूटी और कई चिकित्सक आकस्मिक अवकाश पर चले जाने से अस्पताल में चिकित्सकों की कमी हो गई है। इसे देखते हुए बुंडू उपाधीक्षक डॉ दिलीप पासवान ने बताया कि एनएच स्थित अस्पताल भवन में दो अगस्त से आपातकालीन सेवा बाधित रहेगी। बुंडू बाजार स्थित पुराने भवन में आपातकालीन सेवा बहाल रहेगी।

# खिजरी विधायक ने शहीद जीतराम बेदिया की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने गुरुवार को विधानसभा के मानसून सत्र में शून्यकाल के दौरान गुमनाम स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद जीतराम बेदिया को भी झारखंड के अन्य शहीदों की तरह उनकी जीवनी को स्कूल/कॉलेज के पाठयक्रम में शामिल करने तथा शहीद जीतराम बेदिया स्मारक का निर्माण कराने की मांग सरकार से की।

उन्होंने कहा कि शहीद जीतराम बेदिया एक स्वतंत्रता आंदोलनकारी थे। उन्होंने शहीद शेख भिखारी एवं शहीद उमरांव टिकैत के साथ मिलकर देश की स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। कहा कि शहीद जीतराम बेदिया ऐसे योद्धा थे जिन्होंने अपने नेतृत्व में अत्याचारी अंग्रेजों, उनके दलालों, जमींदारों, साहूकारों और सुदखोर महाजनों के अंतहीन शोषण के खिलाफ आवाज उठायी थी। स्वतंत्रता आंदोलन में उनके संघर्ष और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

विधायक राजेश कच्छप ने झारखण्ड के अन्य शहीदों की तर्ज पर उनकी जीवनी को स्कूल, कॉलेज के पाठयक्रम में शामिल करने, उनके पैतृक गांव ओरमांझी प्रखंड के गगारी गांव को आदर्श ग्राम घोषित करने तथा वहां उनकी एक आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की मांग सरकार से की।

# हर घर नल जल योजना के जागरूकता प्रचार रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



**कांके (आजाद सिपाही)।** जल जीवन मिशन व स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रखंड परिसर से एलइडी युक्त जागरुकता प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रखंड के गांवों में रवाना किया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने बताया कि झारखंड सरकार की योजना है कि हर घर में नल से जल की व्यवस्था की जाए। इसके लिए प्रखंड के विभिन्न गांव में जागरुकता रथ के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीण अपने पंचायत के जलसहिया या मुखिया से मिलकर इस योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी लें। ताकि सरकार की योजना हर घर नल जल को धरातल पर उतारा जा सके। वहीं बीडीओ शिलवंत भट्ट कहा घर-घर स्वच्छ जल नल के द्वारा पहुंचाने की योजना है। ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ जल मिल सके। साथ ही पानी की बबार्दी भी नहीं होगी। यह प्रचार प्रसार वाहन के द्वारा प्रखंड के विभिन्न गांव में जाकर जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के कार्यक्रमों के संदर्भ में जन जन तक योजनाओं की जानकारी प्रदान करने का कार्य करेगा। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष मीना चौधरी, प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उपप्रमुख अंजय बैठा, जिला परिषद सदस्य संजय महतो, हिना परवीन, कांग्रेस नेता जमील अख्तर, कांके दक्षिणी पंचायत के पूर्व सरपंच अख्तर हुसैन, कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, बीएओ एनके दास, सुमन प्रताप गांगुली सहित प्रखंड कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# महिला को गलत नियत से हाथ लगाने और सोने की चेन लूटने को लेकर प्राथमिकी दर्ज

**सिसई (आजाद सिपाही)।** रहमत कोलोनी डोरंडा रांची निवासी शहनाज खातून ने सिसई थाना में आवेदन देकर गलत नियत से हाथ लगाने और सोने की चेन लूटने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपी भदौली निवासी शुभम विश्वकर्मा व छोटेलाल ठठेरा को बनाया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि बुधवार को मैं सिसई रहमत नगर निवासी अपनी छोटी बहन के घर आ रही थी, घर आने से पहले मैं शीशा का सामान लेने एक दुकान विश्वकर्मा प्लाई में रुकी और शीशा का सामान का पैसा देने के लिए पैसा निकालने लगी। इसी दौरान शुभम विश्वकर्मा गलत नियत से मेरे ऊपर हाथ डालने लगा और अभद्र व्यवहार किया। विरोध करने पर हाथापाई करते हुए मेरे सोने की चेन व 35 सौ रुपए छीन लिये। मेरे द्वारा शोर मचाने पर शुभम ने दुकान से निकलकर हल्ला कर आदमी जुटा लिया। मुझे कुछ समझ में नहीं आया और मैं थाना चली आई। उसके साथ में छोटेलाल ठठेरा था, जो पिस्टल निकाल कर हम को दिखाने लगा।

## कार्यक्रम : दिवंगत सुभाष मुंडा की स्मृति में दलादिली में श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा

# कॉ सुभाष की हत्या राजनीतिक दुश्मनों ने की हत्यारों की जल्द हो गिरफ्तारी : वृंदा करात

**सुभाष मुंडा की प्रतिमा का किया गया अनावरण**

**दलादिली का नाम बदल कर रखा गया सुभाष मुंडा चौक**






आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के दलादिली चौक में गुरुवार को कॉमरेड सुभाष मुंडा की स्मृति में श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य रूप से उपस्थित सीपीआईएम के पोलित ब्यूरो सदस्य सह पूर्व सांसद बृंदा करात ने परिवार के साथ दलादिली चौक में स्थापित सुभाष मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के जन जन के नायक उभरता हुआ सामाजिक कार्यकर्ता की नृसंश हत्या से परिवार के साथ-साथ पार्टी और समाज के लिये भी अपूरणीय क्षति है। कॉमरेड सुभाष गरीबों-आदिवासियों के लोकप्रिय नेता थे। जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए वे लगातार संघर्षरत थे। उनकी हत्या राजनीतिक दुश्मनों ने की है। हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस क्षेत्र में लाल झंडा को मजबूत कर के ही सुभाष मुंडा को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। उन्होंने 34 साल के इस छोटे जीवन के सफर में समाज के ऊपर अमिट छाप छोड़ी है, जिसका नतीजा आज यहां देखने को मिल रहा है। मूसलाधार बारिश के बावजूद हजारों की तायदाद में लोग जुटकर मृतात्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। वे नीति और सिद्धांत के पक्के थे। वे हमेशा भूमाफिया के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहे। उनकी सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब अपराधी पकड़े जाएंगे और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी।

मौके पर सुभाष के पिता ललित मुंडा, मां छोटन देवी, पत्नी कृति मुंडा, पुत्र बिरासत मुंडा के साथ राज्य सचिव कॉमरेड प्रकाश विप्लव, रांची जिला सचिव कॉमरेड सुखनाथ लोहरा, पूर्व प्रमुख व राज्य कमेटी सदस्य सुरेश मुंडा, राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय पासवान, समीर दास, प्रफुल लिंडा, केडी सिंह, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, झामुमो के केन्द्रीय सदस्य नन्द किशोर मेहता, जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम, उपाध्यक्ष कलाम आजाद, कांग्रेस पार्टी के अजयनाथ शाहदेव, दयामनी बरला, मधु मंसूरी, आदिवासी सेना के केन्द्रीय अध्यक्ष अजय कच्छप, अमर उरांव, कुशल उरांव, संगम उरांव, सोमनाथ उरांव, चिंतामणि गोप, कृष्णा गोप, कुंदरसी मुंडा, शिवशंकर उरांव, हेमंत गाड़ी, सुशांत उरांव, बिनोद तिर्की सहित कई पार्टी के लोग सहित कई प्रखंडों के हजारों ग्रामीण श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित थे।

# रातू में 13 अगस्त को होगा प्रखंड अंजुमन कमेटी का चुनाव, तैयारियां पूरी

**रातू के विभिन्न मस्जिद कमेटी के 875 सदस्य होंगे वोटर**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** प्रखंड में अंजुमन कमेटी चुनाव की जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। 13 अगस्त को प्रखंड प्रमुख संगीता देवी व उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी की देखरेख में कमेटी का चुनाव कराया जायेगा। प्रशासन को भी इसकी सूचना दे दी गयी है। 13 अगस्त को रातू के ईदगाह टंगरा मदरसा नुरुल उलूम में आयोजित होने वाले इस त्रिवार्षिक चुनाव में रातू प्रखंड अंतर्गत विभिन्न मस्जिदों के सदर, सेक्रेट्री व खजांची समेत करीब 875 सदस्य शामिल होंगे। जो सदर, सेक्रेट्री, खजांची व अन्य पदों के उम्मीदवारों को वोट करेंगे। वोटरों का उम्र 25 साल से 60 वर्ष रखा गया है। वोट के लिए चुनाव कमेटी का भी गठन किया गया है। चुनाव तीन साल के लिये कराया जाएगा। इसके लिए बाकायदा नियम कानून भी बनाये गये हैं। वहीं सदर के लिए 7 हजार, सेकेट्री 6 हजार व उप सदर व उप सेक्रेट्री के लिए 5 हजार तथा खजांची पद के लिए 4 हजार रुपया नामांकन फीस रखा गया है। 5 अगस्त तक नॉमिनेशन, 7 को नाम वापसी व 9 अगस्त को चुनाव चिन्ह के साथ मतदाता पर्ची दिया जायेगा। शांतिपूर्ण तरीके से पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में 13 अगस्त को चुनाव कराया जायेगा। प्रचार प्रसार के दौरान प्रत्याशियों की ओर से वोटरों के बीच रुपये की लेन-देन व प्रलोभन देने की जानकारी होने पर चुनाव कमेटी के द्वारा उक्त उम्मीदवार का नामांकन रद्द कर दिया जायेगा।

**पहले दिन चार लोगों ने किया नामांकन :** प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर पद के लिए नामांकन के पहले दिन चार लोगों ने नामांकन किया है जिसमें फुटकलटोली से दो लोग शाहिद अंसारी व अताउल्लाह अंसारी, सेक्रेट्री के लिए पंडरा से मुंतजिर खान व उप सदर के लिए काठीटांड़ से अंजुम खान ने नामांकन किया है।

# रोज उरांव ने वृद्धा आश्रम में वस्त्र वितरण, भंडारा और चिकित्सा शिविर का किया आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड के सपारोम पंचायत के रोहतास नगर सपारोम के रोज उरांव और मीरा देवी ने अपने माता-पिता स्व. सुकरो उराइन और स्व. सारू उरांव की याद में नगड़ी कुलगू स्थित वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्ध जनों के बीच वस्त्र वितरण, भंडारा और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। मौके पर रोजा उरांव ने वृद्धजनों के बीच साड़ी, लुंगी और गंजी, ओआरएस, मौसमी बुखार सहित अन्य रोगों की दवा वितरण किया। आयुष्मान मंगलम हास्पिटल के निदेशक डॉ शंकर और डॉ पायल चौधरी के निर्देश पर चिकित्सक द्वारा सभी वृद्धजनों का ब्लडप्रेशर और कई निशुल्क जांच सहित निशुल्क दवा वितरण किया गया। मौके पर रोजा उरांव ने जनमानस से कहा कि आप वृद्ध माता-पिता की सेवा करें क्योंकि उन्होंने आपको जन्म से लेकर जवान होने तक आपकी सेवा कर आपका भविष्य को संवारा है और जब वे बुजुर्ग हो जाते हैं तो उन्हें वृद्धा आश्रम में छोड़ देते हैं। यह कैसा न्याय है। आप भले किसी की सेवा करो ना करो, पर अपने मां-बाप की उम्र भर सेवा करें। उन्हें वृद्ध होने पर बोझ ना समझें और ना आश्रम में छोड़ें। क्योंकि इन्होंने अपनी खुशियों का गाल घोंट कर आप का भविष्य को संवारा है। रोजा उरांव ने समाज के नेता और संपन्न लोगों से वृद्धा आश्रम में रह रहे लोगों की सेवा करने का आह्वान किया। मौके पर उन्होंने सभी दंपती के चरण छुए व आशीर्वाद लिया। अंत में सभी वृद्ध जनों ने सामूहिक भोजन का आंनद लिया। मौके पर पंकज सिन्हा, विजय महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# ओरमांझी बीडीओ विजय कुमार सोनी को समारोह आयोजित कर दी गयी विदाई



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी बीडीओ विजय कुमार सोनी की प्रोन्नति के साथ तबादला हो गया है। बीडीओ के उत्कृष्ट कार्य के लिए जनसेवी संस्था प्रगति परिषद ने आरटीसी कॉलेज के विवेकानंद सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया। विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, प्रगति परिषद के उपाध्यक्ष डॉ पारसनाथ महतो, महासचिव प्रो। शैलेन्द्र मिश्र, विधायक प्रतिनिधि प्रो। प्रेमनाथ मुंडा, पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जय गोविन्द साहू, मुंतज़िर अहमद रजा, झामुमो महासचिव कद्दूस अंसारी, जिप सदस्य सरिता देवी, नागरिक विकास परिषद अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने शील्ड, भगवत गीता व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रखंड कार्यालय में भी विदाई सम्मान समारोह का आयोजन कर प्रखंड कार्यालय कर्मियों के द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह के आयोजन में प्रमुख अनुपमा देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, अंचल अधिकारी विजय केरकेट्टा, जिपप, पंसस ललिता मेहता, रश्मि रेखा मुंडा, अनिल कुमार अभ्युदय, मुखिया दीपक बड़ाइक, मुखिया सुनिल उरांव, सभी पंसस, वार्ड सदस्य, भीम मुंडा, आफताब आलम सहित प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

# केसी भगत कॉलेज में नये प्रभारी प्राचार्य का अभाविप कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** करमचंद भगत कालेज के नए प्रभारी प्राचार्य डॉ विंध्याचल राम का गुरुवार को एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मौके पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने नये प्राचार्य से छात्र हित और कालेज के विकास के लिये कार्य करने का आग्रह करते हुए कालेज में बेसिक सुविधाएं बहाल करने की मांग की है। वहीं प्रभारी प्राचार्य ने कालेज की बेहतरी के लिए सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों के साथ मिलकर कालेज को नए मुकाम पर ले जाने का आह्वान करते हुए उनसे सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि कॉलेज में शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार उनकी प्राथमिकता होगी। इस दौरान नये प्राचार्य ने पूर्व प्रचार्य डा राजा अजित कुमार व एबीवीपी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर परिसर में पौधरोपण भी किया। मौके पर रांची विश्वविद्यालय संयोजक शिवेंद्र सौरभ, विभाग सह संयोजक आकाश रक्षित, विक्रम कुमार, रोहन कुमार, सोनम कुमारी, दिवाकर महतो, सतीश कुमार, रीता कुमारी मौजूद थे।

# वर्षा से किसानों को राहत, धान की रोपाई में जुटे किसान



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार व गुरुवार दो दिनों की वर्षा के बाद पानी के अभाव में रोपाई में पिछड़े किसानों के लिए काफी राहत मिली है। किसान वर्षा होने के बाद खेत तैयार कर धान की रोपाई में फिर से जुट गये हैं। प्रखंड मुख्यालय तथा आसपास के क्षेत्र में जगह-जगह धान की रोपनी में किसान जुटे हुए हैं। वहीं खेतों की जोताई व मेढ़बंदी का काम चहुंओर दिखाई देने लगा है। झमाझम बारिश नहीं होने से कृषि कार्य पूरी तरह ठप पड़ा था। हरहंजी के किसान केशव ने बताया कि समय से धान की रोपाई पर ही पूरे वर्ष की खेती निर्भर रहती है। वही वर्षा के बाद अब कृषि कार्य जोर पकड़ लिया है। किसानों में चहल-पहल बढ़ गयी है। किसान कुदाल के साथ खेतों पर अपनी उपस्थिति मौजूद करवा रहे हैं। किसानों का कहना है कि वर्षा अगर इसी तरह होती है तो रोपाई कार्य काफी तेज होने के आसार बन गये हैं।

## कार्यक्रम : दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह सह पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

# ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय ने अपनी अलग पहचान बनायी है : गंगोत्री कुजूर

**बेहतर शिक्षा बच्चों को मिले हमारी पहली प्राथमिकता : राजेश दत्ता**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल में गुरुवार को पत्रकार सम्मान समारोह सह पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर पत्रकारों को भी शॉल ओढ़ाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर गंगोत्री कुजूर ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय सेवा का काम कर रहा है। मात्र सात वर्षों में अपनी मेहनत और लगन के बल पर विद्यालय परिवार बुलंदी को पा चुका है। इतने कम समय में शिक्षा का ऐसा अलख जगाना काबिले तारीफ है। आगे उन्होंने पत्रकारों के कार्यो की प्रशंसा करते हुए चौथे स्तम्भ की निष्पक्ष कार्य को भविष्य में भी बरकरार रखे रहने की बात कही। वहीं मौके पर स्कूल के निदेशक डॉ राजेश दत्ता ने स्कूल की विकास यात्रा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रारंभ के वर्षों में विकास की गति को पकड़ रहा था, तभी कोरोना जैसी महामारी ने विकास की गति को रोक दिया। फिर भी विद्यालय परिवार की लगन और मेहनत से आज स्कूल ऊंचा मुकाम पा चुका है। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि प्लस टू को सीबीएसई से मान्यता मिल चुकी है। साथ ही झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय का सेंटर भी इसे बनाया गया है। इस कोर्स के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे उच्च शिक्षा भी प्राप्त कर सकते हैं। पत्रकारों की ओर से बोलते हुए मोहसिन खान ने कहा कि इस तरह का सम्मान देना गौरव की बात है। विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता को भी सही दिशा में ले जाना और पत्रकारिता में नैतिकता को बचाए रखना हमारा कर्तव्य है। छात्राओं ने गणेश वंदना कर अतिथियों का स्वागत किया। साथ में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। मंच संचालन संगीता सिंह ने किया। इस दौरान सभी अतिथियों ने एक-एक पौधा लगाया और उसे बचाने की जिम्मेदारी ली।

मौके पर भोगेन सोरेन, सचिव अर्चना दत्त, प्राचार्या आरती सिंह, दिवाकर चौबे, उषा सिंह, रंजन सोनी, डॉ. संजय प्रसाद, मोहसिन खान, अल्ताफ अंसारी, रहमतुल्लाह अंसारी, साबीर अंसारी, शमीम अंसारी, आसिफ रजा, ऐनुल अंसारी, रमेश सिंह, जमाल अंसारी, पप्पु तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# उप्रावि में एक शिक्षिका के भरोसे 52 नौनिहालों का भविष्य

**शिक्षा विभाग की लापरवाही एवं उदासीनता के कारण आठ वर्षों से एक ही शिक्षक**

**पहली और दूसरी कक्षा के छात्र जर्जर भवन की फर्श पर बैठने को मजबूर हैं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** सरकार भले ही बच्चों को अच्छी शिक्षा व्यवस्था देने के लाख दाव करे, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी विद्यालयों की हालत दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। प्रखंड में कई ऐसे सरकारी विद्यालय हैं, जहां कहीं पर शिक्षकों की भारी कमी चल रही है, तो कहीं विद्यालय में मूलभूत सुविधाएं भवन, बेंच डेस्क पेयजल व शौचालय जर्जर व बदहाल हैं। इन विषम परिस्थितियों के बावजूद गांव के नौनिहाल अपने भविष्य की नींव गढ़ रहे हैं। प्रखंड के फादिल मर्चा गांव में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में पिछले आठ वर्षों से एक ही पारा शिक्षिका गोरेती केरकेट्टा के भरोसे चल रहा है। इस विद्यालय में 52 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। वहीं पहली व दूसरी कक्षा के छात्र जर्जर भवन की फर्श पर बैठने को मजबूर हैं। ऐसे में एक शिक्षिका ही केजी से पांच तक के कक्षाओं को संभाल रही है। साथ ही मिड डे मिल भी बनवाती है। एक शिक्षक को शिक्षण कार्य के साथ ही विद्यालय के कार्यालयी संबंधित कार्य भी निपटाने होते हैं। जबकि नियमानुसार विद्यालय में कम से कम दो शिक्षक होने चाहिए, लेकिन आठ साल से अधिक का समय बीतने के बाद भी विद्यालय में शिक्षकों की तैनाती नहीं की गई है। ऐसे में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का सपना अधूरा ही नजर आ रहा है। प्राथमिक विद्यालयों में न पढ़ाई का माहौल है और न ही उचित संसाधन। जिस लचर व्यवस्था से पढ़ाई की गाड़ी को खींचा जा रहा है उससे तो यह विद्यालय कभी सही शिक्षा की रफ्तार नहीं पकड़ सकेंगे। इसलिए सरकार को सरकारी विद्यालयों के प्रति अपना नजरिया बदलना होगा तब गरीब बच्चों को सही शिक्षा मिल पायेगी।

इधर शिक्षिका का कहना है कि विद्यालय में एक शिक्षक होने से पढ़ाई के लिए पूरा समय देने में परेशानी होती है। कार्यालयी कार्य भी करने पड़ते हैं। ऐसे में बच्चों को पढ़ाने के लिए कभी-कभी एक्स्ट्रा क्लास लगानी पड़ती है।उन्होंने बताया कि कई बार विभाग को परेशानी से अवगत कराया गया, लेकिन शिक्षक की तैनाती नहीं हो सकी।

### डीसी ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की सभी वार्डनों के साथ की समीक्षा बैठक

# वार्डन सुनिश्चित करें, बालिकाओं की पढ़ाई किसी हाल में बाधित ना हो : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने गुरुवार को जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के सभी वार्डन के साथ बैठक की। उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान डीसी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी वार्डन से प्रतिदिन उनका अटेंडेंस रिपोर्ट लेने का निर्देश दिया। साथ ही विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं यथा शौचालय, बिजली, पानी, बेंच, कुर्सी आदि की व्यवस्था को दुरुस्त रखने की बात कही। डीसी ने कहा कि बालिकाओं की पढ़ाई किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए यह सभी वार्डन को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि या जिला प्रशासन का कोई भी अधिकारी निरीक्षण के लिए जाएं तो भी उस स्थिति में शिक्षिकाएं पढ़ाई को बाधित नहीं करें यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ऐसे परिस्थिति में कक्षा के बाद उनको एंटरटेन किया जाना चाहिए। उन्होंने कक्षा 11 व 12 में अध्ययनरत बालिकाओं की शत-प्रतिशत बालिकाओं की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की बात कही। इस दौरान कई वार्डन ने कहा कि जब बालिकाओं का स्वास्थ्य खराब होता है तो कई बालिकाएं विद्यालय से अपने घर को चली जाती है इस पर डीसी ने मेडिकल टीम से सभी का जांच करवाने पर बल दिया। उन्होंने पाठ्यक्रम को ससमय पूर्ण कराने पर बल दिया।



कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के वार्डन के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

### कस्तूरबा विद्यालयों में ओपन डाउट सेशन कराने का निर्देश

डीसी ने कहा कि आने वाले समय में सभी विद्यालयों में ओपन डाउट सेशन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी बालिकाओं संग संवाद कर पढ़ाई से संबंधित उनके डाउट्स को क्लियर करने का प्रयास करेंगे। इसके लिए उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को समन्वय बनाते हुए कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी वार्डन को विद्यालयों में उच्चतम साफ-सफाई रखने का भी निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने कई अन्य निर्देश दिए। इस मौके पर डीडीसी, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार,जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार व जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल चौधरी समेत अन्य उपस्थित रहे।

## गहमागहमी के बीच संपन्न हुई बीस सूत्री की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**छतरपुर/पलामू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को बीस सूत्री की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह ने की। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को लेकर गहमागहमी रही। वहीं छतरपुर एमओ निर्मल सिंह के खिलाफ कार्रवाई के लिए विभाग एवं सरकार को लिखने का निर्णय लिया गया। ज्ञात हो कि पहले बैठक में निर्मल सिंह द्वारा आम जनता को अनपढ़ गवार एवं दूसरी बैठक में सरकार द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ाने का बयान दिया था । इसकी जानकारी बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने दिया। साथ ही तीसरी बैठक में बिना कारण बताए अनुपस्थित रहने एवं सही रिपोर्टिंग नहीं देने के कारण ऐसा निर्णय लिया गया। खेती बारी का समय रहने के कारण प्रखंड कृषि पदाधिकारी को यह निर्देश दिया गया की वह किसी भी हालत में किसानों को सरकारी मूल्य पर यूरिया दे। इसके लिए कृषि मित्रों को हरेक खाद बीज दुकानों पर नियुक्त करने का आदेश दिया गया है। मनरेगा के तहत वर्ष 2021 से लेकर अब तक के सभी कुओं की जांच कर वस्तु स्थिति बीस दिनों के अंदर अवगत कराने का आदेश दिया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्ध योजना के तहत कुछ ऐसे आवेदक थे जिनकी उम्र आवेदन करते समय 19 वर्ष से कम थी लेकिन सरकार को रिपोर्ट भेजते वक्त 19 वर्ष से अधिक हो गयी। जिससे संबंधित कार्रवाई के लि एसीडीपीओ को आदेश देते हुए भुगतान सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि किसी भी हालत में जनता को सरकार द्वारा दिए जाने वाले सुविधाओं में किसी भ्प्रकार की असुविधा नहीं होने की बात कही। छात्र-छात्राओं को पोशाक का पैसा नहीं दिया जाना अति गंभीर मामला है। इससे संबंधित कार्रवाई से संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। मौके में बीडीओ अशोक कुमार, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार, बीस सूत्री सदस्य, फिरदोस आलम आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेसी नेताओं ने पलामू डीसी शशि रंजन के साथ की शिष्टाचार मुलाकात



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू के नव पदस्थापित डीसी शशि रंजन से कार्यालय में जाकर गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सत्यनारायण सिंह व सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्हें बुके देकर स्वागत किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नए डीसी से क्षेत्र के विकास कार्य में तेजी आने की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समुचित विकास के लिए सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में प्रशासनिक पदाधिकारियों का योगदान महत्वपूर्ण रहता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नए डीसी की सकारात्मक प्रशासनिक व्यवस्था से हुसैनाबाद समेत पलामू जिले का समूचित विकास होगा।

## नहर पर ओपेन पुलिया निर्माण को लेकर किसानों ने दिया छह घंटे धरना

**15 दिनों की मोहलत पर किसानों ने रोका धरना प्रदर्शन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**हरिहरगंज/पलामू।** हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई के मुख्य साधन पर ही पुल की जगह शिवालया ने होम पाइप डालकर उपर से फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कर दी। उक्त बातें गुरुवार को झारखण्ड और बिहार से पहुंचे एक हजार किसानों ने शिवालया के मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन के दौरान कही गई। किसानों ने कहा कि बटाने डेम के लेफ्ट केनाल सरसोत मोड़ के समीप एनएच 98 के नीचे से मुख्य नहर गुजरी है। जिससे बिहार और झारखण्ड के सैकड़ो किसानों की हजारों एकड़ जमीन की सिंचाई होती है। जिस पर पुलिया निर्माण न कर करीब ढाई सौ फीट तक होम पाइप लगा दिया गया, जो भविष्य के लिए ठीक नहीं है। किसानों द्वारा दुबटिया मोड़ के समीप शिवालया कंपनी के मुख्य गेट पर टेंट लगार कर धरना प्रदर्शन किए जाने से करीब छह घंटे कार्य बाधित रहा। वहीं, पुलिस चौकी करती रही। इस दौरान एनएचआई के परियोजना निदेशक मनोज कुमार पांडे ने धरना स्थल पर पहुंच कर किसानों की समस्या को सुना और समाधान के लिए 15 दिनों की मोहलत मांगी। जिसके बाद किसानों ने बेमियादी धरना प्रदर्शन को रोकते हुए ओपेन पुलिया का निर्माण का समाधान नहीं होने पर पुनः बेमियादी धरना प्रदर्शन के साथ सभी कार्य बाधित करने की चेतावनी दी है। वहीं किसानों ने ओपेन पुलिया निर्माण को लेकर परियोजना निदेशक को मांग पत्र शौंपा। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र यादव और संचाल इंजिनियर संजय कुमार यादव की ओर से किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से अंचलाधिकारी बांसुदेव राय, पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, एसआइ नितीश कुमार, अभय आनंद, धुमा किस्कु, रेणुका टुडू, एएसआई संजय कुमार सिंह मौजूद थे। जबकि धरना प्रदर्शन में मुकुंद मिश्रा, राजकुमार मेहता, प्रमोद यादव, सतेंद्र भुइंया, मथुरा रजक, पूनम यादव, नन्हक बैठा, दीपक कुमार यादव, ललेंद्र यादव, अमरेश मेहता सहित हरिहरगंज प्रखण्ड और औरंगाबाद जिले के टंडवा, नबीनगर के करीब एक हजार किसान शामिल थे।

## सावन के महीने में मेहंदी का है अपना पारंपरिक महत्वः एके सिंह

**ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में अंतर सदन मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को छात्रों द्वारा अंतर सदन मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मेंहदी प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ एके सिंह एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। सभी सदन बायरन, इलियट, शेक्सपीयर एवं कीट्स के छात्र तथा छात्राओं ने विषय आधारित मेहंदी कौशल का हाथ पर प्रदर्शन किया। कक्षा पांचवीं से 12वीं तक के छात्रों को दो समूहों में विभाजित किया गया। समूह ए में कक्षा पांचवीं से आठवीं तक और समूह बी में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राएं थी। सभी प्रतिभागियों ने काफी सुंदर और मनमोहक मेंहदी प्रदर्शन किया। जिसके बाद निर्णायक दल ने परिणाम घोषित किया, जिसमें समूह ए में बायरन सदन से वेद परी कक्षा 6ठीं प्रथम, इलियट सदन से सौम्या श्रुति कक्षा आठवीं द्वितीय, रहमत फातिमा कक्षा आठवीं एवं तनु कुमारी कक्षा सातवीं बायरन सदन से संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह प्रकार समूह बी में इलियट सदन से क्रमशः रानी वर्षा कक्षा नवीं प्रथम, जिया तिवारी कक्षा 11वीं द्वितीय में रही। शेक्सपीयर सदन से श्रेया कुमारी कक्षा नवीं, कीट्स सदन से नायशा मुकेश सिंह कक्षा नवीं, जबकि इलियट सदन से समीक्षा सिंह कक्षा दसवीं, संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने सभी छात्रों को अंतर सदन मेहंदी प्रतियोगिता की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सावन महीने में मेहंदी का अपना पारंपरिक महत्व है। मेहंदी के प्रयोग से त्वचा की अनेक बीमारियों का इलाज स्वतः हो जाता है। इसके माध्यम से बालकों में श्रृजन क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने सभी शिक्षकों की सराहना करते हुए विद्यालय के छात्रों को अनुशासन, सदाचार एवं सुविचार की भावना को अपने हृदय में जगाए रखने का संदेश दिया। कहा कि ऐसे कार्यक्रम में भाग लेने से छात्रों की मानसिक क्षमता एवं उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। चाहे नृत्य, खेलकूद हो या अन्य कोई प्रतियोगिता, इससे जीवन में सुख-दुख या उतार-चढ़ाव को सहने की क्षमता में वृद्धि होती है।

## कृषि विभाग की ओर से नुक्कड़ नाटक कर किसानों को किया गया जागरूक



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** लिश्रामपुर कृषि विभाग के आत्मा की ओर से बघमनवा व गुरहा कला पंचायत में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को योजनाओं व फसलों के बारे में जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक का आयोजन मेदिनीनगर के मनीषा कला दल द्वारा किया गया। नुक्कड़ नाटक व गीत कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को अच्छी खेती, मोटे अनाज, श्री अन्न, कृषि ऋण माफी, पीएम किसान, पीएम कुसुम सहित विभाग द्वारा संचालित कई योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। एटीएम शशि रंजन ने बताया कि किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्रामपुर प्रखंड के सभी पंचायतो में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है। इस दनि बघमनवा व गुरहा कला पंचायत में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस मौके पर युवा समाजसेवी मनीष कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## आठ दिन से युवक लापता, थाना में गुमशुदगी का सनहा दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिश्रामपुर/पलामू।** नावा बाजार थाना क्षेत्र के चेचरिया गांव निवासी मनजीत कुमार तिवारी उर्फ गोदन (18) पिछले आठ दिनों से लापता है। परिजनों ने सगे संबंधी सहित सभी संभावित जगहों पर उसकी तलाश की, लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है। इस संबंध में परिजनों ने नावा बाजार थाने में गुमसुदागी का सनहा भी दर्ज कराया है। लापता युवक मंजीत की मां ने बताया कि प्रत्येक दिन वह घर से खाना खाकर ब्रहमोरिया मोड़ चला जाता था। वहीं सारा दिन घूमता रहता था। फिर शाम को वह वापस घर लौट आता था। लेकिन 26 जुलाई को बाहर गया, पर शाम होने के बाद भी वह घर नहीं लौटा। जिसके बाद उसकी तलास शुरू हुई जो आज तक चल रही है। यहां बताते चलें कि लापता युवक मनजीत उर्फ गोदन मानसिक रूप से विक्षिप्त है, लेकिन वह अपना नाम-पता सहित अपने बारे में सब कुछ बताता है। परिजनों से आम लोगों से भी अपील की कि है कि कहीं किसी को उसका सुराग मिले तो जरूर जानकारी दें।



## बीनू प्रसाद गुप्ता का निधन, मेदांता अस्पताल में ली अंतिम सांस



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मेयर प्रतिनिधि सुनील गुप्ता के बड़े भाई बीनू प्रसाद गुप्ता का रांची के मेदांता हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार बेलवाटीका श्मशान घाट में शुक्रवार की सुबह करने का निर्णय लिया गया है। उधर, निधन की खबर सुनकर काफी लोग सुनील गुप्ता के आवास पर पहुंचे और परिजनों से मिलकर सहानुभूति प्रकट की। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि बीनू प्रसाद गुप्ता काफी मृदुभाषी, मिलनसार और सामाजिक व्यक्ति थे। वहीं, प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने भी गहरा दुख प्रकट किया है। चेंबर उपाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, राजदेव उपाध्याय, रंजीत मिश्रा, राकेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, अरविंद अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, निगम के कर्मी, व्यवसाई सह वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, रितेश प्रसाद, आलोक माथुर, निलेश चंद्रा, सुबोध गुप्ता, फिरोजउद्दीन अंसारी आदि ने भी संवेदना प्रकट किया है।

# स्पोर्ट्स




भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने गुरुवार को क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से सन्यास लेने की घोषणा की। बंगाल के खेलमंत्री मनोज तिवारी ने इंस्टाग्राम के जरिए सन्यास लेने की घोषणा की है।

### लिखा : गुडबाय टू द गेम, धोनी की कप्तानी में किया था इंटरनेशनल डेब्यू

## मनोज तिवारी ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से लिया संन्यास

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने गुरुवार को क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया। मनोज तिवारी ने साल 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंटरनेशनल डेब्यू किया था। 37 साल के तिवारी ने टीम इंडिया के लिए अपना आखिरी मैच साल 2015 में खेला था। पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री का पद संभालने वाले तिवारी ने बंगाल को रणजी ट्रॉफी 2022-23 के फाइनल में भी पहुंचाया। मनोज तिवारी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, क्रिकेट के खेल को अलविदा। इस खेल ने मुझे सबकुछ दिया। मेरा मतलब है कि हर एक चीज, जिसका मैंने कभी सपना भी नहीं देखा था, उस समय की शुरूआत से जब मेरी जिंदगी कई चुनौतियों से जूझ रही थी। हमेशा इस खेल का आभारी रहूंगा और भगवान का भी, जिन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया। तिवारी ने आगे लिखा कि इस मौके पर उन लोगों का धन्यवाद करना चाहूंगा, जिन्होंने मेरी क्रिकेट जर्नी में भूमिका निभाई। मेरे बचपन से लेकर आखिरी कोच तक सभी को धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने मेरी क्रिकेट उपलब्धियों में भूमिका निभाई। पिता समान मेरे कोच मानवेंद्र घोष, जो मेरी क्रिकेट यात्रा के पिलर रहे। अगर वो नहीं होते तो मैं क्रिकेट जगत में कहीं नहीं पहुंच पाता। धन्यवाद सर और आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं क्योंकि पिछले कुछ दिनों से आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। मनोज तिवारी ने आगे लिखा, मेरे माता-पिता दोनों का धन्यवाद, जिन्होंने कभी मुझ पर पढ़ाई का दबाव नहीं डाला और क्रिकेट पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया। मेरी पत्नी सुष्मिता रॉय का धन्यवाद, जो मेरी जिंदगी में आने के बाद से हमेशा साथ खड़ी रही। उनके समर्थन के बिना शायद मैं आप इस मुकाम पर नहीं पहुंच पाता, जहां खड़ा हूं।

### मनोज तिवारी का अंतरराष्ट्रीय करियर

मनोज तिवारी ने 2008 में एमएस धोनी की कप्तानी में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था। भारत के लिए तिवारी ने 12 वनडे और तीन टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले। वनडे में उन्होंने 26.09 की औसत से 287 रन बनाए है। जिसमें 1 शतक और एक अर्धशतक शामिल है। वहीं, बंगाल के लिए क्रिकेट खेलने वाले तिवारी ने फर्स्ट क्लास करियर में 141 मैच खेले, जिसमें 29 शतक और 45 अर्धशतकों की मदद से 9908 रन बनाए और 32 विकेट लिए।

## कनाडा में बजा झारखंड पुलिस के जवान का डंका, जीते दो गोल्ड मेडल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड पुलिस के संतोष कुमार बोबेंगा ने दो स्वर्ण पदक जीता है। बोबेंगा ने झारखंड सहित पूरे देश का परचम विश्वपटल पर लहराया है। बता दें कि उन्होंने दोनों स्वर्ण पदक बॉडी बिल्डिंग की प्रतियोगिता में जीते हैं। 28 जुलाई से 6 अगस्त चलने वाले कनाडा के विन्नीपेग शहर में वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2023 का आयोजन हो रहा है।

संतोष कुमार बोबेंगा राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल में कार्यरत हैं और वर्तमान में बोकारो में पदस्थापित हैं। उनकी इस उपलब्धि से झारखंड पुलिस के सड़्रा सिपाही गौरवान्वित हुए हैं। वे संतोष का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार संतोष शुक्रवार को रांची लौट रहे हैं। वह सुबह के 10 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंच जायेंगे।

## युवा समाजसेवी ने अपने खर्च से श्रद्धालुओं को भेजा तीर्थाटन पर



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड के बरिगावां गांव से गुरुवार को कांवरियों का जत्था देवघर बाबा धाम के लिए रवाना हुआ। इसके पूर्व गांव के शिव मंदिर में सभी कांवरियों ने पूजा अर्चना की। इसके बाद कांवरियों ने कुल देवता व ग्राम देवता की पूजा अर्चना करते हुए पूरे पंचायत का भ्रमण किया। इस दौरान भगवान शिव के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। यहां बताते चलें कि युवा समाजसेवी सह पंजरी कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा अपने निजी खर्च से बस के माध्यम से श्रद्धालुओं को तीर्थाटन पर भेजा हैं। तीर्थाटन के दौरान श्रद्धालु और कांवरिया देवघर बाबा धाम सहित कई तीर्थ स्थलों पर जायेंगे। प्रवीण मिश्रा ने रवानगी से पहले कांवरियों और श्रद्धालुओं को भगवा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जिसके बाद वे खुद भी कांवरियों और श्रद्धालुओं के साथ तीर्थाटन के लिए रवाना हुए। उन्होंने कहा कि बाबा भोले नाथ की भक्ति से शक्ति मिलती है। भक्ति से मिले शक्ति का सदुपयोग करते हुए समाज व राष्ट्र का भला करने का प्रयास करना चाहिए। प्रवीन मिश्रा ने कहा कि भगवान भोले से क्षेत्र में अमन शांति के साथ हरियाली और खुशहाली की दुआ मांगेंगे। मौके पर डबल पांडेय, पिंटू पांडेय, विक्की दुबे, दीपक दुबे,यश दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

### सिजुआ एरिया के जीएम अनूप राय ने की रैयतों से वार्ता, आज समाधान निकलने की संभावना

# किसी भी तालाब को भरा नहीं जा रहा, ऐसा करनेवालों पर होगी कार्रवाई : एसडीओ

**तालाब भराई को लेकर दूसरे दिन भी प्रदर्शन, काम प्रभावित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** किसी भी तालाब को भर कर उसका अस्तित्व खत्म नहीं किया जा सकता है। अगर ऐसा हो रहा है तो कार्रवाई होगी। उक्त बातें धनबाद एसडीओ ने कही। वे कनकनी तालाब भरे जाने के पत्रकारों के सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि सीओ को मामले की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। बतातें चलें कि मामला कनकनी के सेंद्रा में स्थित तालाब का है। जहां जमीन को लेकर बीसीसीएल और रैयत अलग-अलग दावे कर रहे हैं। सिजुआ क्षेत्र के कनकनी कोलियरी के सेंद्रा मौजा में तालाब भरने को लेकर उपजे विवाद पर सेंद्रा मौजा की ग्रामीण रैयती महिलाएं विरोध प्रदर्शन भी कर रही है। इस कारण बुधवार से ही आउटसोर्सिंग कंपनी का काम बंद है। बारिश में छाता लेकर महिलाओं ने प्रदर्शन किया। इसके 24 घंटे बाद यानी गुरुवार को बीसीसीएल सिजुआ एरिया के जीएम अनूप राय रैयतों से वार्ता करने पहुंचे। जहां रैयतों ने तालाब का दावा करते हुए जमीन का खतियान भी दिखाए। जीएम ने कागजात देखकर कहा कि इसकी जांच करवाते हैं। तब तक काम चालू करने दिया जाए। हालांकि इस पर रैयतों ने कहा कि 24 घंटे का समय दीजिए। रैयत आपस में बैठक कर शुक्रवार को इसी जगह अपना पक्ष रखेंगे। इस पर जीएम ने कहा अब जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। अगर जमीन रैयतों की साबित हुई तो, बीसीसीएल उस जमीन को खरीदने करने के लिए कदम उठाएगी। हालांकि जीएम ने तालाब भरे जाने के सवाल पर चुप्पी साध ली। गौरतलब हो कि नियमतः तालाब की जमीन बीसीसीएल की हो या रैयतों की, उसके अस्तित्व को मिटाया नहीं जा सकता। तालाब में छठपूजा, दशकर्म, मूर्ति विसर्जन सहित ग्रामीण मछली पालन भी किया करते थे। ग्रामीण रैयत धनबाद डीसी सहित राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्य के मुख्यमंत्री के अलावे संबंधित आला अधिकारियों को लिखित पत्र देकर तीन एकड़ 68 डिसमिल में बने पुराने तालाब को भरने की शिकायत भी कर चुके हैं। रैयतों का दावा है कि जमीन हमारी है। बीसीसीएल और रैयतों के बीच न्यायालय में केस चल रहा है। एक बार बीसीसीएल केस हार गई। अब दोबारा केस किया है। बीसीसीएल एक साजिश के तहत रैयतों का हक मार रहा है। रात में तालाब को भरा जा रहा है। रैयतों का विरोध दिन में होता है, जब रैयत घर चले जाते हैं, तो रात 11 बजे से लेकर तीन बजे सुबह तक तालाब को भरने का काम किया जा रहा है। महिलाओं ने दोषी अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस मौके पर सुगिया देवी, तारणी देवी, द्रौपदी देवी, टूसिया महताईन, कौशल्या देवी, अनिता देवी, तारा देवी रीता देवी, शामिल थी। वहीं जीएम के साथ एजीएम बलदेव महतो, पीओ अनिल सिंह, प्रबंधक गोपाल, एरिया सर्वेयर आशुतोष कुमार, कोलियरी सर्वेयर अभय सिंह, रामअवतार कंपनी के आदित्य सिंह, अंकित सिंह, सुनील सिंह आदि मौजूद थे।



रैयतों से कागजातों की जांच करते सिजुआ एरिया के जीएम अनूप राय व अन्य।

# मरने के बाद भी किसी को दे जायेंगे जीवनदान : शिवनाथ

**महेशलुंडी पंचायत सचिवालय भवन में अंगदान महोत्सव का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** भारतीय अंगदान दिवस के अवसर पर गुरुवार को केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के आदेशा के आलोक में झारखंड सरकार पंचायती राज विभाग के आदेशानुसार महेशलुंडी ग्राम पंचायत सचिवालय भवन में अंगदान महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देकर ऑर्गन ट्रांसप्लांट की मांग को घटाना है। इसके अतिरिक्त इन मामलों में आम जनमानस में जागरूकता को भी बढ़ावा दिया जाना है। कार्यक्रम में मुखिया शिवनाथ साव, पंचायत सचिव बशारत अली और जनसेवक रंजीत कुमार ने लोगों को अंगदान करने के लिए जागरूक किया। मुखिया ने कहा कि मनुष्य की मृत्यु के बाद शरीर मिट्टी के समान हो जाता है। अगर हमारे द्वारा अंग दान किया जाए और लोगों को अंग दान करने के लिऐ जागरूक किया जाए तो मृत्यु के बाद भी हम इस धरती से जाते-जाते किसी को जीवन दान दे जाएंगे। पंचायत स्तर पर अंगदान करने को इच्छुक लोगों को सम्मानित किया जाएगा और अंगदान करने के लिए व्यापक रूप से ग्राम पंचायत में प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही मुखिया शिवनाथ साव ने उपस्थिति ग्रामीणों को अंगदान की प्रतिज्ञा कराई। इस मौके पर वासुदेव दास, देवानंद दस, सागर कुमार, राहुल साव, बजरंगी मंडल, रविंद्र साव, अमेरिका मंडल, अनूप साव, जगदीश दास, कैशर तोहिद, और एसएचजी ग्रुप की महिलाएं उपस्थित थीं।



# कोयला मजदूरों को मिलेगा 23 महीने का एकमुश्त एरियर: कैलाश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** एचएमएस से संबंध कोलफिल्ड मजदूर यूनियन के ढोरी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कैलाश ठाकुर ने बताया कि सीसीएल के कोलकर्मियों को 23 माह का एरियर का भुगतान एकमुस्त किया जाएगा। बताया कि इस बार कोल इंडिया द्वारा एनसीडब्ल्यू 11वां वेतन समझौते के अनुसार यह भुगतान किया जाएगा। 23 माह का एरियर का भुगतान एकमुस्त करने का आदेश कोल इंडिया सहित सीसीएल कंपनी के महाप्रबंधक गौतम बनर्जी ने पत्र प्रेसित किया है। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया के ऑन रोल कर्मियों को सितंबर माह में दिये जाने वाले अगस्त माह के वेतन के साथ 23 माहिनों का एरियर का भी एकमुस्त भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने ये भी पत्र के माध्यम से कहा कि भुगतान सारे वैधानिक कटौती के साथ किया जाये। कैलाश ठाकुर ने कहा कि एरियर का एकमुस्त भुगतान होने से कोयला मजदूरों के परिवार में खुशहाली आएगी। इसके लिए सीएमयू के महामंत्री रघुनंदन राघवन ( एचएमएस ) सहित सभी यूनियन के नेताओं ओर कोल इंडिया प्रबंधन को बधाई दिया है।



# सीटेट पास अभ्यार्थियों को भी नौकरी देने की मांग को लेकर भाजयुमों ने निकाला मशाल जुलूस




**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय नीति, नियोजन नीति और सीटेट पास झारखंडी युवाओं को भी राज्य सरकार शिक्षक बहाली में अवसर। उक्त मांग को लेकर बुधवार की रात भाजयुमो धनबाद ग्रामीण जिला की ओर से जिला अध्यक्ष बंपी चक्रवर्ती की अगुवाई में चिरकुंडा नगर परिषद से शहीद चौक तक मशाल जुलूस निकाला गया। इसमें चिरकुंडा नगर परिषद निर्वतमान अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी, गुड्डू सिंह, राज मिश्रा, मिट्ठू गढयान, विकास उपाध्याय, सुशील चंद्रवंशी, अभिमन्यु कुमार, पवन शर्मा, काशी साव, प्रकाश कुश, बुलन बाउरी, संतोष मिश्रा, सुनील पंडित, पप्पू सिंह, श्रीकांत कुमार, शुभम अग्रवाल, सोनू, चंदन रविदास, सिकंदर, मुदस्सर, एजाज, छोटू आदि उपस्थित थे।

# झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष से विधायक डॉ लंबोदर महतो ने की मुलाकात



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गुरुवार को झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय पासवान से रांची स्थित आवास बोर्ड के कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने आवास बोर्ड के अध्यक्ष को बताया कि गोमिया गवर्नमेंट कॉलोनी में आवास बोर्ड द्वारा एक हजार से अधिक आवास का निर्माण काफी पहले किया गया था। इन आवासों को पहले गोमिया के एक निजी कंपनी के कर्मचारियों को उपलब्ध कराया गया था, लेकिन अब निजी कंपनी द्वारा आवास को छोड़ दिया गया। वर्तमान में सभी आवास जर्जर हालत में हैं। इन आवासों में कुछ लोग भी रहते हैं। वहीं आवास बोर्ड द्वारा इन आवासों में रह रहे लोगों को आवास अपने नाम पर आवंटित कराकर रहने का आदेश निर्गत किया गया है। लेकिन इन आवासों में ऐसे लोग भी रह रहे हैं जो आवास विभाग द्वारा निर्धारित आवंटन राशि देने में असमर्थ हैं। फिर भी कुछ लोग आवंटन करा कर रह रहे हैं। एक वर्ष पूर्व गवर्नमेंट कॉलोनी में रहने वाले लगभग 60 आवासों को विभाग द्वारा खाली करा दिया गया है। उन आवासों में रहनेवाले लोग अभी भी किसी प्रकार भाड़े के मकान व टूटे फूटे घरों में रहने को विवस हैं। कई लोगों को आवास खाली करने का नोटिस भी दिया गया है। जिससे वे काफी परेशान हैं। विधायक ने आवास बोर्ड के अध्यक्ष से कहा कि आवास काफी जर्जर हालत में है और इसकी मरम्मती भी नहीं कराई जा रही है, इसलिए इन आवासों को कम से कम किराया निर्धारित कर लोगों को आवंटन किया जाय। जिससे लोगों को सुविधा मिल सके। इस पर अध्यक्ष ने विधायक को इस बारे में आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# विधायक कुमार जयमंगल ने जल जमाव के देखते हुए करायी बड़े नाले की सफाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत रानीबाग में बारिश के मौसम में जल जमाव की समस्या को देखते हुए बड़ा नाला की सफाई करवायी। इसके लिए फुसरो के समाजसेवी उमेश रवानी के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने विधायक से मिलकर समस्या से अवगत करवाया था। बताया था कि बरसात का अभी प्रारंभिक दौर है और नाला में काफी कचड़ा जमा हो गया है। अगर नाला की सफाई नहीं करायी गई तो समस्या विकट रूप ले सकती है। लोगों की मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक ने नप अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द बड़ा नाला की सफाई कराए जाए। गुरुवार को विधायक के निर्देश पर नगर परिषद द्वारा युद्ध स्तर पर नाला की सफाई जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर शुरू कर दी गई। कई लोगों ने कहा कि कुछ लोग अपने जमीन बताकर नाले के उपर स्लैब डाल दिये है। जिस कारण नाले की सफाई नहीं हो पा रही है। इससे स्थानीय लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवी उमेश रवानी ने कहा कि बड़ा नाला की सफाई कर गंदे पानी की निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। इस अवसर पर मंजूर हुसैन, बुधन सिंह, विकास कुमार, शत्रुघ्न विश्वकर्मा, पंचू यादव, बनारसी यादव, शमशेर, रूपलाल महतो, जगदीश प्रजापति, सोनू वर्मा, शुभम कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## माइंस रेस्क्यू प्रशिक्षण का समापन




**धनसार (आजाद सिपाही)।** माइंस रेस्क्यू स्टेशन में 18 जुलाई से चल रहा रेस्क्यू ट्रेनिंग गुरुवार को समाप्त हो गया। माइंस रेस्क्यू स्टेशन में प्रशिक्षण ले रहे 12 अभ्यर्थी को एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। बतातें चलें कि धनसार माइन्स रेस्क्यू स्टेशन में 18 जुलाई से 3 अगस्त तक 12 लोगों को रेस्क्यू ट्रेनिंग दिया जा रहा था। इसमें टाटा से पांच, सेल से तीन और बीसीसीएल से तीन रेस्क्यू सदस्य शामिल थे। सभी 12 रेस्क्यू ट्रेंड लोगों को रेस्क्यू सुपरिटेंडेट पीआर मुखर्जी ने प्रशस्ति पत्र दिया गया। मौके पर अशोक कुमार, अशोक राम, एसएन घोष, आरडी डे, रंजीत मुखर्जी, प्रदीप उरांव आदि मौजूद थे।

### सीटेट उत्तीर्ण युवाओं को मौका देने की मांग

# झारखंडी युवाओं से छलावा कर रही सरकार : विनोद

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** भाजयुमो बोकारो जिला की ओर से स्थानीय नीति, नियोजन नीति और सीटेट पास झारखंडी युवाओं के नियोजन व राज्य में निरंतर हो रही हत्या-बलात्कार को लेकर जिला समाहरणालय के समीप एकदिवसीय धरना दिया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा ने आरोप लगाया कि राज्य की महागठबंधन सरकार युवाओं को केवल हसीन सपने ही दिखाती है, उसे पूरा नहीं करती है। सरकार युवाओं से छलावा कर रही है। शिक्षक नियुक्ति के नाम पर एक बार पुनः झारखंड सरकार ने राज्य के युवाओं के बड़े तबके को नजर अंदाज किया है। शिक्षक नियुक्ति के लिए सरकार ने विज्ञापन तो निकाला, पर दुर्भाग्य है कि इसमें भी लगभग ढाई लाख प्रशिक्षित एवं सीटेट उत्तीर्ण झारखंडी युवा परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह जाएंगे। 2016 के बाद झारखंड में टेट की परीक्षा नहीं हुई है। वर्तमान में झारखंड के अनगिनत नौजवान बीएड एवं डीएलएड की डिग्री होने के बावजूद शिक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने से वंचित कर दिए गए हैं। वर्ष 2016 के बाद से अब तक झारखंड में शिक्षक पात्रता परीक्षा नहीं ली गई है। सात वर्षों में लगभग ढाई लाख अभ्यर्थी बीएड एवं डीएलएड करने के बाद टेट का इंतजार कर रहे थे। इसमें झारखंड के आदिवासी- मूलवासी युवा अपनी मेधा के बल पर सीटेट उत्तीर्ण हो चुके हैं। वर्तमान में जो 26001 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया का विज्ञापन निकाला गया है इससे स्पष्ट हो चुका है कि राज्य में टेट ना होने के कारण सीटेट उत्तीर्ण करने वाले मेधावी झारखंडी युवाओं को शिक्षक बनने से हेमंत सरकार रोक रही है। जबकि एनसीटीई के प्रावधान के अनुसार यह ढाई लाख झारखंड के बेरोजगार नौजवान शिक्षक बनने के योग्य है। भाजयुमो ने मुख्यमंत्री से मांग की कि अविलंब विज्ञापन में संशोधन कर सीटेट उत्तीर्ण झारखंडी युवाओं को शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने का मौका दें। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री कुलदीप माहथा व धन्यवाद ज्ञापन जितेंद्र गोस्वामी ने किया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित, जिला उपाध्यक्ष कमलेश राय, मुकेश राय, शंकर रजक, मथुर मंडल, अनिल सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ब्रजमोहन दूबे, अविनाश सिंह, विक्की राय, मनोज पांडेय, ममता गोस्वामी, बुलेट सिंह, प्रेम गिरि, कनक कुमार, समर ठाकुर, राघव मिश्र, भानुप्रताप सिंह, विकाश मोदक, निर्भय कुमार, कृष्णा पांडेय, सनी आनंद, आलोक वर्मा, झंटू दे, ललन शर्मा, विशाल गौतम, श्रीकांत राय, सुकोमल पाल, महाराज सिंह चौधरी, अमर चौरसिया, पवन कुमार, अमित कुमार, अर्जुन कुमार, बुद्धेश्वर घोषाल आदि उपस्थित थे।



धरने पर बैठे भाजयुमो नेता-कार्यकर्ता।

## संकल्प महिला समिति ने कुष्ठ रोगियों के बीच बांटा सूखा राशन



**कतरास (आजाद सिपाही)।** अंगारपथरा स्थित कुष्ठ रोगी मोहल्ला में गुरुवार को दीक्षा महिला मंडल के निर्देश पर संकल्प महिला समिति के सदस्यों की ओर से 30 कुष्ठ रोगियों के बीच सामाजिक दायित्व के तहत सुखा राशन चावल, दाल, आलू तेल, मसाले आदि बांटा गया। समिति की उपाध्यक्ष शशि प्रसाद ने कहा कि समिति हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। इस मौके पर संकल्प महिला समिति, कतरास क्षेत्र की उपाध्यक्ष शशि प्रसाद, रेखा कुमार, पिंकी गुप्ता, आशा सांडिल्य, नीलू सिंह, रेणु सिंह, कंचन सिंह, श्रीमती इलियास, फरहीन खान उपस्थित थीं।

## भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने विधायक का पुतला फूंका

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की ओर से बिरसा चौक नया मोड़ में कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी का पुतला दहन किया। भाजपा नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक के बयान से पार्टी की मानसिकता एक बार फिर सामने आ गई है। आदिवासी समाज को कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। कांग्रेसी विधायक ने बाबूलाल मरांडी के साथ संपूर्ण आदिवासी समाज का अपमान किया है। वहीं, भाजपा जिला मंत्री सह अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रभारी जय नारायण मरांडी ने कहा कि विधायक अपना मानसिक संतुलन खो बैठे है। प्रदर्शन करने वालों में गोमिया के पूर्व भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मण नायक, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता शंकर रजक, अनिल मुर्मू, जानकी कोड़ा, रघुनाथ टुडू, रीत वरण सोरेन, अभय कुमार गोलू आदि थे।

# प्रधानाध्यापकों की मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** शैक्षणिक अंचल निरसा-3 के सभी प्राथमिक, नया प्राथमिक, उत्क्रमित, मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक की मासिक गुरु गोष्टी एग्यारकुड प्रखंड स्थित सभागार में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकारकी ने की। उन्होंने निर्देशित किया गया कि विद्यालय में साफ सफाई, शौचालय की सफाई, मध्याह्न भोजन योजना से संबंधित साफ-सफाई, पोषण वाटिका, रसोईया का जॉब कार्ड के लिए आधार, बैंक पासबुक, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र छात्रवृत्ति से संबंधित दस्तावेजों की जांच पर बल दिया। वहीं, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी स्वपन कुमार मंडल ने विद्यालय में आदर्श दिनचर्या का शत-प्रतिशत अनुपालन करने, कार्यालय टेबल पर आदर्श पाठ चर्चा और वार्षिक कैलेंडर रखने, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र प्रखंड में जमा करने, पोषण वाटिका का निर्माण करने, पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाने, नेतरहाट प्रवेश परीक्षा में आवेदन करवाने, बैंक खाता खुलवाने, जवाहर नवोदय विद्यालय में नामांकन के लिए अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं के द्वारा आवेदन करने, परीक्षाफल कक्षा एक से सत्तमतक ई विद्या वाहिनी में अपलोड करने, वैच डेक्स की आवश्यकता वाले विद्यालय को सूची देने, पुस्तक वितरण का ई विद्या वाहिनी में अपलोड करने मध्याह्न भोजन योजना का दैनिक मीनिंग मीनू, बाल विवाह निषेध से संबंधित, ज्ञान सेतु का लक्ष्य शुभम सुबोध का बेसलाइन सर्वे करने, यूनिफार्म के लिए बच्चों का खाता की सूची उपलब्ध कराने, शिशु गणना आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि इन सब विषयों का अनुपालन विद्यालय में करना सुनिश्चित करें। बैठक में बीपीएम पवन महतो, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ निरसा-3 के अध्यक्ष प्रमोद कुमार झा, कन्हैया सिंह, मनसूर रहमान, संदीप सिन्हा, चंदन मिश्रा, कालीचरण कुमार, मो सोहेल, मुराद हुसैन, विनोद कुमार चौधरी, हेना तावेदार मालती, कावेरी मंडल सुनील भगत, उज्जवल झाल, अशोक कुमार मिश्रा, विनीत कुमार मिश्रा, समीर कुमार दास, विष्णु लाल, उत्तम कुमार घाटी, दिलीप पासवान, राजकुमार, साधना रानी पाल, वैजयंती कुमारी, पवन कुमार कर्ण, नंद किशोर महतो, शमशेर अंसारी, कमलेश सिंह, विनोद यादव, प्रमोद कुमार झा, सुशीला सिंह, संजय सिंह आदि उपस्थित थे।



## न्यूज रील्स

### बंगाल में घर पर नहीं रख सकेंगे भारतीय पक्षी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में अब लोग भारतीय प्रजाति के पक्षियों को घर पर नहीं रख पायेंगे। वन विभाग घर में पक्षियों को रखने पर रोक लगाने के लिए अधिसूचना जारी करेगा। विदेशी पक्षियों को रखने के लिए वन विभाग से लाइसेंस लेना पड़ेगा। कोलकाता के मिनी चिड़ियाघर में छह अफ्रीकी शेरों को लाया जायेगा। पश्चिम बंगाल के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोग अब भारतीय प्रजाति के पक्षियों जैसे तोता, कोकैटू, मुनिया आदि को पिंजरे में बंद कर पालतू जानवर के रूप में घर पर नहीं रख पायेंगे।

### 78 साल के बुजुर्ग ने नौवीं में एडमिशन लिया

मिजोरम। पढ़ने की और सीखने की कोई उम्र नहीं होती। यह बात पूर्वी मिजोरम के 78 साल के बुजुर्ग ने सच साबित करके दिखायी है। लालरिंगथारा नाम के एक व्यक्ति ने 9वीं क्लास में एडमिशन लिया। जब वह दूसरी क्लास में थे, तो पिता की मौत हो गयी, जिसके बाद उन्हें पढ़ाई छोड़नी पड़ी। अब वह रोज तीन किमी पैदल चल कर स्कूल जाते हैं और बच्चों के साथ बैठ कर पढ़ते हैं। इसी के साथ न्यू आइकॉन चर्च में गार्ड की नौकरी भी करते हैं।

### अखिलेश के साथ मिशन-2024 पर डिंपल भी

लखनऊ। मैनपुरी सांसद और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल भी 2024 मिशन में जुट गयीं हैं। वह पार्टी कार्यालय में 62 प्रवक्ताओं की बैठक में न सिर्फ शामिल हुईं, बल्कि अपने सुझाव भी दिये। उन्होंने सपा की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह के साथ बात की। मौजूदा सियासी मुद्दों पर मंथन किया।

### तेजस्वी को सीएम बनाने की लालू को चिंता: प्रशांत किशोर

समस्तीपुर। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर इन दिनों जन सुराज पदयात्रा पर हैं। गुरुवार को वह समस्तीपुर के रोसरा प्रखंड क्षेत्र पहुंचे। वहां लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देखिये लालू यादव का लड़का तेजस्वी यादव, 10वीं पास नहीं है और उसको सीएम बनना है। इसकी चिंता लालू को है और वहीं एमए करके आपका लड़का चपरासी नहीं बन पा रहा है, घर में बैठा हुआ है और आपको इसकी चिंता नहीं है। आपने जाति का झंडा उठाया है, आपको धर्म की चिंता है। आपको अपने बच्चों की गरीबी, बेरोजगारी और लाचारी नहीं दिख रही है।

### डॉक्टरों, छात्रों, कर्मचारियों और आम लोगों ने अंगदान की शपथ ली

# एम्स भुवनेश्वर ने उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ 13वां भारतीय अंगदान दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर ने आज 13वां भारतीय अंग दान दिवस (आईओडीडी) उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ मनाया है। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गयी। जिसका उद्देश्य अंग दान और अंग प्रत्यारोपण की आवश्यकता वाले रोगियों पर इसके जीवन-रक्षक प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इस दिन कई संकाय सदस्यों और अन्य कर्मचारियों के साथ-साथ जनता ने अंग दाता बनने का संकल्प लिया, जो इस नेक काम के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस कार्यक्रम में आकर्षक गतिविधियों की एक श्रृंखला शामिल थी, जिसमें नर्सिंग कॉलेज, एम्स भुवनेश्वर के छात्रों द्वारा प्रस्तुत एक माइम शो भी शामिल था, जिसने उपस्थित लोगों के बीच अंग दान के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विचारोत्तेजक प्रदर्शन के माध्यम से, छात्रों ने अंग दाता बनने के महत्व पर प्रकाश डाला और दान प्रक्रिया से जुड़े मिथकों और गलतफहमियों को दूर किया। गतिविधियां शुरू करने के लिए, राष्ट्रीय संस्थान के ओपीडी फोयर में एक विशेष बैठक आयोजित की गयी। जिसमें डॉ. पीआर महापात्रा (ईडी-प्रभारी और डीईएएन अकादमिक), चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डी.के. परिदा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और इसके महत्व और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। अंग दान। डॉ. संजीब भोई (न्यूरोलॉजी), डॉ. आशीष पटनायक (न्यूरोसर्जरी), डॉ. संगीता साहू (ट्रॉमा और इमरजेंसी), डॉ. भागीरथी द्विवेदी (बाल रोग), डॉ. प्रभास रंजन त्रिपाठी (एनाटॉमी) सहित डॉक्टरों की टीम ने मानदंडों पर जोर दिया और मृतक दानदाताओं का महत्व, जो समय की मांग है। बैठक में डॉ. संदीप पांडा (नेफ्रोलॉजी) और डॉ. मनोज दास (यूरोलॉजी) ने एम्स भुवनेश्वर में रीनल ट्रांसप्लांट के बारे में अपने अनुभव साझा किए। नर्सिंग कॉलेज की डॉ. धारित्री स्वैन ने दाताओं को तैयार करने की प्रक्रिया में नर्सिंग देखभाल की भूमिका का उल्लेख किया। डॉ. बी डी पटनायक (सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी) द्वारा समन्वित इस कार्यक्रम में अंग दान को बढ़ावा देने के लिए एक हस्ताक्षर अभियान भी देखा गया। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष विश्वास ने क्षेत्र में अंग दान को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर देते हुए संकाय, कर्मचारियों और छात्रों की उत्साही भागीदारी के प्रति अपनी सराहना व्यक्त की। यहां यह ध्यान दिया जा सकता है कि, एम्स भुवनेश्वर ने अंग प्रत्यारोपण का समर्थन करने के लिए पहले ही महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। संस्थान ने सफलतापूर्वक किडनी प्रत्यारोपण कार्यक्रम शुरू किया है, जिसने अंतिम चरण की किडनी की बीमारी से पीड़ित रोगियों को नई आशा प्रदान की है। इसके अलावा, संस्थान जल्द ही एक मृत अंग दान कार्यक्रम और यकृत प्रत्यारोपण शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह कार्यक्रम निकट भविष्य में शुरू किये जाने वाले मृतक दाता कार्यक्रम को गति प्रदान करेगा।

## एनटीपीसी इआर-टू मुख्यालय में विश्व अंगदान की शपथ



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंग दान के बारे में जागरूकता अभियान के हिस्से के रूप में और अंग दान से जुड़े मिथकों को दूर करने और कर्मचारियों को अंग दान करने के लिए प्रेरित करने के लिए, 3 अगस्त को एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र टू (द्वितीय) में भारतीय अंग दान दिवस मनाया गया। एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र टू के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक श्री पार्थ मजूमदार ने ईआर-क्क मुख्यालय के कर्मचारियों को अंग दान की शपथ दिलाई।

## गृह मंत्री अमित शाह ओड़िशा के दो दिवसीय दौरे पर आज पहुंचेंगे भुवनेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय गृह मंत्री और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह कल ओड़िशा के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। अमित शाह शुक्रवार रात को भुवनेश्वर हबाई अड़े पर पहुंचेंगे। अमित शाह शनिवार सुबह विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके बाद अमित शाह दोपहर में प्रदेश कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से बातचीत करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने बताया कि अमित शाह शाम को दिल्ली लौट जायेंगे।

## अंगदान से मृत्यु के बाद भी आठ लोगों की जान बचायी जा सकती है

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** अपनी 15 साल की लड़की की मौत की पुष्टि हो गयी है, यह जानने के बाद पिता और मां के पैरों के नीचे से भले ही जमीन खिसक गयी लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, बल्कि उस पल में किसी और की जान बचाने का मन बना लिया। उनकी बेटी की मृत्यु के बाद उन्होंने 2 किडनी दान करने का फैसला किया। 17 मई 2022 को इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम अस्पताल में ब्रेन ट्यूमर के कारण ब्रह्मपुर क्षेत्र की इस लड़की की मृत्यु के बाद, उसके दो गुर्दों को हटा दिया गया और अंग दान की प्रक्रिया में सफलतापूर्वक दो अन्य रोगियों के शरीर में प्रत्यारोपित किया गया। भारतीय अंग दान दिवस के अवसर पर गुरुवार को अस्पताल द्वारा आयोजित अंग दान समारोह में लड़की के पिता सपन कुमार बिंधाणी और मां डॉ. सुनीता प्रधान ने इस अनुभव को साझा किया। आईएमएस और सम अस्पताल में भारतीय अंग दान दिवस के अवसर पर आयोजित अंग दान महोत्सव में श्री बिंधाणी और डॉ. प्रधान को अस्पताल द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राज्य अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एसओटीओ) के संयुक्त निदेशक डॉ. विभूति भूषण नायक ने डॉक्टरों और जनता के बीच इसके बारे में जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए अंग दान के महत्व के बारे में बताया। डॉ. नायक ने कहा कि एक मृत व्यक्ति से निकाले गए अंग आठ अन्य व्यक्तियों की जान बचाने में मदद कर सकते हैं। एक जीवित व्यक्ति किडनी, लीवर का एक हिस्सा या त्वचा दान कर सकता है। लेकिन मृत्यु के बाद जो अंग निकाले जा सकते हैं उनमें गुर्दे, यकृत, फेफड़े, छोटी आंत, अग्न्याशय, आंखें, हृदय, त्वचा, हड्डी और ऊतक शामिल हैं, उन्होंने कहा। प्रोफेसर (डॉ.) संघमित्रा मिश्र डीन आईएमएस और सम अस्पताल ने अंग दान के महत्व को रेखांकित किया और लोगों से जरूरत पड़ने पर इस पर विचार करने का आग्रह किया। चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर पुष्पराज सामंतसिंहार ने कहा कि अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी शुरू करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर सुबह अस्पताल द्वारा एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया।

# एनटीपीसी को मिला उत्तरी धादु (पूर्व) कोयला ब्लॉक

आजाद सिपाही संवाददाता

एन टी पी सी खनन
NML
NTPC Mining Limited

**रांची/भुवनेश्वर।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) ने कोयला मंत्रालय द्वारा हाल ही में संपन्न कोयला ब्लॉक नीलामी में उत्तरी धादु (पूर्व) कोयला ब्लॉक के लिए बोली जीती। कठोर प्रयासों और रणनीतिक योजना के बाद, एनएमएल ने झारखंड में उत्तरी धादु (पूर्व) कोयला ब्लॉक से कोयला विकसित करने और निकालने का अधिकार सुरक्षित कर लिया है, जिसमें 439 मिलियन टन का भंडार है और अधिकतम क्षमता 4 मिलियन टन प्रति वर्ष है। यह एनएमएल की पहली व्यावसायिक कोयला खदान होगी. यह सफल बोली एनएमएल के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, और एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, एनएमएल यह सुनिश्चित करेगा कि सभी खनन गतिविधियां उच्चतम सुरक्षा और स्थिरता मानकों का पालन करते हुए, पर्यावरण की देखभाल के साथ की जाएं। कोयला ब्लॉक नीलामी में सफल बोली, एनटीपीसी की मजबूत दृष्टि, दृढ़ता और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# वेदांत एल्युमीनियम की शुभलक्ष्मी कोऑपरेटिव ने महिला उद्यमियों के लिए झाड़ू बनाने का प्रशिक्षण लांच किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने प्रोजेक्ट सुभलक्ष्मी उद्योगिनी के तहत पेश किए गए कई उद्यमिता विकास अवसरों के एक हिस्से के रूप में झाड़ू बनाने की पहल शुरू करने के लिए प्रसिद्ध भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) के साथ साझेदारी की है। वेदांत एल्युमीनियम द्वारा समर्थित भारत की सबसे बड़ी ग्रामीण महिला सहकारी समितियों में से एक, सुभलक्ष्मी सहकारी का दूसरा चरण। उद्यम का उद्घाटन झारसुगुड़ा के किरमिरा ब्लॉक के चेलियापाड़ा गांव में, किरमिरा ब्लॉक की ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णप्रिया साहू और शुभलक्ष्मी सहकारी बोर्ड के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। इसका उद्घाटन कोलाबीरा ग्राम पंचायत के तराईकेला गांव में ग्राम सरपंच चेतनिया नाइ की उपस्थिति में किया गया। झाड़ू बनाने वाले उद्यम में किरमिरा और कोलाबिरा ब्लॉक के 15 गांवों की 100 से अधिक महिलाएं प्राकृतिक रूप से उगने वाली झाड़ू घास को इकट्ठा करने और उसके बाद पर्यावरण के अनुकूल झाड़ू बनाने में शामिल होंगी। उद्यम की योजना अगले छह महीनों में प्रति माह लगभग 12,000 झाड़ू बनाने की है। जिसके बाद उत्पादन को और बढ़ाया जायेगा। झाड़ूओं को सुभलक्ष्मी सहकारी के सदस्यों द्वारा प्रबंधित झाड़ू संग्रह केंद्र में जमा किया जाएगा, जिसके माध्यम से झाड़ू को बिक्री के लिए थोक विक्रेताओं को वितरित किया जाएगा। सहकारी सदस्यों की उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करते हुए, श्री सुनील गुप्ता, सीओओ, वेदांता लिमिटेड - एल्युमीनियम बिजनेस ने कहा, शुभलक्ष्मी सहकारी समिति कॉर्पोरेट और सामुदायिक सहयोग के सकारात्मक परिणामों के लिए एक उल्लेखनीय प्रमाण है, जो वास्तविक सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देती है। ग्रामीण महिलाएं. वेदांता एल्युमीनियम में हम उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



















VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**